निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र सौंपते सीएम हेमंत सोरेन

● बोकारो, शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 ● वर्ष : 09 ● अंक : 117 ● पृष्ठ : 12 ● मुल्य : 3.00 रू. ● RNI No.:JHAHIN2017/72655 ● बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में उनकी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। नियुक्तियों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह तथा झारखंड पर्यटन एवं टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो और वेबसाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 19 अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अब सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त




अभ्यर्थी पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। सीएम ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीण इलाकों से लगातार हो रहे पलायन और बढ़ती शहरी आबादी को देखते हुए शहरों का व्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास आज की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर शहर अनियोजित तरीके से बढ़ते हैं तो कई गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी, जिनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने झारखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर पर भी जोर

## 19 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र, पर्यटन को मिली नई पहचान

दिया। उन्होंने कहा कि कुदरत ने इस राज्य को खनिज संपदा के साथ-साथ अपार प्राकृतिक सौंदर्य का उपहार दिया है। पर्यटन क्षेत्र में यहां असीम संभावनाएं हैं, लेकिन अब तक यह क्षेत्र अपेक्षित विकास से वंचित रहा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार झारखंड के सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक वैभव को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर पर्यटन विभाग से जुड़े लोगो और वेबसाइट का अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन माध्यमों से झारखंड के खूबसूरत पर्यटक स्थलों को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा सकेगा और सैलानियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय उत्पादों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसका सीधा लाभ सुदूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक दल प्रबंधन प्रणाली (सीटीएमएस) एप्लीकेशन का भी शुभारंभ किया गया, जिसके जरिए राज्य के कलाकारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। साथ ही होटल प्रबंधन संस्थान, बॉम्बे, रांची द्वारा तैयार झारखंडी व्यंजनों पर आधारित पुस्तक "सेवरिंग झारखंड" का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और पर्यटन सचिव मनोज कुमार उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता सिर्फ रोजगार और बुनियादी सुविधाएं देना नहीं, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में झारखंड पर्यटन और शहरी विकास दोनों ही क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छुएगा और राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

# बिहार को मिला 8000 करोड़ का विकास पैकेज : दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार को विकास की दिशा में दो बड़े तोहफे दिए हैं। इनमें सड़क निर्माण के लिए 4447 करोड़ रुपये की स्वीकृति और 177 किलोमीटर लंबे डबल लेन रेलवे ट्रैक की सौगात शामिल है। जायसवाल ने बताया कि इन दोनों परियोजनाओं पर करीब 8000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़क और रेल नेटवर्क के विस्तार से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मिलकर बिहार को विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इन योजनाओं से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और विकास की गति तेज होगी। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की मोदी सरकार लगातार बिहार के हित में काम कर रही है और बड़े प्रोजेक्ट धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे केंद्र और राज्य सरकार के विकास प्रयासों का समर्थन करें, ताकि यह सिलसिला निरंतर जारी रह सके। जायसवाल ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया आएंगे और बिहार को रेल का एक और बड़ा उपहार देंगे। उनका यह दौरा उत्तर बिहार और सीमांचल क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करने वाला साबित होगा।

# राइफल साफ करते समय ट्रिगर दबा, हवलदार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा**। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। गुवा थाना में तैनात 52 वर्षीय हवलदार बारगी उरांव की पुलिस बैरक में इंसास राइफल की सफाई के दौरान गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सफाई के वक्त गलती से ट्रिगर दब गया और निकली गोली सीधे उनके सिर में जा लगी। गंभीर रूप से घायल हवलदार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बारगी उरांव मूल रूप से गुमला जिले के घाघरा प्रखंड के कोहीपाट जाम टोली के निवासी थे। घटना के समय वह अपने बैरक में अकेले मौजूद थे और राइफल पूरी तरह लोडेड थी। माना जा रहा है कि या तो उन्हें हथियार के लोडेड होने का अंदेशा नहीं था या फिर उन्होंने इसे नज़रअंदाज कर दिया। लेकिन एक छोटी सी लापरवाही ने उनकी जान ले ली। हादसे के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। हालांकि, घटना को लेकर संबंधित अधिकारी फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं और आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सहकर्मी जवानों ने इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# पितृपक्ष में आस्था का केंद्र बना देवघर का शिवगंगा सरोवर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर**। पितृपक्ष के अवसर पर बाबा नगरी देवघर श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। 7 सितंबर को शुक्ल पक्ष पूर्णिमा से आरंभ हुए इस 16 दिवसीय कालखंड में देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। वे शिवगंगा सरोवर में स्नान कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण कर रहे हैं। बैद्यनाथ धाम के पंडा पुत्तो बाबा ने बताया कि झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल, ओडिशा और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग देवघर पहुंचते हैं। मान्यता है कि शिवगंगा, जिसे 'छोटी गंगा' भी कहा जाता है, में स्नान कर काले तिल, जौ और जल से तर्पण करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है और परिवार पर भोलेनाथ का



आशीर्वाद बना रहता है। पंडा मुकेश मिश्रा के अनुसार पितृपक्ष में पिंडदान करने वाले लोग एक माह तक मांसाहार का सेवन नहीं करते। धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान पितरों का आगमन पृथ्वी पर होता है और उनके वंशजों द्वारा किए गए पिंडदान से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि जो लोग गयाजी या काशी नहीं जा पाते, वे सच्ची आस्था से देवघर में पिंडदान कर पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि शिवगंगा का इतिहास बैद्यनाथ धाम मंदिर जितना ही प्राचीन माना जाता है। यही कारण है कि पितृपक्ष के दौरान देवघर में धार्मिक अनुष्ठानों और श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा शहर आस्था और भक्ति में डूबा रहता है।

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी को राहत, 10 साल पुराने केस में बरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी को गुरुवार को बड़ी राहत मिली। दुमका स्थित सांसद-विधायक की विशेष अदालत ने किरायेदार से मकान खाली कराने से जुड़े करीब दस साल पुराने मामले में दोनों समेत तीन लोगों को बाइज्जत बरी कर दिया। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह एमपी-एमएलए विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहित चौधरी की अदालत में परिवाद वाद (पीसीआर) संख्या 110/2022 पर सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सुलह-समझौते और साक्ष्य के अभाव में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और सत्तार करम को रिहा करने का फैसला सुनाया। अधिवक्ता मोहम्मद राजा खान ने बचाव पक्ष की ओर से पैरवी की। जानकारी के अनुसार, देवघर जिले के मधुपुर निवासी मो. मकबुल हुसैन ने 2015 में किराए का मकान खाली कराने को लेकर इन तीनों के खिलाफ परिवाद वाद दायर किया था। मामला वर्षों तक मधुपुर न्यायालय में लंबित रहने के बाद 2022 में दुमका की विशेष अदालत को स्थानांतरित किया गया। फैसला सुनाए जाने के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। उन्होंने कहा, "मेरे पिता, जिन्होंने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में बड़ी कुर्बानी दी, उन्हें भी इस मामले में घसीटा गया। लेकिन आज सच सामने आया और न्यायालय ने हमें बाइज्जत बरी कर दिया। यह सत्य और न्याय की जीत है।"

# आत्मसमर्पण के बाद भी सक्रिय जेजेएमपी उग्रवादी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा**। जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसएसबी को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में जेजेएमपी का कुख्यात उग्रवादी कलेश्वर खेरवार गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, कलेश्वर खेरवार ने वर्ष 2017 में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इसके बावजूद वह दुबारा नक्सली गतिविधियों में सक्रिय हो गया और जेजेएमपी संगठन से जुड़ गया। जून 2025 में पेशरार थाना क्षेत्र में पुलिस और जेजेएमपी उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में भी उसकी संलिप्तता सामने आई थी। तभी से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसे सदर थाना क्षेत्र के ब्रह्मण्डीहा स्थित घर से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से




एक स्मार्टफोन, चार सिम कार्ड, एक डायरी और संगठन से संबंधित पर्चा बरामद किया। एसडीपीओ वेदांत शंकर ने बताया कि कलेश्वर खेरवार से संगठन के अन्य सदस्यों और गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई और तेज कर दी गई है। गिरफ्तार नक्सली को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस को उसकी तलाश लंबे समय से थी। उसकी गिरफ्तारी से सुरक्षाबलों को बड़ी राहत मिली है और क्षेत्र में नक्सली नेटवर्क पर असर पड़ने की उम्मीद है।

## लोहरदगा में पुलिस की बड़ी सफलता

# फर्जी एसीबी अधिकारी बनकर कर रहे थे वसूली, पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग**। खुद को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) का अधिकारी बताकर ग्रामीणों और दुकानदारों से पैसे वसूलने वाले चार आरोपितों को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से डुप्लीकेट आईकार्ड, चार जोड़ी जूते और एसीबी का बोर्ड लगी गाड़ी जब्त की है। यह जानकारी एडिशनल एसपी अमित आनंद ने दी। गिरफ्तार आरोपितों में हजारीबाग के खिरगांव निवासी नंदुवीर राम, बोकारो जिला के गोमिया थाना क्षेत्र निवासी महेश कुमार पासवान, चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी निवासी अयोध्या नारायण पासवान और हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिलवार निवासी




धनेश्वर राम शामिल हैं। एडिशनल एसपी अमित आनंद ने बताया कि 9 सितंबर 2025 की शाम चारों आरोपी कटकमसांडी थाना क्षेत्र के ग्राम डांटो खुर्द में चार पहिया वाहन में सवार होकर दो मेडिकल स्टोर में लाइसेंस चेक और छापेमारी का बहाना बनाकर दुकानदारों से 10-10 हजार रुपये की वसूली कर रहे थे। आरोपियों ने फॉर्मल कपड़े पहन रखे थे, गले में नकली आईडी कार्ड और पैरों में लाल जूते थे, साथ ही गाड़ी पर एसीबी का बोर्ड भी लगा हुआ था। ग्रामीणों को शक होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चारपहिया वाहन, फर्जी बोर्ड, चार नकली आईडी कार्ड, चार जोड़ी जूते, एक मुहर और 2,500 रुपये नगद बरामद किए। पूछताछ में आरोपितों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

# सियाचिन में शहीद हुए अग्निवीर नीरज चौधरी को देवघर में दी गई अंतिम विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर**। लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर पर देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव कजरा (मधुपुर) पहुंचा। तिरंगे में लिपटे वीर सपूत को देखकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में गम और गर्व का मिश्रित माहौल छा गया। जैसे ही नीरज का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, गलियों और चौहारों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों लोग शहीद के अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे। इस दौरान "भारत माता की जय" और "नीरज भैया अमर रहें" के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। परिवारजन और ग्रामीणों की आंखें नम थीं, मगर हर किसी के चेहरे पर अपने लाल के शौर्य पर गर्व झलक रहा था। शवयात्रा के दौरान जब पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया, तो माहौल भावुक हो उठा। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे गांव ने अपने वीर सपूत को कंधा दिया और राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शहीद के अंतिम संस्कार में एसडीओ, एसडीपीओ, अंचलाधिकारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने शहीद को श्रद्धापूर्वक नमन किया। श्रद्धांजलि देने वालों में मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन, विधायक चुन्ना सिंह, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, पूर्व विधायक राज पलिवार सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। पंजाब और झारखंड रेजिमेंट के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने भी सैन्य परंपरा के अनुसार शहीद को अंतिम सलामी दी। गांववासियों ने कहा कि नीरज चौधरी की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, उनका नाम हमेशा इतिहास के पन्नों में अमर रहेगा।

# बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा में अयोग्य नियुक्ति पर हाईकोर्ट का सख्त रुख, शिक्षा विभाग से मांगा जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। पटना हाईकोर्ट ने बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा में कंप्यूटर साइंस विषय के तहत अयोग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति मामले पर गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने शिक्षा विभाग से तीन सप्ताह के भीतर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र नारायण ने बताया कि विज्ञापन संख्या 26/2023 के अनुसार केवल वही उम्मीदवार पात्र थे जिन्होंने निर्धारित तिथि तक एसटीईटी/टीईटी पास किया था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में अयोग्य उम्मीदवारों को शामिल कर अस्थायी नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि विभागीय मिलीभगत से यह गड़बड़ी हुई और अब तक संशोधित मेधा सूची जारी नहीं की गई, जिससे योग्य उम्मीदवारों का नुकसान हुआ। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि राज्य सरकार और बीपीएससी ने अपने पूर्व हलफनामे में भी माना था कि अयोग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति गलत है। अब शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को हलफनामा दाखिल कर स्थिति स्पष्ट करनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर 2025 को होगी।

**पी.बी. बजानथ्री पटना हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बने**

सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने पटना हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस पी.बी. बजानथ्री को नियमित चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त करने के लिए केंद्र सरकार से अनुशंसा की है। पी.बी. बजानथ्री को हाल ही में चीफ जस्टिस बिपुल एम. पंचोली के सुप्रीम कोर्ट जज बनने के बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने 2003 की मतदाता सूची जनता के लिए उपलब्ध कराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने वर्ष 2003 में हुए विशेष पुनरीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची की कॉपी जनता के लिए उपलब्ध करा दी है। इस सूची को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूप में देखा जा सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर आम लोग ऑनलाइन जाकर 2003 की मतदाता सूची देख सकते हैं। साथ ही, राज्य के प्रत्येक बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालयों में 18 सितंबर 2025 से प्रिंट कॉपी भी उपलब्ध रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने नाम को मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। जो मतदाता रोजगार या अन्य कारणों से राज्य के बाहर रहते हैं और वहां की मतदाता सूची में जुड़े हैं, वे संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर अपनी जानकारी देख सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे।

# बिहार को 11500 करोड़ की आर्थिक मदद देगी केन्द्र सरकार : सीआर पाटिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। केन्द्र सरकार बिहार को बाढ़ से निपटने और बेहतर सिचाई सुविधा के लिए 11500 करोड़ की आर्थिक मदद देगा। गुरुवार को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने इसको लेकर बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी व विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल के साथ-साथ आला अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने कोसी-मेची नदी जोड़ योजना स्थल के साथ पश्चिमी कोसी नहर और बागमती नदी के तटबंध का हवाई सर्वेक्षण किया। उनके साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी के अलावा विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। श्री पाटिल बिहार की केन्द्रीय मदद से जुड़ी योजनाओं का हवाई सर्वेक्षण के लिए गुरुवार को पटना पहुंचे। वीरपुर रवाना होने के पहले उन्होंने पटना हवाई अड्डे पर बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री ने बाढ़ नियंत्रण एवं जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित चल रही परियोजनाओं की प्रगति का हवाई सर्वेक्षण किया। भारत सरकार ने इसके लिए 11500 करोड़ के बजट का आवंटन किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना से बाढ़ नियंत्रण तो होगा ही, सिंचाई परियोजना से बिहार के लाखों किसान लाभान्वित होंगे। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार की कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना त्वरित सिचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने को मंजूरी दी थी। परियोजना की अनुमानित लागत 6282.32 करोड़ है। इसमें बिहार को 3652.56 करोड़ की केंद्रीय सहायता भी शामिल है। कोसी-मेची अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजना के तहत कोसी नदी के अधिशेष जल को महानंदा बेसिन में पहुंचाकर चार जिलों अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार में सिचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# पितृपक्ष में तर्पण करने के बाद घर से निकले दंपति की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो**। पितृपक्ष में तर्पण करने के बाद घर से निकले दंपती की सड़क हादसे में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। यह हादसा बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र के गोविंद मार्केट के पास हुआ। मृतकों में संजीव कुमार और उनकी पत्नी शामिल हैं। परिजनों के अनुसार, दंपती घर से तर्पण कर बाजार जा रहे थे, तभी उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर बोकारो उपायुक्त को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। परिजनों का आरोप है कि यह सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों द्वारा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने ब्रेक नहीं लगाया और दोनों पर वाहन चढ़ा दिया। स्थानीय लोगों ने ट्रक खलासी के साथ मारपीट भी की, जिसे पुलिस ने संभालकर रोक दिया। परिजनों ने कहा कि बीते वर्षों में सड़क चौड़ीकरण नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# 'खेलो झारखंड' और राष्ट्रीय स्कूली खेल की तैयारियां जोरों पर

**रांची/नबिटा ब्यूरो**। झारखंड में जल्द ही 'खेलो झारखंड' और 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस बड़े आयोजन की तैयारियों को लेकर रांची स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने की। बैठक में झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारी और 26 खेल संघों के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक का मुख्य विषय खेलो झारखंड का सफल आयोजन और राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के पांच खेलों की मेजबानी सुनिश्चित करना रहा। राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से खेलो झारखंड सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है और इसमें खेल संघों का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी सभी मिलकर राज्य को खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाई प्रदान करेंगे।

# पांच विदेशी नागरिक गिरफ्तार, बिना दस्तावेज भारत में घुसने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया/जोगबनी**। भारत-नेपाल सीमा पर गुरुवार सुबह नेपाल सशस्त्र पुलिस बल ने पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। ये सभी संदिग्ध रूप से नेपाल से भारत की ओर आ रहे थे। मामला नेपाल के मोरंग जिले स्थित रानी-जोगबनी सीमा चौकी का है। जानकारी के अनुसार, सशस्त्र पुलिस बल नेपाल (एपीएफ) की टीम ने सुबह करीब 6 बजे सीमा जांच के दौरान इन विदेशी नागरिकों को रोका। संदेह होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने खुद को तीसरे देश का नागरिक बताया, लेकिन कोई वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें रानी स्थित क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय को सौंप दिया गया। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार व्यक्तियों में बोलीविया के 30 वर्षीय मिगुएल इम्बीसी, उत्तरी सूडान के 30 वर्षीय स्मान हमातदेउराही, मोरक्को के 28 वर्षीय मोहम्मद ब्राहिम अहमद, कनाडा के 30 वर्षीय मोहम्मद धापल और 28 वर्षीय मोहम्मद माजुप शामिल हैं। फिलहाल नेपाल पुलिस इनकी विस्तृत पूछताछ कर रही है और इनके भारत में प्रवेश के उद्देश्य की जांच की जा रही है।

# हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई : चौपारण के दो होटलों में छापेमारी, होटल संचालक गिरफ्तार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** हजारीबाग पुलिस ने बुधवार शाम चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बरही) अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद जीटी रोड और शहरी इलाके के कई होटलों में दबिश दी गई।

छापामारी के क्रम में चतरा-ईटखोरी रोड स्थित होटल स्वर्ण पैलेस और होटल परिजात रेजेन्सी से एक-एक युवक-युवती को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। पुलिस जांच में यह सामने आया कि दोनों होटलों के रजिस्टर में पकड़े गए आगंतुकों का कोई विवरण दर्ज नहीं था और होटल संचालक



संतोषजनक जवाब देने में नाकाम रहे।

पुलिस ने होटल स्वर्ण पैलेस से एक उपयोग किया हुआ तथा दो बिना उपयोग किया हुआ कंडोम और आगंतुक रजिस्टर जब्त किया। वहीं, होटल परिजात रेजेन्सी से दो बिना उपयोग किए हुए कंडोम और रजिस्टर बरामद किए गए। मामले में होटल स्वर्ण पैलेस के मालिक राजबल्लभ सिंह (पिता स्व. रामाधीन सिंह, निवासी रानीक, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग) और होटल परिजात रेजेन्सी के संचालक विवेक कुमार पासवान (पिता विजय राम, निवासी बहेराडीह, थाना जयनगर, जिला कोडरमा) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। छापामारी दल में डीएसपी (बरही) अजीत कुमार विमल, बरही अंचल के पु.नि. चन्द्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पु.अ.नि. सरोज सिंह चौधरी, पु.अ.नि. रबि रंजन, स.अ.नि. बादल कुमार महतो, महिला चौकीदार रिया कुमारी और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने पकड़े गए युवक-युवतियों को आवश्यक पूछताछ के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कहा—'क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। होटलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।' यह घटना बुधवार देर शाम की है। जांच-पड़ताल के बाद गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी की गई।

# उपायुक्त ने बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया पुरस्कृत

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में इस वर्ष 12वीं सीबीएसई और जैक बोर्ड की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने झारखंड बोर्ड परीक्षा में स्टेट टॉपर 3आरडी रैंक, 12वीं, आर्ट्स 93.2% कुमारी रितंभरा को एक लाख रुपए का चेक, एक मोबाइल फोन, लैपटॉप और बैग के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं में सेकंड टॉपर आर्ट्स, 95.4% श्रेया पाण्डेय एवं लक्ष्मी कुमारी, थर्ड टॉपर आर्ट्स, 94.6% को लैपटॉप और बैग के साथ प्रशस्ति प्रदान



किया उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने राज्य स्तरीय टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया जिला प्रशासन की ओर से आज आयोजित सम्मान समारोह में जैक एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के पश्चात उपायुक्त ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी सफलता पूरे राज्य और जिले के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# चुरचू में कोयला माफिया का तांडव, नेताओं व अफसरों की मिलीभगत से फल-फूल रहा अवैध कारोबार

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत इंदिरा जोराकत इन दिनों अवैध कोयला कारोबार का गढ़ बन चुका है। यहां खुलेआम ट्रक और ट्रैक्टरों से कोयला ढोया जा रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार इस गोरखधंधे में तीन प्रमुख लोगों के नाम सामने आए हैं, बावजूद इसके अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक मिलीभगत के बिना इतने बड़े स्तर पर अवैध कारोबार संभव ही नहीं है।

गांव की गलियां अब तस्करी के रास्तों में तब्दील हो चुकी हैं। दिन-रात धड़ल्ले से चल रहे कोयला लदे वाहनों से ग्रामीणों को धूल, प्रदूषण और टूटी सड़कों की मार झेलनी पड़ रही है। वहीं, माफियाओं की तिजोरियां भर रही हैं और सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

विरोधाभास यह है कि मंचों से अवैध खनन रोकने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। मुख्यमंत्री से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि तक कानून-व्यवस्था सुधारने की बातें करते हैं, लेकिन चुरचू में अपराधियों का खौफ और दबदबा दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

**ग्रामीण पूछ रहे हैं कि–**

क्या प्रशासन की भूमिका सिर्फ कागजों तक सीमित है?

क्या नेताओं की जिम्मेदारी महज बयानबाजी भर है?

और सबसे बड़ा सवाल, क्या हजारीबाग को अपराधियों के हवाले छोड़ दिया गया है?

चुरचू की यह कहानी महज एक पंचायत की नहीं, बल्कि पूरे जिले में तेजी से फैल रहे अवैध कोयला कारोबार की तस्वीर है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो हजारीबाग माफियाओं का गढ़ बनकर रह जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

समाहरणालय सभागार में आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, अस्पताल




उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डब्लूएचओ के प्रतिनिधि, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले के निमार्णाधीन स्वास्थ्य भवनों एवं उपकेंद्रों के कार्य शीघ्र पूरा करने, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा बाल लिंगानुपात सुधार हेतु पीसीपी एनडीटी एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा ई-संजीवनी पोर्टल पर चिकित्सकों की सक्रियता बढ़ाने और निष्क्रिय पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कुपोषण उन्मूलन पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए उपायुक्त ने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) भेजने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एएनसी जांच एवं नियमित टीकाकरण की अनिवार्यता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिले की आमनगरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है

# पोल से टकराई कार, युवक की घटनास्थल पर हुई मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटन थाना क्षेत्र के भुड़वा गांव में अनियंत्रित होकर एक कार पोल से टकरा गई। इसमे कार पर सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवासी आलोक पासवान के पुत्र धीरेंद्र कुमार उर्फ दीपक पासवान के रूप में की गई है।

परिजनों ने बताया कि धीरेंद्र गुरुवार को अपने दोस्तों के साथ कार पर सवार होकर अपने नानी के घर पाटन थाना क्षेत्र के भुड़वा गांव जा रहा था। इसी बीच भुड़वा गांव के पास



कार अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। इसमे घटनास्थल पर ही धीरेंद्र उर्फ दीपक पासवान की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पाटन थाना के पुलिस को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ली। उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

# उपायुक्त ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सभी मेडिकल उपकरणों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि एम्बुलेंस का संचालन सुचारू रूप से किया जाए तथा सभी अधिकारी फोन पर हमेशा सक्रिय रहें और शीघ्र प्रतिक्रिया दें। उपायुक्त ने सभी एमओआईसी को रात्रि में डॉक्टरों सहित अन्य




स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की नियमित जांच एवं रोस्टर में छेड़छाड़ से बचने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, एम्बुलेंस, वैक्सीन, ओपीडी, मशीनी उपकरण, दवाइयाँ सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी उपयोग और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने तथा मॉनिटरिंग को नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, डॉक्टरों द्वारा स्कूलों में बच्चों की जांच की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सभी एमओआईसी को साप्ताहिक समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व जांच कराने, एम्बुलेंस उपलब्ध कराने, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने और स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सभी सुविधाओं के सुचारू संचालन का भी निर्देश दिया। टीबी मरीजों पर विशेष ध्यान देने हेतु सिविल सर्जन को प्रति सप्ताह समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही, गंभीर बीमारियों जैसे टीबी और एचआईवी से ग्रसित व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने हेतु सहिया प्रणाली का प्रभावी उपयोग करने का निर्देश दिया गया। एमडीए कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया की दवा वितरण पर विशेष समीक्षा की गई। उपायुक्त ने फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष फोकस सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

# नये ड्राइविंग लाइसेंस कैंडिडेट को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं ड्राइविंग टेस्ट लिया गया



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरीडीह जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री संतोष कुमार के नेतृत्व में आज नये ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट को बारवाडीह ग्राउंड, गिरिडीह में ड्राइविंग टेस्ट लिया गया एवं साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया गया। हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट कि भी वितरण कि गई।

# सूर्या हंसदा एनकाउंटर व रिम्स-2 के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सूर्या हसदा एनकाउंटर और रिम्स-2 प्रोजेक्ट के विरोध में भाजपाइयों ने गुरुवार को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता आमबागान के समीप एकत्रित हुए और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए रैली की शक्ल में अंचल कार्यालय पहुंचे भाजपा का कहना है कि सूर्या हसदा ए,नकाउंटर आदिवासियों पर सीधा अत्याचार है। वहीं रिम्स-2 प्रोजेक्ट के नाम पर जमीन अधिग्रहण को भाजपा ने आदिवासी हक छीनने की साजिश बताया।

पार्टी नेताओं का आरोप है कि हेमंत सरकार आदिवासियों की जमीन हड़पने और उन पर अन्याय करने का काम कर रही है। हजारीबाग विधायक नवीन जायसवाल ने प्रदर्शन




का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सूर्या हसदा को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने आरोप लगाया कि राज्यभर में आदिवासियों पर जिस तरह से अन्याय व अत्याचार हो रहा है, उसे पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि हेमंत सरकार में आदिवासी असुरक्षित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा उनकी आवाज बनेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर आंदोलन करती रहेगी प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं की मौजूदगी रही और नारेबाजी से माहौल पूरी तरह सरकार विरोधी बना रहा।

# मुफ्फसिल क्षेत्रों में माले के प्रयास से दर्जनों भर चापाकल लगे : राजेश सिन्हा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पिछले उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को माले के राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने दिया था आवेदन, सिन्हा और पांडेय ने कहा गिरिडीह विधानसभा में 400 चापानल की है जरूरत,आंदोलन कर के लेंगे विभाग से, नगरनिगम क्षेत्र में लगभग 100 चापानल की है।

गिरिडीह विधानसभा के महुआडांड़ लखन कोल के घर सामने, पुरनी पटेरिया हुबलाल राय, सीताराम सोरेन, हेठपहरी में पवन यादव के घर के सामने, कोल्हारिया में अरुण कोल के घर के सामने, जसपुर कोल्हारिया में कालेश्वर कोल के घर के सामने, मटरूखा महतोडीह में दिलचंद कोल के घर के सामने आदि आदि जगह पर दर्जन भर चापानल लगाया गया,ज्ञात हो कि जिला कमिटी सदस्य कन्हाई पांडेय, गिरिडीह प्रखंड के मसूदन कोल, असंगठित मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष किशोर राय, साथ पूरे कमिटी के तरफ से एक सफल प्रयास से आदिवासियों और कमजोर लोगों के घर के सामने सार्वजनिक इस्तमाल के लिए चापानल लगाया गया, इससे लगभग सैकड़ों घर को पानी मिल पाएगा उपस्थित थे चेतन राय, भीम कोल, लखन कोल उपस्थित थे एक जमुआ विधानसभा और एक बगोदर विधानसभा में लगाया गया, ग्रामीणों ने कहा जिसने लगवाया उसी से पहला हैंडपंप चलवाएंगे,उसी क्रम में माले के और असंगठित मजदूर मोर्चा के अधिकारियों ने किया उद्घाटन।

# राधास्वामी संगठन की कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह उपहार सामग्री वितरण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राधास्वामी संगठन की कन्यादान योजना के अंतर्गत गोलगो पंचायत के प्रतिनिधि द्वारा श्री जगदीश वर्मा पता डोमापहाड़ी, मोतीलेदा, बेंगाबाद को उनकी भगिनी सीमा कुमारी के विवाह अवसर पर सहयोग प्रदान किया गया विवाह उपहार सामग्री संगठन की ओर से निम्न सामग्री प्रदान की गई दीवान पलंग फ्रिज अलमीरा। ड्रेसिंग टेबल कूलर बर्तन सेट सोफा सेट पंखा मिक्सर ट्रॉली बैग आदि इसके अतिरिक्त, विवाह में सहयोग स्वरूप ?71,000 एकाहत्तर हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया।

संगठन के निरंतर कार्य राधास्वामी संगठन पिछले 16 वर्षों से समाजहित में निरंतर कार्यरत है। इसके अंतर्गत शिक्षा से विवाह तक




बच्चियों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है आवास योजना के तहत अब तक 2 लाभुकों को आवास उपलब्ध कराया जा चुका है तथा 09 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही लाभुकों को चाबी सौंपी जाएगी रोजगार सृजन हेतु संगठन द्वारा वाहन योजना के तहत पात्र लाभुकों को वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपनी आजीविका चला सकें।संगठन के इस सराहनीय कार्य के लिए गिरिडीह नगर अध्यक्ष सह निगरानी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार उर्फ सुबोध सिंह ने माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दीपक कुमार शर्मा सर एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिन्हा सर का हृदय से धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में ही मैं समाज के लोगों की सेवा व सहायता कर पा रहा हूँ। इस कार्यक्रम में जिला जोनल प्रभारी अमित कुमार के साथ संगठन के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन का जागरूकता सत्र व स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बाल शिक्षा मंदिर स्कूल में 'गुड टच और बैड टच' विषय पर बच्चों को संवेदनशीलता और सुरक्षा की दृष्टि से जागरूक करने हेतु इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा एक महत्वपूर्ण वार्ता आयोजित की गई।

यह कार्यक्रम कक्षा 6 से 8वीं तक के बच्चों में करवाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को यह समझाना था कि कौन सा स्पर्श सुरक्षित और स्वागतयोग्य है गुड टच और कौन सा स्पर्श अस्वीकार्य या अवांछनीय हो सकता है बैड टच यह साझेदारी बच्चों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दशार्ती है आज मासिक धर्म स्वच्छता पर एक जागरूकता




वार्ता भी आयोजित की गई, जिसमें लड़कियों को पीरियड्स के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर 40 लड़कियों के बीच सैनिटरी पैड्स का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था यह कार्यक्रम क्लब की प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया के नेत्तृत्व में हुआ इस अवसर पर क्लब की आईएसओ दीप्ति सिंहा, संपादक संगीता सिंहा सदस्य तनुजा सहाय, जुली सहाय, तथा सदस्य तनुजा भूषण उपस्थित रहीं। इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन का यह प्रयास न केवल बच्चों को गुड टच-बैड टच के महत्व से अवगत कराता है, बल्कि किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति भी जागरूक करता है।

# बड़रबी-सायरंग रेल परियोजना
## पूर्वोत्तर की प्रगति का एक और द्वार




**भारतीय** रेल ने एक और ऐतिहासिक सफलता दर्ज करते हुए, आजादी के बाद पहली बार मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के रेल मानचित्र से जोड़ा है। बइरबी-सायरंग रेल परियोजना के पूरा होने से पूर्वोत्तर भारत की चौथी राजधानी को रेल संपर्क प्राप्त हुआ है। यह परियोजना न केवल भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण मानी जाती है, बल्कि इंजीनियरिंग और निर्माण की दृष्टि से भी भारतीय रेल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पूर्वोत्तर की दुर्गम पहाड़ियों, गहरी घाटियों और लगातार बरसने वाली बारिश के बीच इस परियोजना को पूरा करना किसी चमत्कार से कम नहीं है। लंबे समय तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे आइजोल के लोगों को अब देश के अन्य हिस्सों से तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिलेगा।

### पूर्वोत्तर में नई रेल क्रांति

अभी तक पूर्वोत्तर क्षेत्र की तीन राजधानियाँ—गुवाहाटी (असम), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा)- सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ी थीं। मई 2025 में सायरंग तक सफल ट्रायल रन के साथ आइजोल इस सूची में चौथी राजधानी बन गई। यह ऐतिहासिक कदम न केवल मिजोरम के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के नए दरवाजे भी खोलेगा, साथ ही पूर्वोत्तर भारत को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में एक सशक्त कड़ी साबित होगा।

### परियोजना का स्वरूप और लागत

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना की कुल लंबाई 51.38 किलोमीटर है। यह बइरबी से शुरू होकर आइजोल के निकट स्थित सायरंग तक जाती है। परियोजना को चार प्रमुख सेक्शनों में बांटा गया है:

- बइरबी-हरतकी सेक्शन- 16.72 किमी
- हरतकी-कॉनपुई सेक्शन- 9.71 किमी
- कॉनपुई-मुअलखांग सेक्शन- 12.11 किमी
- मुअलखांग-सायरंग सेक्शन- 12.84 किमी

पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग ₹8071 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत चार नए स्टेशनों- हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग और सायरंग का निर्माण किया गया है।

### अद्भुत इंजीनियरिंग की मिसाल

मिजोरम का भौगोलिक स्वरूप कठिन और पहाड़ियों वाला है। यहाँ रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए अनेक पुलों और सुरंगों की आवश्यकता थी। इस परियोजना में कुल 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल बनाए गए हैं। इसके अलावा 45 सुरंगों का निर्माण किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 12.8 किलोमीटर से अधिक है।

परियोजना का सबसे उल्लेखनीय इंजीनियरिंग चमत्कार है पुल संख्या 144 का पियर P-4, जिसकी ऊँचाई 114 मीटर है। यह कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों और माल ढुलाई की सुगमता के लिए 10 रोड ओवरब्रिज (ROB) और रोड अंडरब्रिज (RUB) का भी निर्माण किया गया है।

### निर्माण कार्य की चुनौतियां

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना का निर्माण आसान नहीं रहा। यह क्षेत्र सालभर में केवल चार से पाँच महीनों (नवंबर से मार्च) तक ही काम करने योग्य रहता है, जबकि अप्रैल से अक्टूबर तक लंबा मानसून और भारी वर्षा कार्य को पूरी तरह ठप कर देती है। परियोजना का मार्ग दुर्गम पहाड़ियों, गहरी घाटियों और खाइयों से होकर गुजरता है, जिसके लिए लंबी सुरंगों और ऊँचे पुलों का निर्माण आवश्यक है। भूगर्भीय दृष्टि से भी इलाका चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि यहां की चट्टानें नरम शेल, सिल्ट स्टोन और सैंड स्टोन की बनी हैं, जिनमें फॉल्ट, फ्रैक्चर और शियर ज़ोन पाए जाते हैं। इन अस्थिर पहाड़ियों में सुरंग बनाना और स्थायी संरचना तैयार करना बेहद कठिन कार्य है।

इसके अलावा, बार-बार होने वाले भूस्खलन और फिसलन भरे रास्तों के कारण सामग्री और श्रमिकों की आवाजाही अक्सर बाधित हो जाती है। परियोजना में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक मशीनें भी चुनौती साबित हुई, क्योंकि इनके खराब होने पर स्पेयर पार्ट्स और तकनीशियनों को दूर-दराज़ से बुलाना पड़ता था, जिससे काम रुक जाता था। मिजोरम में स्थानीय श्रमिक उपलब्ध नहीं होने के कारण श्रमिकों को अन्य



राज्यों से लाना पड़ा, लेकिन दूरस्थ, पहाड़ी और वनों से घिरे इलाके में काम करने से श्रमिक हिचकिचाते हैं, जिसके चलते हमेशा श्रमिकों की कमी बनी रही।

निर्माण सामग्री जैसे रेत और गिट्टी भी मिजोरम में उपलब्ध नहीं है, जिन्हें असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से सड़क या रेल मार्ग के जरिए लाना पड़ता है। इन सभी कारणों से यह परियोजना इंजीनियरिंग और संसाधनों की सबसे कठिन चुनौतियों वाली परियोजनाओं में से एक मानी जाती है।



### मिजोरम को मिलने वाले लाभ

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना मिजोरम की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह केवल एक रेल लाइन नहीं है, बल्कि पूर्वोत्तर की प्रगति की नई राह है। इस परियोजना से व्यापार, परिवहन, कृषि, उद्योग और पर्यटन—हर क्षेत्र में नई संभावनाएँ खुलेंगी।

- **कृषि और स्थानीय उद्योग के लिए नए बाजार:**- मिजोरम के किसान, बुनकर और स्थानीय उद्योग अब अपने उत्पादों को आसानी से देश के अन्य हिस्सों तक पहुँचा पाएंगे।
- **माल ढुलाई की दक्षता:**- रेल मार्ग से माल परिवहन तेज और सस्ता होगा, जिससे व्यापार और उद्योग को बल मिलेगा।
- **समय की बचत:**- सड़क मार्ग पर ज्यादा समय लेने वाली यात्रा अब ट्रेनों के जरिए कम समय में पूरी होगी।
- **रोजगार के नए अवसर:**- रेल परियोजना से निर्माण कार्य, पर्यटन, व्यापार और सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा।

### पूर्वोत्तर के उज्जवल भविष्य की राह

भारतीय रेल की यह परियोजना केवल मिजोरम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूर्वोत्तर भारत के लिए एक नई विकास गाथा लिखती है। बेहतर रेल संपर्क से इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना 'कनेक्टिंग नॉर्थ ईस्ट टू द नेशन' टू द नेशन' के संकल्प को मजबूत करती है।

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना भारतीय रेल की इंजीनियरिंग दक्षता, दूरदर्शी योजना और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। कठिन पहाड़ियों और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत की जीवनधारा को नई गति देती है। आइजोल का रेल मानचित्र से जुड़ना मिजोरम के साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

### परियोजना के अहम पड़ाव

- **29 नवम्बर 2014:**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी (मालीगाँव) से वर्चुअली बइरबी-सायरंग रेल लाइन का शिलान्यास किया।
- **21 मार्च 2016:**- असम-बइरबी रेलखंड को ब्रॉड गेज में बदला गया। चावल से लदी पहली 42 डिब्बों की मालगाड़ी मिजोरम के बइरबी स्टेशन पहुँची।
- **27 मई 2016:**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बइरबी-शिलचर के बीच पहली ब्रॉड गेज यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- **22 अगस्त 2024:**- बइरबी-हरतकी ब्रॉड गेज लाइन पर मालगाड़ी व यात्री ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ।
- **1 मई 2025:**- सायरंग तक पहली बार सफल ट्रायल रन, राजधानी आइजोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की ऐतिहासिक तैयारी।
- **10 जून 2025:**- हरतकी-सायरंग अंतिम खंड चालू। 51.38 किमी लंबी बइरबी-सायरंग रेल लाइन पूरी, आइजोल को पहली बार सीधी रेल कनेक्टिविटी।

### प्रमुख विशेषताएँ

लागत - ₹8,071 करोड़

कुल लंबाई - 51.38 किलोमीटर

जिला - कोलासिब और आइज़ोल

गति क्षमता - 100 किलोमीटर प्रति घंटा

स्टेशन संख्या - 4 - हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग, सायरंग

### पुल और सुरंगों से सजा ऐतिहासिक रेल मार्ग

पुलों की कुल लंबाई - 11.78 किमी (लगभग 23%)

कुल पुलों की संख्या - 143

ROBs और RUBs - 10

कुल सुरंगें - 45

सुरंगों की कुल लंबाई - 15.885 किमी (लगभग 31%)

सबसे लंबी सुरंग - 1.868 किमी

सभी सुरंगों में बैलास्टलेस ट्रैक

संस्कृति की झलक - सुरंगों के प्रवेश द्वार पर मिजोरम की लोक-संस्कृति को दर्शाते चित्र। इनमें स्थानीय परिधान, त्यौहार, रीति-रिवाज, ग्राम्य जीवन तथा प्रदेश की वनस्पति और जीव-जंतु दर्शाए गए हैं।

"नॉर्थ ईस्ट के मिजोरम में बइरबी तक रेल लाइन, अगरतला ब्रॉडगेज से कनेक्ट हुआ, नागालैंड में 100 साल बाद दूसरा ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन बना, सिक्किम में रंगपो तक काम तेजी से चल रहा है, मणिपुर में खोंगसांग और अरूणाचल में नाहरलगुन तक रेल पहुँची।"



**अश्विनी वैष्णव,**
रेल मंत्री



New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 11-09-2025 21:39 Page 1



# सेल्स ऑफिसर के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** महुआ थाना क्षेत्र के महुआ स्थित एचडीएफसी बैंक में सेल्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मछही निवासी संतोष कुमार का अपहरण कर लिया गया। इस घटना को लेकर उसकी पत्नी प्रियंका कुमारी ने महुआ थाना में एचडीएफसी बैंक के मैनेजर मनोज पोद्दार, सीएसपी शाखा संचालक राहुल कुमार तथा अन्य के विरुद्ध अपने पति का अपहरण कर लिए जाने की प्राथमिकी महुआ थाना में कराई है।

दूसरी ओर, बैंक के मैनेजर मनोज कुमार पोद्दार ने अपने सेल्स ऑफिसर संतोष कुमार के विरुद्ध ग्रुप लोन के 17 खाते का 02 लाख 25 हजार रुपये वसूली कर गबन करने तथा उनके अभिभावक पर गलत दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए महुआ थाना में प्राथमिकी कराई है। दोनों ही प्राथमिकी के आलोक में महुआ थाना की पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## बैंक मैनेजर ने भी दर्ज करायी गबन की प्राथमिकी

एचडीएफसी की महुआ शाखा में कार्यरत सेल्स ऑफिसर मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मछही निवासी संतोष कुमार के तीन दिनों से गायब होने को लेकर उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी ने महुआ थाना में एक प्राथमिकी कराई है। इस मामले में शाखा प्रबंधक एवं सीएसपी संचालक सहित तीन-चार अज्ञात को आरोपित किया है।

महुआ थाना में कराई गई प्राथमिकी में मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना अंतर्गत मछही गांव निवासी संतोष कुमार राय की पत्नी प्रियंका कुमारी ने कहा है कि उनके पति 07 सितंबर को घर से बैंक के लिए निकले थे। कुछ देर के बाद बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज पोद्दार एवं तीन-चार अज्ञात लोग उनके घर पर आकर उनके पति की खोजबीन करने लगे।

पत्नी ने प्राथमिकी में कहा है कि उनके स्तर पर यह बताया गया कि बैंक के लिए ही गए हैं तो उनलोगों ने कहा कि उनके पति बैंक नहीं गए हैं तथा उनका मोबाइल भी बंद है। जब उन्होंने अपने पति के मोबाइल पर काल किया तो उनका मोबाइल बंद था।

प्रियंका ने कहा है कि उनके पति ने बताया था कि एक सीएसपी संचालक राहुल कुमार से बैंक के लेन-देन को लेकर फोन पर तीन दिन पूर्व कुछ विवाद हुआ था। इसकी जानकारी शाखा प्रबंधक को दी गई थी।

प्रियंका ने आशंका जताई है कि उनके पति का बैंक के शाखा प्रबंधक, सीएसपी संचालक एवं तीन-चार अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है।

पत्नी प्रियंका ने आशंका जताई है कि आरोपित कहीं उनकी हत्या न कर दें। दोनों ही आवेदनों के आलोक में इस मामले की प्राथमिकी कर महुआ थाना की पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## अपने मुंहमिया मिट्ठू साबित हो रहे तेजस्वी

**पटना।** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को कहा कि सीएम बनने का सपना देख रहे तेजस्वी यादव का सीएम फेस बनने पर भी ग्रहण लग गया है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर जारी विवाद अब खुलकर सामने आ रहा है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वोट अधिकार यात्रा के दौरान भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के सामने मुख्यमंत्री चेहरे से जुड़े सवाल टालकर राजद को उसकी राजनीतिक औकात दिखा दी थी। इसके बावजूद तेजस्वी यादव सार्वजनिक मंचों से खुद को मुख्यमंत्री का दावेदार बताकर अपने आप को अपने मुंहमिया मिठू साबित करते रहे।

महागठबंधन केवल राजनीतिक स्वार्थों की बुनियाद पर टिका है। उनके बीच न कोई समन्वय है, न कोई समंजस्य, और न ही एक-दूसरे के प्रति कोई सम्मान। कई अवसरों पर महागठबंधन घटक दलों के बीच अविश्वास का भाव जगजाहिर हो चुका है। ऐसे नेतृत्वहीन और नीति हीन गठबंधन पर प्रदेश की जनता किसी भी सूरत में भरोसा नहीं जताएगी।

# राजद के राजकुमार राय की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के मुन्ना चक गली नंबर 17 में अपराधियों ने जमीन कारोबारी सह राजद नेता को खदेड़ कर गोलियों से भून डाला। गोली लगने के बाद किसी तरह वह पास के दुकान में घुसे, बदमाशों ने दुकान के बाहर भी फायरिंग करते हुए मुन्नाचक तरफ दौड़ते हुए भाग गए।

फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास की लोगों की मदद से उन्हें पीएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान राजकुमार उर्फ आला राय के रूप में हुई। जो मूलरूप से वैशाली के राघोपुर के निवासी थे। वह घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर निजी मकान में रहते थे।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अपराधियों ने सात से आठ राउंड गोलियां चलाई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी पूर्वी, चित्रगुप्त और पत्रकारनगर थाने की पुलिस मौके पहुंच गई। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया।

सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से तीन जिंदा गोली और तीन खोखा मिले हैं। गली में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है। अपराधियों की संख्या दो बताई गई। फिलहाल जांच में स्पष्ट होगा कि उनकी संख्या दो थी या उससे अधिक। चालक से भी पूछताछ किया जा रहा है। पुलिस आसपी रंजिश, जमीन विवाद सहित अन्य बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

वह गाड़ी से ही गली से 50 मीटर पहले पार्किंग में गए। चालक गाड़ी लगा रहा था और वह उतर कर घर जाने के लिए गली में पहुंचे। तभी पहले से ताक लगाए बैठे दो अपराधियों ने उन पर पीछे से फायरिंग कर दी। पहली गोली पीठ में मारी। वह गोली लगते ही घर की तरफ भागने लगे। बदमाशों ने उन्हें खदेड़ कर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। पास में ही एक दुकान था। गोली लगने के बाद भी वह लड़खड़ाते हुए दुकान में घुस गए। बदमाशों ने इसके बाद भी उन पर फायरिंग की।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो गोली लगने पर बचाओ बचाओ चिल्लाए। उस समय गली से ही एक डिलिवरी ब्वाय भी गुजर रहा था। गोली चलने की आवाज सुनकर अभी कुछ समझ पाता कि दोनों अपराधी उसके बगल से ही पिस्टल लहराते हुए पैदल गली की तरफ भाग गए।

राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वह कुछ महीने पहले राजद से नाता तोड़ कर राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। वह पिछले कई बरसों से जमीन एवं मकान खरीद बिक्री का काम करते थे। उनके पैतृक गांव राघोपुर थाना क्षेत्र के मीरमपुर है।

# मनाया गया संत विनोबा भावे का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। आज संत विनोबा भावे का जन्मदिन है। संत विनोबा भावे गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी माने जाते हैं। बिहार में विनोबा 6 वर्ष भूदान के क्रम में रहे हैं। इन्हें बिहार में 6,48,000 एकड़ जबकि संपूर्ण भारत में 46 लाख एकड़ जमीन दान में मिली थी। विनोबा सर्वोदय समाज के तीसरे वार्षिक सम्मेलन शिवरमपल्ली पदयात्रा करके पहुंचे थे, यही से भूदान की गंगा संपूर्ण देश में वही। कंचन मुक्ति, जीवनदान, ग्रामदान का भूकंप आदि शब्द आज मजाक बनकर रह गया है। इसे आध्यात्मिक क्रांति कहा गया। डिफेंस मेजर, डेवलपमेंट मेजर और रिलीफ मेजर के रूप में भूदान की व्याख्या हुई। 6 मार्च 1968 को भागलपुर विश्वविद्यालय के अध्यापकों की सभा हुई, जिसे विनोबा जी ने 'उपनिषद' कहा दूसरे दिन छात्रों की विशाल सभा को उन्होंने 'परिषद' कहा। 8 मार्च 1968 को कहलगांव पड़ाव पर 'आचार्यकूल' की स्थापना हुई। डॉ रामजी सिंह संयोजक बनाए गए। विनोबा शिक्षकों की एक स्वतंत्र,निष्पक्ष और सशक्त शक्ति खड़ा करना चाहते थे। ग्रामदान का काम धीरे-धीरे शिथिल पड़ता गया। उन्होंने कहा कि विनोबा जी ने वेदना पूर्वक कहना शुरू किया 'बिहार' 'बाबा' और 'बोगस' तीनों 'ब' से आरंभ होता है। हुआ भी वही। गांधी स्मृति यात्रा के क्रम में भूदान किसानों से टीम ने मुलाकात की। जगह-जगह अलग समस्याएं बनी हुई है। भूदान कमेटी भंग कर दी गई है। अररिया के जयप्रभा ग्राम में खूनी संघर्ष के संकेत हमने पाए हैं। जयप्रकाश ग्राम की स्थिति एक अलग संकेत करती है। भूदान की जमीन बेची नहीं जा सकती। जबकि जमीन बेची गई है। बिहार सर्वोदय मंडल की टीम बिहार में भूदान के सवाल पर सर्वेक्षण कर रही है। सर्वेक्षण कार्य प्रोफेसर मनोज कुमार और डॉक्टर उमेश प्रसाद नीरज के निर्देशन में व्यापक रूप से चलाया



जा रहा है। प्रथम क्रम में मुंगेर के खड़कपुर में कुल 719 किसानों का सर्वेक्षण किया गया।कुल रकवा - 515एकड़ 72.5 डिसमिल जमीन में से 187 एकड़ जमीन पर दखल कायम है।309 एकड़ 11 डिसमिल अभी भी बेदखल है। 61 एकड़ जमीन का पता ही नहीं है। यह जमीन 18 मोजे में है।बिहार में 6 लाख 48 लाख एकड़ जमीन मिली,करीब 4 लाख एकड़ जमीन करीब 4 लाख भूदान किसानों के बीच वितरण किया गया,इसमें 4 तरह के भूदान किसान है। जिनको भूदान का परचा और जमीन मिली वे कब्जे में है,लेकिन जमाबंदी कायम नहीं हुआ है।

अररिया सुपौल और मधेपुरा में भूदान किसानों का सर्वेक्षण किया जा रहा है।भूदान किसानों में 90% किसान दलित और पिछड़े हैं। सरकार आज इसे सरकारी जमीन घोषित करना चाहती है।हमारी मांग है कि यह जमीन सरकार की नहीं है। विनोबा जी को दान में मिली है। सरकार और गैर सरकारी स्तर पर इसका समाधान ढूंढा जाना चाहिए। अभिलंब भूदान यज्ञ कमेटी का गठन किया जाना चाहिए। बिहार के भूदान किसान आक्रोशित है, इसी आक्रोश को खत्म करने के लिए विनोबाजी का यह अभिक्रम चला था। सरकार इसके शांतिपूर्ण समाधान का भ्रष्टाचार रहित कोई रास्ता अभिलंब प्रस्तुत करें।

## रड से पीटकर पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** थाना क्षेत्र के इसरपुरा गांव में श्रीकांत उपाध्याय उर्फ हनुमान उपाध्याय उपाध्याय ने अपनी पत्नी 35 वर्षिय स्मिता कुमारी की हत्या लोहे के पाइप से सर पर मारकर कर दिया। मृतिका के भाई उज्वल कुमार ने इस संबंध में प्राथमिकी कराई है। घटना की सूचना मिलते ही रात में ही सहायक पुलिस अधीक्षक व बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायेजा लिया। उनके साथ थानाध्यक्ष ललन कुमार भी थे।

हत्यारोपी पति घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौप दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इसरपुरा निवासी श्रीकांत की शादी 12 वर्ष पूर्व में कोचस थाना क्षेत्र के हरिहर डिहरी निवासी स्मिता से हुई थी। उसके एक पुत्री और दो पुत्र भी हैं।

# छापेमारी के लिए 17 टीमों का किया गया गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ अवैध शराब, अवैध राशि, अवैध चुनाव सामग्री को जब्त करने के लिए 17 उड़नदस्ता दल का गठन कर दिया गया है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही ये सभी 17 उड़न दस्ते सक्रिय हो जाएंगे और मतदान संपन्न होने तक कार्य करते रहेंगे।

प्रत्येक उड़न दस्ते के साथ एक वीडियोग्राफर, जीपीएस युक्त वाहन और सशस्त्र बल उपलब्ध रहेंगे। ये दल अवैध धन, शराब, उपहार, पोस्टर या अन्य सामग्रियों की सघन जांच और निगरानी करेंगे ताकि मतदाताओं को प्रलोभन से बचाया जा सके। कार्रवाई की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग होगी और जब्त नकदी या सामग्री का दैनिक प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी, व्यय प्रेक्षक और पुलिस अधीक्षक को भेजा जाएगा। जिले में सबसे ज्यादा संवेदनशील व बड़े विधानसभा क्षेत्र के मामले में संदेश, बड़हरा, अगिआंव और तरारी में तीन-तीन तथा शाहपुर-जगदीशपुर में दो-दो और आरा सदर में एक उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। इसमें स्थानीय मजिस्ट्रेट के रूप में अंचलाधिकारी समेत अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को रखा गया है।

संदेश विधानसभा के उदवंतनगर, कोईलवर और संदेश में उड़न दस्ता दल को तैनात किया गया है। इसी प्रकार बड़हरा विधानसभा के बड़हरा, आरा सदर और कोईलवर में, आरा

## चुनावी मोड में जिला प्रशासन

विधानसभा क्षेत्र के आरा सदर में, अगिआंव विधानसभा के गड़हनी, चरपोखरी और अगिआंव में, तरारी विधानसभा के पीरो, तरारी, सहार में, जगदीशपुर विधानसभा के जगदीशपुर, पीरो और शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर तथा बिहिया प्रखंड क्षेत्र में सभी उड़न दस्ता दल की तैनाती की गई है।दूसरी तरफ कलेक्ट्रेट में एडीएम शशि शेखर ने बड़हरा प्रखंड क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए चुनाव आयोग के निदेशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया।

जांच के दौरान उड़न दस्ता दल 50 हजार से अधिक नकदी या 10 हजार से ज्यादा की संदिग्ध वस्तुएं पाए जाने पर उसे जब्त करेगी। जबकि वैध प्रमाण पत्र के साथ एक लाख तक की राशि पर कार्रवाई नहीं होगी। 10 लाख से अधिक की राशि मिलने पर आयकर विभाग को सूचना दी जाएगी। महिला पर्स की जांच महिला अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। उड़न दस्ते हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करेंगे और सभी रिपोर्टें प्रतिदिन जिला मुख्यालय को भेजेंगे।

जिले में गठित 17 उड़न दस्ता दल गोपनीय ढंग से किसी भी चेक पोस्ट पर या किसी भी सड़क, शहर या ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी संदिग्ध की स्थिति में जांच कर सकती है।

# नवसृजित स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के रानीपरती पंचायत में रविवार को नवसृजित स्वास्थ्य केंद्र रानीपरती का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह के दौरान मुखिया ने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य जांच, प्रसव पूर्व परामर्श, बच्चों का टीकाकरण, परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं एवं सामान्य बीमारियों का इलाज उपलब्ध रहेगा। मौके पर पीएससी प्रभारी अमित कुमार हेल्थ मैनेजर अमानुल्लाह एवं पंचायत प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वास्थ्य केंद्र के सुचारू संचालन और जनहित में बेहतर सेवा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## महाराज की तीसरी महारानी की तबियत बिगड़ी

**दरभंगा।** दरभंगा महाराजाधिराज सर कामेश्वर सिंह की तीसरी पत्नी, महारानी कामसुंदरी देवी (95 वर्ष), वर्तमान में निजी अस्पताल में इलाजरत हैं। महाराजा कामेश्वर सिंह ने कामसुंदरी देवी के नाम कामेश्वर सिंह कल्याणी फाउंडेशन की स्थापना की थी। महाराजाधिराज की तीन पत्नियां थीं झ महारानी राजलक्ष्मी, कामेश्वरी प्रिया और कामसुंदरी देवी। महाराजाधिराज के कोई संतान नहीं थी। बड़ी पत्नी महारानी राजलक्ष्मी का निधन 1976 में, और दूसरी पत्नी कामेश्वरी प्रिया का 1942 में हो गया था। दरभंगा राज परिवार की स्थापना 1535 में महेश ठाकुर द्वारा की गई थी।

# हथियारबंद अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र में की लूटपाट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में गुरुवार को तीन की संख्या में रहे हथियारबंद बदमाशों ने दो लाख साठ हजार रुपये लूट लिए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लगभग साढ़े दस बजे बाइक पर सवार तीन बदमाश ग्राहक सेवा केंद्र के पास पहुंचे, उनमें से दो बदमाश मास्क लगाकर ग्राहक सेवा केंद्र के अंदर गया।

जबकि तीसरा व्यक्ति बाइक पर ही बैठा रहा। तभी ग्राहक सेवा केंद्र में घुसे बदमाशों ने हथियार के बल पर सीएसपी के संचालक संदीप पटेल को अपने कब्जे में ले लिया और दराज में रखे करीब दो लाख साठ हजार रुपए की लूट कर ली। भागने

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

के दौरान बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र का शटर बाहर से लगा दिया और बड़े ही आराम से बाइक पर बैठकर तीनों लुटेरे रामघाट की ओर निकल गए। ग्राहक सेवा केंद्र के पास मौजूद लोगों को घटना का एहसास तब हुआ। जब शटर उठाकर सीएसपी संचालक ने शोर मचाना शुरू किया। तब तक बदमाश वहां से फरार हो चुके थे। हिलसा एएसपी शैलजा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद नगरनौसा थाना की पुलिस के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच की जा रही है। बदमाशों के भागने के रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। एफएसएल टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# सांसद और विधायक ने किया जन संवाद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रजौड़ रामभद्रपुर पंचायत के राम भद्रपुर गांव में सांसद एवं विधायक द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में सांसद शांभवी चौधरी और विधायक वीरेंद्र कुमार को पाग, चादर, माला से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सांसद शांभवी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा एनडीए की डबल इंजन की सरकार बिहार में रहने से यहां सभी क्षेत्रों में विकास संभव हो पाया है। एनडीए की सरकार में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इन्हें आरक्षण की प्रतिशत में भी बढ़ोतरी की है। विकसित बिहार बनाने के लिए युवाओं को भी अधिक से अधिक नौकरी एवं रोजगार दिए जाने के लिए एनडीए सरकार की अथक प्रयास चल रही है और अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी मिला है और आगे भी मिलेगी।

उन्होंने कहा हमारे संसदीय क्षेत्र में शिवाजीनगर में शंकरपुर करेह नदी पुल की स्वीकृति मिला काम चल रहा है। और भी सड़क एवं फुल पुलिया की जितने भी योजनाओं का शिला न्यास किया गया है वह शीघ्र ही पूरा होगा। उन्होंने कहा रोसड़ा स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की ठहराव के लिए

## नेताद्वय ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां

युवाओं की मांग थी इसकी स्वीकृति रेल मंत्री से हो चुका है। अमृत भारत रेल गाड़ी की ठहराव से अब इस क्षेत्र के लोगों को मुंबई तक की सफर में काफी सहूलियत होगी। लोग आसानी से ईस्ट रेल गाड़ी से मुंबई का सफर कर सकेंगे। उन्होंने कहा विकास की गति को कम नहीं किया जाए इसके लिए एनडीए की सरकार पुण बनाना आवश्यक है।

उन्होंने विधायक वीरेंद्र कुमार को आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए उन्हें माला पहना दी। अंत में उन्होंने कहा इस क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी और क्षेत्र के लोगों से सीधा जनसंवाद का कार्य कम करती रहूंगी। उन्होंने कहा मोदी है तो मुमकिन संभावित है तो संभव है।

विधायक वीरेंद्र कुमार ने कहा क्षेत्र में पुल पुलिया सड़क का शिलान्यास हुआ है वह शीघ्र ही बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा जीवका दिदियो को रोजगार के लिए उसे अभी दस 10 हजार रूपए खाते में दिए गए हैं और आगे भी रोजगार को बढ़ाने के लिए दो-दो लाख तक दिए जाएंगे। उन्होंने कहा किसानो की आय बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में मखाना की खेती करना काफी उपयुक्त होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के निर्दोष कुमार सिंह ने की, और मंच संचालन राम स्वार्थ सिंह ने की। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि सदस्य पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, भाजपा के घनश्याम राय, आदि ने संबोधित किया। मौके पर मनोज सिंह ,सांसद प्रतिनिधि राजीव सिंह, राम नारायण सिंह, विष्णु देव सहनी, लाल देव महतो ,मोहम्मद शकील अंसारी ,सुनील कुमार सुमन ,नंदकुमार सिंह ,नीतू देवी, वीरेंद्र कुमार बिरजू ,अरुण कुमार राय ,मणि शंकर कुमार, राजीव कुमार ,संजय कुमार सिंह ,श्ररवन कुमार सिंह, अनीश राज ,राजेश कुमार सिंह, सहित अन्य मौजूद थे।

# गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए महीने में तीन दिन लगेगा कैम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर शिविर लगा। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। खासकर उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) वाली महिलाओं की पहचान पर विशेष जोर रहा।

शिविरों में गर्भवती महिलाओं की सामान्य जांच की गई और इनमें विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त महिलाओं को चिह्नित किया गया। साथ ही रक्ताल्पता (खून की कमी), उच्च रक्तचाप (प्रीएक्लेम्पसिया), गर्भावस्था के दौरान मधुमेह (गेस्टेशनल डायबिटीज), गर्भनाल (प्लेसेंटा) से जुड़ी समस्याओं की भी जांच-पड़ताल की गई।

इन महिलाओं का सफलतापूर्वक संस्थागत प्रसव कराने पर जोर रहा। इसके लिए उन्हें नियमित जांच कराने के साथ खान-पान और दवाइयां खाने का परामर्श दिया गया। शिविर में जरूरी दवाएं मुफ्त में बांटी गई।

सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने रजौली अनुमंडलीय अस्पताल और सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को गर्भवती महिलाओं की जांच के दौरान उच्च जोखिम वाली महिलाओं को चिह्नित करते हुए उन्हें महीने के 09, 15 और 21 तारीख को नियमित रूप से जांच कराने को सलाह देने को निर्देशित किया।

साथ में डीएचएस डीपीएम अमित कुमार, लिपिक नकीबुल हक, पिरामल फाउंडेशन के राजेश प्रभाकर व अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। नवादा सदर अस्पताल में 186 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई, जिसमें छह महिलाएं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की शिकार मिली।

वारिसलीगंज माफी गढ़ स्थित रेफरल अस्पताल में प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर में 412 गर्भवती माताओं की विभिन्न जांच की गई। पहुंची 21 गर्भवती माताओं को गर्भावस्था में हाई रिस्क के लिए चिन्हित किया गया।

सभी को आवश्यक दवाइयां एवं सुझाव दिया गया। जबकि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं रहने से गर्भवती माताओं की जांच प्रभावित हुई। शिविर में गर्भावस्था में गंभीर रोगों से ग्रसित और आपरेशन कराने वाली महिलाओं को नवादा रेफर करने का निर्देश दिया गया। तीन माताओं में एनीमिया, दो में सिफलिस संक्रमण, छह में आरएच पाजिटिव जैसी स्वास्थ्य समस्याओं वाली कुल 21 महिलाएं चिह्नित की गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में 316 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। जांच में चार हाई रिस्क की गर्भवती महिलाएं पहुंची।

उन्हें रक्त की कमी पाई गई। प्रभारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. विमलेंद्र कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा, इकबाल आलम, डाटा आपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम ममता कुमारी, मंजू कुमारी, धर्मशीला कुमारी समेत अन्य रहे।

# बाढ़ पीड़ितों से मिले तेज प्रताप, बांटी राहत सामग्री

हाजीपुर। पार्टी और परिवार से अलग होने के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र एवं पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने राजनीति में अपनी नई राह पकड़ ली है। वे पिछले डेढ़-दो माह से राजनीति में काफी एक्टिव दिख रहे हैं। खासकर महुआ विधानसभा क्षेत्र में, लेकिन पिछले मंगलवार को अचानक अपने छोटे भाई नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर पहुंचकर उन्होंने सभी को चौंका दिया।

पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव अपने समर्थकों के साथ राघोपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिदुपुर प्रखंड के विशनपुर सैदअली गांव पहुंचे। यहां पंजाबी राय के घर के समीप उन्होंने सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री, पालीथिन व अन्य सामानों का वितरण किया। साथ ही बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राघोपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर व बिदुपुर प्रखंड की अधिकांश पंचायतें बाढ़ से प्रभावित है। सरकार की ओर से इनकी कोई मदद नहीं की गई। स्थानीय सांसद और विधायक भी बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे नहीं आए।

उन्होंने कहा कि जब स्थानीय लोगों ने उनसे मिलकर अपनी समस्या सुनाई, तो वे खुद को रोक नहीं सके और खुद बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और नेता बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलने तक नहीं जा पा रहे हैं, राहत सामग्री और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराना तो दूर की बात हैं।

उन्होंने कहा कि निकम्मी और कोमा में जा चुकी सरकार को इस बार उखाड़ फेंकना होगा, तभी बिहार से पलायन और बाढ़ जैसी आपदा को रोका जा सकता है।

वहीं, तेज प्रताप टीम से किसी उम्मीदवार के राघोपुर से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी ऐसी कोई मंशा नहीं है। यहां से वे नाव से चेचर घाट पहुंचे और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। वे करीब चार घंटे तक बिदुपुर में रुके। इस मौके पर बीडीओ कुमार मनीष भारद्वाज, सीओ करिश्मा कुमारी, थानाध्यक्ष रवि प्रकाश आदि भी मौजूद थे।

## दंपत्ति की रहस्यमय मौत

**सीतामढ़ी।** जिले के बोखड़ा थाना क्षेत्र के पतनुक्का गांव में दंपत्ति की रहस्यमय मौत से सनसनी फैल गई। सरकारी डीलर मनोज कुमार दास (48) का शव कमरे में फंदे से लटका मिला, जबकि उनकी पत्नी मीना देवी (44) का शव बिस्तर पर पड़ा था। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात दोनों ने साथ खाना खाया और कमरे में सोने चले गए। घर में उस समय उनकी वृद्ध मां और छह वर्षीय बच्चा भी मौजूद थे। सुबह देर तक कमरे से कोई आहट नहीं मिलने पर वृद्धा ने दरवाजा खटखटाया। जवाब न मिलने पर ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का दृश्य देख सब स्तब्ध रह गए।

घटना की सूचना पर पुपरी डीएसपी सुनीता कुमारी, बोखड़ा और नानपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे को सील कर एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया। इस दौरान कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसकी सामग्री का खुलासा अभी नहीं किया गया है।

# नकली आयकर अधिकारी बन घटना को दिया अंजाम

## लाखों के गहने लेकर चम्पत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के बेनीबाद बाजार हाट के पास एक स्वर्ण व्यवसायी के घर में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। बताया जा रहा है कि चार से पाँच की संख्या में आए बदमाश खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताकर घर में घुसे और अलमीरा की चाभी लेकर उसमें रखे लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान बदमाशों ने घर के सभी सदस्यों के मोबाइल और सामान जब्त कर लिए और करीब 15 मिनट तक तलाशी के नाम पर अलमारी और पेटी खंगालते रहे। परिवार के लोग इस दौरान डरे-सहमे रहे और बदमाश आराम से निकल गए। बाद में गृहस्वामी को एहसास हुआ कि आयकर अधिकारी बनकर आए लोग दरअसल बदमाश थे।

पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी गौरी साह ने बताया कि उनका बेनीबाद बाजार में ज्वेलरी शॉप है। सोमवार को कुछ लोग आए और खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताते हुए घर में घुस गए। उन्होंने परिवार के मोबाइल जब्त किए और फिर अलमारी व पेटी से गहने और नकदी निकालकर जांच के बहाने चलते बने।

उधर, मामले की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। बेनीबाद थाना प्रभारी साकेत शार्दुल ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध लोगों को आते-जाते देखा गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले की गहन जांच की जा रही है।

# बिहार में 'जिलों के समग्र विकास' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

## प्रथम दिवस 11 सितम्बर 2025 में नवाचार, समावेशिता और प्रभावशाली प्रस्तुतियों की झलक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी और सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 'जिलों के समग्र विकास' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ आज पटना स्थित होटल ताज सिटी सेंटर में हुआ। देशभर से आए 200 से अधिक प्रतिनिधियों जिलाधिकारी, नीति निर्माता, नवाचारकर्ता और संस्थागत प्रमुखों ने इस मंच पर भाग लिया। दिन की शुरुआत दो तकनीकी सत्रों से हुई जिनमें प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त और नामांकित पहलों को प्रस्तुत किया गया। पहला सत्र पुनीत यादव, अपर सचिव, डीएआरपीजी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें यूआइडीएआइ, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की नवाचारी योजनाओं पर चर्चा हुई जैसे डिजिटल प्रमाणीकरण, साइबर तहसील और जीआइएस आधारित जल संरक्षण। दूसरे सत्र की अध्यक्षता सरिता चौहान, संयुक्त सचिव, डीएआरपीजी ने की। इसमें उत्तर प्रदेश और बिहार की नागरिक-केंद्रित पहलों को रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने जोर दिया कि जिला प्रशासन केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि शासन की धड़कन है जहां योजनाओं का वास्तविक प्रभाव नागरिकों तक पहुंचता है।



उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने बिहार सरकार और उसके अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की नवाचारी पहलें–विशेषकर शिकायत निवारण और डिजिटल परिवर्तन–देशभर में अनुकरणीय मॉडल बन सकती हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों की भूमिका को 'भारत की प्रशासनिक रीढ़' बताते हुए उनके सक्रिय योगदान की सराहना की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के परिवर्तन की यात्रा को साझा करते हुए कहा एक मरीन ड्राइव के सपने से शुरुआत हुई थी, आज हम तीन और मरीन ड्राइव बना रहे हैं। हमने सड़क निर्माण में रूढ़ियों को तोड़ा है। अब पटना से गया, दरभंगा, मुज़फ्फरपुर की यात्रा कुछ घंटों में पूरी हो जाती है जो पहले पूरे दिन लेती थी।

# एनडीए की एकजुटता बनेगी प्रचंड जीत का आधार : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंडी गठबंधन में मुख्यमंत्री पद और सीट बंटवारे को लेकर घमासान मचा है। न नेता तय है, न नीति साफ। उपराष्ट्रपति चुनाव में भी उनके कई सांसदों ने एनडीए प्रत्याशी को वोट किया, जो यह बताने को काफी है कि उधर क्या चल रहा है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज पटना में मीडिया से बातचीत में दावा किया कि इंडी गठबंधन बुरी तरह बिखर गया। उन्होंने कहा कि यह बिखराव उस सोच की हार है जो राष्ट्रहित से ऊपर व्यक्तिगत स्वार्थ और अवसरवादिता को रखती है। वहीं एनडीए गठबंधन केंद्र से लेकर बिहार तक पूरी तरह संगठित और सक्रिय है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि 2025 में बिहार की जनता एनडीए को इस बार भी ऐतिहासिक बहुमत देगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और घुसपैठ के पक्षधर इंडी गठबंधन को बिहार चुनाव में अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है, तभी वो कुछ भी तय नहीं कर पा रहे हैं। बिहार में रोजाना एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी किसी ने किसी जिले का दौरा कर परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। एनडीए के कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ ये साफ बता रही है कि लोगों को विकास वाली सरकार पसंद है न कि झूठे और फर्जी बयान देने वालों की। भाजपा नेता ने बताया कि एनडीए की एकजुटता और चुनावी रणनीति को धार देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 सितंबर को जबकि गृहमंत्री अमित शाह 18 सितंबर को पटना आएंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में 54 बार और इस वर्ष 6 बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। हर दौरे पर वो बिहार वासियों को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देते हैं। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री का पूर्णिया दौरा भी ऐतिहासिक होगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश में जिस तरह से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाएं चलाई गई हैं बिहार में भी उन्हीं नीतियों को लागू कर विकास की गंगा बहाई जा रही है। आज हमारी सरकार, 'जो कहा था, वो किया है और जो नहीं कहा था, वो भी किया है' ऐसी राजनीति कर रही है। आगामी चुनाव में जनता एनडीए के सुशासन, स्थायित्व और विकास पर मुहर लगाएगी। बिना किसी का नाम लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि इंडी गठबंधन का चरित्र बिहार विरोधी है। उसमें शामिल लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए हैं। जनता की दुख-तकलीफों से उनका कोई नाता नहीं है। वो बस किसी तरह कुर्सी चाहते हैं।

# जांच प्रतिवेदन के आधार पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली विक्रेताओं पर अविलंब कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : प्रधान सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पंकज कुमार ने राज्य के सभी उप निदेशक (आपूर्ति), जिला आपूर्ति पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जीरो ऑफिस डे के माध्यम से बलाए जा रहे राज्यव्यापी सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों के निरीक्षण अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा में प्रधान सचिव ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों जिनमें कम खाद्यान्न देने एवं खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न देने की शिकायत की रिपोर्ट जांच प्रतिवेदन से प्राप्त हुई है, पर नियमानुसार कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित करें।

जीरो ऑफिस डे अभियान अगले दो दिनों तक चला कर शेष बचे हुए जन वितरण प्रणाली की दुकानों की शत-प्रतिशत निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रधान सचिव ने वैसे पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई करने का निदेश दिया जिन्होंने निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस राज्यव्यापी सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों के निरीक्षण अभियान में अबतक कुल 45,335 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण सम्पन्न हो चुका है, शेष 8613 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण अगले दो दिनों में सम्पन्न किया जाना है। निरीक्षण में प्राप्त प्रतिवेदन में 1309 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान में कम मात्रा में खाद्यान्न देन, 1192 में खराब गुणवत्ता की अनाज देने तथा 4326 में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत प्राप्त हुई है। अभी तक कुल 7955 सार्वजनिक वितरण प्रणाली डीलरों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अबतक कुल 33 प्राथमिकी दर्ज कराया गया है तथा 43 सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान की लाइसेंस रद्द किया गया है।

# सहरसा और अमृतसर के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सुपौल-सरायगढ़-झंझारपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-मुरादाबाद-अम्बाला कैंट के रास्ते सहरसा और छेहरटा (अमृतसर) के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 15.09.2025 को सहरसा और छेहरटा के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 05531 सहरसा-छेहरटा अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 15.09.2025 सोमवार को गाड़ी सं. 05531 सहरसा-छेहरटा अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल सहरसा से 15.30 बजे खुलकर 23.35 बजे नरकटियागंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 17.09.25 बुधवार को 02.00 बजे छेहरटा पहुंचेगी।

# मनरेगा मास्टर ट्रेनर्स हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी पटना में मनरेगा मास्टर ट्रेनर्स हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा योजनाओं के 'युक्तधारा' पोर्टल के माध्यम से जीआइएस आधारित योजना निर्माण एवं अनुश्रवण पर केंद्रित है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आयुक्त, मनरेगा-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बीआरडीएस अभिलाषा कुमारी शर्मा, भा.प्र.से.ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'युक्तधारा' के प्रभावी उपयोग से मनरेगा योजनाओं के कार्यान्वयन की गुणवत्ता और पारदर्शिता में वृद्धि होगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने तथा प्राप्त जानकारियों को पंचायत स्तर तक सभी संबंधित कर्मियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य परिचालन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने 'युक्तधारा' पोर्टल के उपयोग को मनरेगा योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और इसके उचित इस्तेमाल पर बल दिया। निदेशक, ई-गवर्नेंस एवं आईटी, सरोज कुमार ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और




तकनीक-सक्षम योजना निर्माण के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनआइआरडीपीआर से तकनीकी विशेषज्ञश्री एम.वी. रवि बाबूभी शामिल हैं जो 'युक्तधारा' पोर्टल के माध्यम से जीआइएस आधारित योजना निर्माण एवं अनुश्रवण पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य भर से आए सभी मास्टर ट्रेनर्स को सशक्त बनाने और ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण पूरी कर सभी मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिले एवं प्रखंड के मनरेगा कर्मियों को इसी विषय पर प्रशिक्षित करेंगे।

# पीपीयू के कुलसचिव प्रो रिजवी गुरु शिक्षा सम्मान से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना की एजुकेशनल डेवलपमेंट काउंसिल ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर रिजवी को 'गुरु शिक्षा सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एक समारोह में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर काउंसिल के संयोजक प्रोफेसर कमल बोध भी उपस्थित थे। प्रोफेसर रिजवी को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। पीपीयू के डीन प्रो राजीव रंजन, महाविद्यालयों की निरीक्षक प्रोफेसर हेमलता सिंह, प्रो. कृष्णनंदन प्रसाद, प्रोफेसर शशि प्रभा दुबे, प्रोफेसर मोहम्मद अब्बास ने प्रोफेसर रिजवी को बधाई दी है।

# कमजोर तबके के हजारों लोगों को सरकार अनुदानित दर पर देगी चूजे

## राज्य के सभी 38 जिलों के 17,820 लाभुकों के बीच होगा वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग समेकित मुर्गी विकास योजना के तहत कमजोर तबके के परिवारों के बीच अनुदानित दर पर प्रत्येक परिवार 45 चूजों का वितरण करेगा। लो इनपुट प्रजाति के इन चूजों के वितरण के लिए विभाग ने ऑफलाइन आवेदन मांगा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत कमजोर वर्गों के परिवारों के बीच कुल 8,01,900 चूजों का वितरण अनुदानित दर पर किया जाना है। इन चूजों को रखने के लिए भी केज निर्माण के लिए विभाग प्रति परिवार एक हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत प्रति लाभुक 45 चूजे अनुदानित दर 10 रूपये प्रति चूजा की दर से दिया जाएगा। इस योजना का लाभ राज्य के सभी 38 जिलों के लोगों को मिलेगा। इसका लाभ पाने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को जिला स्तर पर जिला पशुपालन कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ सभी आवश्यक कागजातों को भी जमा करना होगा। इन वांछित कागजातों में फोटो, आधार, वोटर आई.डी, पैन कार्ड, आवास प्रमाण पत्र शामिल है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा। लाभुकों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

**प्रति लाभुक 3,700 रुपये खर्च करेगी सरकार**

विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17,820 लोगों को इस योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य है कि इस वित्तीय वर्ष में सामान्य जाति के 5,660, अनुसूचित जाति के 11,060 और अनुसूचित जनजाति के 1100 लोगों का इस योजना का लाभ दिलाया जा सके। इस योजना में प्रति लाभुक 45 चूजों का वितरण करने पर अनुमानित व्यय 3150 रुपये है। इसमें से प्रति चूजा 10 रुपये के हिसाब से लाभुक द्वारा अनुमानित व्यय 450 रुपये होगा। वहीं सरकार प्रति लाभुक 45 चूजों के वितरित करने पर 2,700 रुपये अनुदान के रूप में देगी। साथ ही केज निर्माण के लिए प्रति लाभुक अनुदान एक हजार रुपये भी मिलेगा। इस तरह से सरकार इस योजना में प्रति लाभुक कुल 3,700 रुपये अनुदान के रूप में प्रति लाभुक खर्च करेगी।

# जोगबनी और इरोड के मध्य अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्णिया-कटिहार-मानसी-बरौनी-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-इटारसी-नागपुर-विजयवाड़ा-पेरम्बूर- काटपाडी के रास्ते जोगबनी और ईरोड के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 15.09.2025 को जोगबनी और ईरोड के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 06602 जोगबनी-ईरोड अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 15.09.2025 सोमवार को गाड़ी सं. 06602 जोगबनी-इरोड अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल जोगबनी से 15.30 बजे खुलकर 15.44 बजे फारबिसगंज, 16.09 बजे अररिया कोर्ट, 16.45 बजे पूर्णिया, 17.40 बजे कटिहार, 18.40 बजे नौगछिया, 19.30 बजे मानसी, 19.43 बजे खगड़िया, 20.25 बजे बेगूसराय, 21.30 बजे बरौनी, 22.25 बजे शाहपुर पटोरी, 23.45 बजे हाजीपुर, अगले दिन 00.02 बजे सोनपुर, 00.50 बजे पाटलिपुत्र, 01.13 बजे दानापुर, 01.43 बजे आरा, 02.06 बजे रघुनाथपुर, 02.31 बजे बक्सर एवं 05.15 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 18.09.25 गुरुवार को 07.20 बजे ईरोड पहुंचेगी।

# महाप्रबंधक ने किया धनबाद मंडल के चोपन-शक्तिनगर रेल खंड का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा धनबाद मंडल के चोपन-शक्तिनगर रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिचालन व्यवस्था, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का गहन अवलोकन किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने धनबाद मंडल के अंतर्गत दूधीचुआ कोल साइडिंग (सिंगरौली) का निरीक्षण किया तथा एन.सी.एल. के अधिकारियों के साथ बैठक/चर्चा कर माल लदान की व्यवस्था एवं उससे संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कोयला परिवहन को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। साथ ही महाप्रबंधक द्वारा चोपन से सोनभद्र स्टेशन तक 02 इंजन और 58 वैगन युक्त लॉन्ग हॉल गुड्स ट्रेन द्वारा सफल फुट प्लेटिंग किया गया जो मालगाड़ी परिचालन में दक्षता और क्षमता वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।



# पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में अधिकारी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 26.09.2025 तक चलने वाली राजभाषा पखवाड़ा-2025 के आयोजन के क्रम में अधिकारी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केशव त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में कुल 6 पुरस्कार हैं : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के तीन प्रतियोगिता में हिंदी से अंग्रेजी, अंग्रेजी से हिंदी, राजभाषा नियम-उप-नियम आदि संबंधी प्रश्न प्रतिभागियों से पूछे गए। उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने मौके पर ही इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। इसके अनुसार लेखा विभाग के राकेश रंजन लाल, सविस/बजट को प्रथम स्थान, निर्माण विभाग के सौरभ सावर्ण, वकाधि को द्वितीय स्थान एवं सुरक्षा विभाग के विजय कुमार चौबे, उप निरीक्षक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं मौके पर प्रशासन, लेखा एवं वाणिज्य को प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# अनुग्रह नारायण कॉलेज और गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, गांधीनगर के बीच अकादमिक समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अनुग्रह नारायण कॉलेज, पटना का चयन गुजरात सरकार के फैकल्टी एक्सपोजर प्रोग्राम हेतु किया गया। इस दौरान संस्थान के टीम ने शैक्षणिक दौरा, नवाचारों का अध्ययन किया। इस योजना का उद्देश्य गुजरात राज्य के शिक्षकों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों की अकादमिक नीतियों, प्रशासनिक व्यवस्था और नवाचारों से रूबरू कराना है। गांधीनगर स्थित गवर्नमेंट साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दशरथ कुमार पी. पटेल के नेतृत्व में एक चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 10 से 11 सितम्बर 2025 के बीच किसी दो दिनों के लिए अनुग्रह नारायण कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल



कॉलेज ने महाविद्यालय के शैक्षणिक प्रक्रियाओं, नवाचारों और संस्थागत सुधारों का अवलोकन किया। यह यात्रा 'लर्निंग एंड एक्सपोजर-कम-स्टडी टूर फॉर फैकल्टीज' योजना के तहत नॉलेज कंसोर्टियम ऑफ गुजरात सरकार के द्वारा प्रायोजित था। इस पहल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यप्रणालियों को समझना, अन्य संस्थानों से सीख लेकर सुधार को बढ़ावा देना तथा एनएएसी और एनआईआरएफ जैसी संस्थागत मान्यता प्राप्ति की तैयारियों में सहायता करना है। गुजरात के प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा न केवल दोनों राज्यों के शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगी।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने बीमारियों की कराई नि:शुल्क जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में आंख रोग के अतिरिक्त स्त्री रोग, हड्डी रोग आदि की जांच भी हुई तथा सम्बंधित ब्लड एवं अन्य जांच भी की गई। मौके पर अध्यक्ष बंसल ने कहा कि आंख जांच शिविर में आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण ने 43 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 10 मरीज का मोतियाबिंद बढ़ा हुआ पाया गया जिसका नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। गोयल ने बताया कि शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी द्वारा करीब 50 से अधिक महिलाओं मरीजों की जांच की गई जिसमें 38 मरीजों में विभिन्न बीमारी पाई गई। इसके अतिरिक्त हड्डी



रोग की जांच प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार द्वारा 35 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें सलाह एवं दवा दी गई। मरीजों के खून एवं अन्य जांच सोसायटी के लैब में डॉ सलोनी द्वारा किया गया। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि शनिवार 13 सितंबर को संध्या साढ़े पांच बजे से मुम्बई लीलावती अस्पताल की एचओडी प्रसिद्ध लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ विभा वर्मा नि:शुल्क मरीजों की जांच करेंगी।

# बिहार के किसानों की आय बढ़ा रहा पशुपालन, ग्रामीण क्षेत्रों में आई समृद्धि

## राज्य में पशुपालन से बढ़ रहा है स्वरोजगार, महिलाएं हो रही सशक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पशुपालन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बिहार के लोग पशुपालन जीवन-निर्वहन के लिए नहीं बल्कि स्वरोजगार पाने के लिए कर रहे हैं। इसमें बिहार सरकार का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग उनका सहयोग कर रहा है। विगत पांच वर्षों में पशुपालन के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से करीब 250 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है जिसका लाभ अब ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है। पशुपालन के जरिए खासकर महिलाएं स्वरोजगार पाकर सशक्त हो रही है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग गाय और भैंस पालन से संबंधित कई योजनाओं का संचालन कर रहा है जिसमें राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों और किसानों को डेयरी को स्थापित करने के लिए डेयरी की लागत का 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। समग्र गव्य विकास योजना और देशी गौ पालन योजना के तहत लाभुक को 50 से 75 फीसदी तक अनुदान दिया जाता है। पिछले पांच वर्ष में इस योजना के तहत 178.03 करोड़ रूपये बतौर अनुदान दिया गया है। वहीं, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना में 50 से 60 फीसदी अनुदान दिया जाता है। इस योजना के तहत विगत 5 वर्षों में 19.15 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। समेकित मुर्गी विकास योजना प्रति योजना के तहत 30 से 40 फीसदी सब्सिडी दी जाती है जिसमें विगत 5 वर्षों में 41.67 करोड़ रुपये बतौर अनुदान दिया गया है। बिहार सरकार की इस पहल से राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार दिलाने में बड़ी मदद मिली है।

# भूदान आंदोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे की जयंती आयोजित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में भूदान आंदोलन के प्रणेता संत विनोबा भावे की 130वीं जयंती बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि कदम कुआं पटना के सभा कक्ष प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें माखन लाल दास, डॉ मोख्तारूल हक, अरुण प्रसाद, शिबबालक प्रसाद, उमेश मंडल सहित बिहार की खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं व स्वंयसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लेकर भूदान तथा खादी ग्रामोद्योग की समस्याओं पर विस्तार से विचार व्यक्त किये। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल सह बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि ने सरकार से मांग की खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं की बकाया रिबेट की रकम का भुगतान सरकार अविलंब करें ताकि कत्तिन, बुनकर व अन्य कामगारों को रोजगार मिल सके।

## संपादकीय

# जीत संग जिम्मेदारी

उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत अप्रत्याशित नहीं है। संख्या बल शुरू से उनके साथ था। इंडिया. ब्लॉक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारकर एक मेसेज देना चाहता था और इसमें वह काफी हद तक सफल रहा। वैसे भी उपराष्ट्रपति चुनाव को केवल वोटों के गणित और सियासी समीकरणों से नहीं तौला जा सकता। असली चुनौती यहां से शुरू होती है। इस चुनाव की नौबत इसलिए आई क्योंकि सत्र के बीच में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा दे दिया। देश के सामने ऐसे स्थिति कभी नहीं आई थी कि संसद का सत्र चल रहा हो और उपराष्ट्रपति अचानक पद छोड़ दें। उनका जाना कई सवाल खड़े कर गया। सीपी राधाकृष्णन को इस अतीत से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी है। वह ऐसे वक्त में यह पद संभालने जा रहे हैं, जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की दीवार बहुत ऊंची हो चुकी है। इसका असर इस इलेक्शन में भी दिखा। दोनों तरफ से तल्खियां साफ नजर आईं और आरोप-प्रत्यारोप वैसे ही लगे, जैसे कि दूसरे चुनावों में लगते हैं। लेकिन, यह अब बीती बात है। कौन साथ रहा और कौन खिलाफ, यह भूलकर नए उपराष्ट्रपति से उम्मीद होगी संतुलन और निरपेक्षता की। उन्हें दोनों पक्षों को साथ लेकर चलना होगा। सीपी राधाकृष्णन के सामने एक और बड़ी चुनौती है - खुद को अराजनीतिक दिखाना। देश में उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं होता, लेकिन हाल-फिलहाल में इससे कई राजनीतिक विवाद जुड़ चुके हैं। धनखड़ के साथ विपक्ष की यह शिकायत आम रही कि वह उनको मौके नहीं देते। ऐसे में लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर सीपी राधाकृष्णन को भी परखा जाएगा। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और इस नाते सीपी राधाकृष्णन के सामने यह कठिन कार्य है कि वह कैसे उच्च सदन को उसकी गरिमा वापस दिलाते हैं। दुर्भाग्य से राज्यसभा से अब सार्थक बहसों से अधिक हंगामे और शोर-शराबे की खबरें आती हैं। इस मॉनसून सत्र में ही राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी केवल 38.8 प्रतिशत रही। ज्यादातर वक्त सदन बाधित रहा और कई अहम मुद्दों पर बहस अधूरी रह गई। उच्च सदन को ज्यादा विचारवान माना जाता रहा है। उसकी यह खोई छवि कैसे लौटती है, नए उपराष्ट्रति पर निर्भर करता है।

**आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। दुनिया में आत्महत्या आज एक गहरी एवं विडम्बनापूर्ण वैश्विक चुनौती बन चुकी है। हर साल लाखों लोग अपनी ही जिंदगी से हार मान लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 7.2 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट भी है। 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। यही वजह है कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। 2024 से 2026 तक इसकी थीम 'चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड' रखी गई है, जिसका उद्देश्य है आत्महत्या पर खामोशी तोड़कर इसे एक निष्क्रिय विषय से संवाद और सहयोग का सक्रिय विषय बनाना। आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये।**

# निराशा से आशा की ओर आत्महत्या के खिलाफ जंग

**(ललित गर्ग )**



निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है।

आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। वैश्विक स्तर पर यह एक गंभीर समस्या है, दुनिया भर से आते नए आंकड़े इस चुनौती की गंभीरता को और उजागर करते हैं। 2021 में अनुमानित 7.27 लाख आत्महत्याएं हुईं और विश्व में हर 43 सेकेंड में कोई एक व्यक्ति खुदकुशी कर रहा है। 73 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती हैं और सबसे अधिक असर युवा और गृहिणियों पर पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आत्महत्या करने वाली महिलाओं में 51.5 प्रतिशत गृहिणियां थीं। आत्महत्या की दर दो दशकों में 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई है। उत्तराखंड जैसे राज्यों में पारिवारिक कलह आत्महत्या का बड़ा कारण है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा क्षमता से अधिक हो चुकी है, पारिवारिक सामंजस्य खत्म हो गया है, असफलता का डर और तनाव सहने की क्षमता कम हो गई है। यही कारण है कि पढ़ाई के दबाव, नौकरी में असफलता, रिश्तों के टूटने और आर्थिक अभाव से युवा और किशोर आत्महत्या की ओर धकेले जा रहे हैं।

भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और कर्ज़ से संबंधित थे। छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं बल्कि समाज और सरकार दोनों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा। भारत सरकार ने 2017 में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित करके आत्महत्या प्रयास को अपराध की श्रेणी से बाहर किया और 2020 में 'किरण' नामक राष्ट्रीय हेल्पलाइन शुरू की जो 13 भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराती है। 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाई गई जिसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की कमी लाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, परामर्श केंद्रों की स्थापना, रोजगार सृजन, परिवारिक संवाद को मजबूत करना, मीडिया की संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और हेल्पलाइन सेवाओं-जैसे आसरा, वंद्रेवाला, समैरिटन्स मुंबई-की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा उपाय यही है कि व्यक्ति को निराशा के अंधकार में छोड़ने के बजाय उसके जीवन में आशा, साहस और सहयोग का संचार किया जाए क्योंकि कठिनाइयों का समाधान आत्महत्या में नहीं बल्कि संघर्ष, विश्वास और सहारा देने वाले समाज में है।

दुनिया का यह दुखद सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से बीमारियों से मरने वालों की संख्या घटी है पर आत्महत्या के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ी है। भौतिकवादी जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, अवसाद और असंतुलन ने मनुष्य को भीतर से खोखला बना दिया है। प्रसिद्ध कलाकार, जिनका सार्वजनिक जीवन में हंसता खेलता चेहरा दिखाई देता है, कभी अचानक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि भीतर का अकेलापन और दबाव उन्हें जीने नहीं देता। सवाल यह है कि जिनके पास साधन और सहयोग की कमी नहीं, वे भी क्यों जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बर्दाश्त नहीं कर पाते। किसानों की आत्महत्या, आर्थिक तंगी, व्यापार में नुकसान, रिश्तों का टूटना, तलाक और अभाव की स्थिति आत्महत्या की सबसे बड़ी जड़ें हैं। समाज और परिवार का विघटन भी व्यक्ति को असहाय बना देता है।

आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। टॉयनबी ने ठीक ही कहा है कि कोई भी संस्कृति हत्या से नहीं बल्कि आत्महत्या से मरती है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। सरकारों, संगठनों, समुदायों और परिवारों की जिम्मेदारी है कि वे संवाद और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा दें। जब कोई व्यक्ति संकट में हो तो परिवार, दोस्त, पड़ोसी और सहकर्मी उसे अकेला न छोड़ें बल्कि उसका हाथ थामें। हमें एक ऐसी सामाजिक संरचना बनानी होगी जहां मदद मांगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस माना जाए। जहां तनाव और अवसाद को गंभीरता से समझा जाए और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले। जहां बच्चों को बचपन से ही संघर्षों से लड़ने की शिक्षा दी जाए और असफलताओं को जीवन का हिस्सा समझने का दृष्टिकोण

# जीवन की रक्षा में संवाद ही सबसे बड़ा हथियार

**(योगेश कुमार गोयल)**

प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है 'आत्महत्या पर कहानी बदलना'। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।

प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है 'आत्महत्या पर कहानी बदलना'। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं।

जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता।

मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा कई पुस्तकों के लेखक हैं)

# रुस-यूक्रेन जंग ने भर दी अमेरिकी रक्षा कंपनियों की झोली

## ओआरएफ रिपोर्ट ने ट्रंप की पोल खोली

**नतीजा यह है कि लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियां युद्ध के हर दिन मुनाफ़े की नई ऊंचाई छू रही हैं। नाटो देशों को भी अपने रक्षा बजट बढ़ाने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे अमेरिकी हथियार उद्योग के लिए और बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। हजारों जानें जा चुकी हैं, लाखों लोग शरणार्थी बन गए हैं और यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था गहरे संकट में है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यह संघर्ष अभी भी किसी निर्णायक जीत या हार की ओर नहीं बढ़ पाया है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

लेकिन अगर इस युद्ध के बीच किसी ने सबसे ठोस और वास्तविक लाभ कमाया है, तो वह हैं अमेरिकी रक्षा कंपनियां। थिंक टैंक ऑब्ज़र्वर रिसर्च फ़ाउंडेशन (ओआरएफ) की रिपोर्ट बताती है कि 2022 से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को लगभग 66.9 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दी है। शुरुआती दौर में यह पैकेज सीधे मदद के रूप में था, लेकिन 2024 से अमेरिकी नीति ने करवट ली और अब यह हथियारों की बिक्री में बदल चुका है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने यूक्रेन को मिसाइलों, तोपों और हथियारों की आपूर्ति को 'बाज़ार' का रूप दे दिया है।

नतीजा यह है कि लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियां युद्ध के हर दिन मुनाफ़े की नई ऊंचाई छू रही हैं। नाटो देशों को भी अपने रक्षा बजट बढ़ाने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे अमेरिकी हथियार उद्योग के लिए और बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। विडंबना यह है कि राजनीतिक स्तर पर अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए उंगली उठाता है, लेकिन असली खेल उसके अपने सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स के मुनाफ़े से जुड़ा है। युद्ध चाहे लंबा खिंचे या किसी मोड़ पर थमे, अमेरिकी रक्षा कंपनियों के कैश रजिस्टर लगातार बढ़ते रहेंगे। यानी, रूस-यूक्रेन युद्ध का निष्कर्ष यह है कि मैदान में भले ही अभी कोई स्पष्ट विजेता न दिखे, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर असली जीत अमेरिकी रक्षा उद्योग की हो चुकी है। यही आज की सबसे कठोर और सबसे असहज सच्चाई है।

ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध का वास्तविक लाभार्थी अमेरिका का सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स (मिलीट्री इंडस्ट्रीज काम्पेल है, जिसने इस युद्ध के चलते हथियारों के ऑर्डर, उत्पादन, मुनाफे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ी रक्षा प्रणालियों के करारों में 'विस्फोटक वृद्धि' दर्ज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच, यूक्रेन की कुल हथियार खरीद का 45त्न हिस्सा अमेरिका से आया, जो इस अवधि में अमेरिका के कुल हथियार निर्यात का 9.3 प्रतिशत है। शुरुआती दौर में यह सहायता सीधे सैन्य पैकेज के रूप में थी, लेकिन 2024-25 से अमेरिका ने इसे हथियारों की बिक्री में बदलना शुरू किया। अगस्त 2025 में अमेरिका ने 825 मिलियन डॉलर मूल्य के 3,350 विस्तारित दूरी वाले आक्रमण मिसाइलों की बिक्री को मंजूरी दी। इसके बाद जुलाई में ट्रंप औरनाटो महासचिव मार्क रुट्टे की बैठक में यूरोपीय देशों और कनाडा को अमेरिका से 10 अरब डॉलर से अधिक के हथियार खरीदने पर राज़ी किया गया। यह बदलाव स्पष्ट करता है कि अमेरिका अब 'उदार सहायता' देने की बजाय यूक्रेन संकट को अपने हथियार बाजार के विस्तार का अवसर मान रहा है।

**नाटो और रक्षा बजट-** अमेरिकी दबाव या सुरक्षा अनिवार्यता? इसके अलावा, जून 2025 के नाटो सम्मेलन में सदस्य देशों ने घोषणा की थी कि वे 2035 तक अपने वार्षिक रक्षा बजट को जीडीपी के 5 प्रतिशत तक बढ़ाएंगे। यह 2006 के 2 प्रतिशत लक्ष्य से लगभग 150 प्रतिशत की छलांग है। हम आपको बता दें कि वर्तमान में अमेरिका नाटो सहयोगियों की कुल हथियार खरीद का 64 प्रतिशत आपूर्ति करता है, जो 2015-19 में 52 प्रतिशत था। इस तरह वैश्विक हथियार निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 2014-19 के 35 प्रतिशत से बढ़कर 2020-24 में 43 प्रतिशत हो गई। स्पष्ट है कि यूक्रेन युद्ध अमेरिकी हथियार उद्योग के लिए 'कैश काउ' साबित हो रहा है।



इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के रक्षा औद्योगिक ढांचे में 100,000 से अधिक कंपनियां शामिल हैं। इनमें से पाँच दिग्गज- लॉकहीड मार्टिन, आरटीएक्स , जनरल डायनैमिक्स, नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन और बोइंग, पेंटागन के एक-तिहाई से अधिक ठेके हासिल करती हैं। केवल 2024 में फॉरेन मिलिट्री सेल्स के तहत हथियार सौदों का मूल्य 117.9 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023 की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में डायरेक्ट कमर्शियल सेल्स 157.5 अरब डॉलर से बढ़कर 200.8 अरब डॉलर हो गईं। यानी, 'लगातार चल रहे संघर्ष' जैसे- इराक, अफगानिस्तान, यूक्रेन और चीन के बढ़ते खतरे ने अमेरिकी रक्षा ठेकेदारों के लिए लगातार मुनाफ़े का स्रोत उपलब्ध कराया है। दूसरी ओर, जहां अमेरिका के राजनीतिक वर्ग में भारत को रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस का सहायक बताकर निशाना बनाया जाता है, वहीं हकीकत यह है कि युद्ध की सबसे बड़ी आर्थिक कमाई अमेरिका के हथियार उद्योग को हो रही है। अमेरिका के भीतर भी ट्रंप और बाइडेन प्रशासन युद्ध की ज़िम्मेदारी को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते हैं, किंतु दोनों ही कार्यकालों में अमेरिकी हथियार कंपनियां लाभान्वित होती रही हैं। देखा जाये तो भारत को इस विमर्श को वैश्विक मंच पर चुनौती देने की आवश्यकता है, क्योंकि उसका तेल और ऊर्जा आयात तो संतुलनकारी रणनीति का हिस्सा है।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि रूस-यूक्रेन युद्ध न केवल यूरोप की सुरक्षा को पुनर्परिभाषित कर रहा है, बल्कि उसने अमेरिका के सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स को नए शिखर पर पहुंचा दिया है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में यह सच्चाई कितने देशों की आंखें खोलती है।( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### समय से पहले गलत तरीके से दूसरे को दिया गया टेंडर : जी कविता

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिमना रोड स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में कैंटीन का संचालन कर रही जी कविता ऑनेस्टी कैटरिंग सर्विसेस की संचालिका जी कविता ने कॉलेज प्रबंधन पर अनुबंध अवधि पूरी होने से पहले ही नया टेंडर निकालने का आरोप लगाया है. डिमना रोड स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में कैंटीन का संचालन कर रही जी कविता ऑनेस्टी कैटरिंग सर्विसेस की संचालिका जी कविता ने कॉलेज प्रबंधन पर अनुबंध अवधि पूरी होने से पहले ही नया टेंडर निकालने का आरोप लगाया है. इस संबंध में उन्होंने एसडीओ को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है. जी कविता ने बताया कि कॉलेज में कैंटीन संचालन के लिए उन्होंने नियमानुसार दो लाख रुपये की जमानत राशि जमा की है. पांच साल के लिए कॉलेज प्रबंधन से अनुबंध भी किया गया था. कैंटीन संचालन की शुरूआत एक अक्तूबर 2021 से हुई थी और यह अनुबंध एक अक्तूबर 2026 तक मान्य है. उन्होंने कहा कि मात्र एक माह पहले ही उनके द्वारा कैंटीन की मरम्मत भी करायी गयी थी. इसके बावजूद कॉलेज प्रबंधन ने बिना किसी सूचना के नया टेंडर निकाल दिया और इसे दूसरी एजेंसी को दे दिया. यह अनुचित है. जी कविता ने कहा कि जब तक उनका अनुबंध पूरा नहीं हो जाता, कॉलेज प्रबंधन किसी अन्य एजेंसी को टेंडर नहीं दे सकता. उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है.

### मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर सीपीएम ने किया प्रदर्शन



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल कार्यालय के समक्ष बुधवार को बैद्यनाथ ग्लास फैक्ट्री के मजदूरों ने अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर सीपीएम के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. बताया जाता है कि वर्ष 2005 में फैक्ट्री को अचानक बंद कर दिया गया था, जिससे करीब साढ़े तीन सौ मजदूर बेरोजगार हो गया. मजदूरों ने बताया कि वर्षों तक उनकी मेहनत की कमाई से पीएफ की कटौती हुई थी. पर फैक्ट्री प्रबंधन के असहयोग के कारण न तो बकाया पीएफ राशि का भुगतान हुआ और न ही पेंशन सुनिश्चित हुई. मजदूरों ने मांग की कि मजदूरों के पीएफ व पेंशन का शीघ्र भुगतान किया जाये, महंगाई भत्ते की व्यवस्था की जाये व बेरोजगारों को भत्ता दिया जाये. साथ ही शिक्षा सुधार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के कार्यक्रम चलाने की भी मांग किया. मौके पर मनोज झा, सीता राम हेंब्रम, शिवनाथ राय, प्रदीप कुमार मंडल, परमेश्वर दास, गोपाल महतो, शिबु मंडल, नकुल दास, नुनुलाल दास, रामु यादव, श्याम लाल यादव, रमेश्वर मंडल, गोपी महतो, दुखन दास, हरि महतो समेत दर्जनो मजदूर मौजूद थे.

### वीर सपूत नीरज चौधरी को युवाओं ने दी श्रद्धांजलि



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के गांधी चौक पर बुधवार शाम को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के कार्यकताओं ने लद्दाख के सियाचिन में हुए शहीद नीरज कुमार चौधरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया. देश की सेवा करते हुए अग्निवीर जवान कजरा गांव निवासी नीरज कुमार चौधरी शहीद हो गए थे. मौके पर कार्यकताओं ने वीर जवान नीरज अमर रहे, भारत माता की जय आदि का नारा लगाया. कहा कि शहीद नीरज चौधरी की कुबार्नी को देश हमेशा याद रखेगा. उनका बलिदान देश के हर युवा को प्रेरित करता रहेगा. मौके पर सुदामा यादव, सत्यम कुमार भैया, दिवाकर कुमार, रवि रवानी, अवध भैया, सुनीता जायसवाल, सुनीता चौधरी, सोनू चौधरी, रंजीत यादव, प्रद्युमन मंडल, सचिन कुमार, रोहित पासवान, पवन यादव, दिनेश यादव, विशाल कुमार यादव, निरंजन यादव, गौरव यादव, अक्षय पांडे, आशीष, आकांक्षु कुमार यादव, गौरव पाठक, कुंदन यादव, पीतांबर मरांडी, सोनू झा आदि मौजूद थे.

### शहीद नीरज के परिजनों से मिले भाजपा नेता

**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कजरा गांव में भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह शहीद नीरज कुमार चौधरी के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिले. उन्होंने कहा नीरज की शहादत सिर्फ परिवार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की है. उन्होंने शहीद नीरज चौधरी को विनम्र श्रद्धांजलि दी. मां भारती के इस वीर सपूत ने देश की रक्षा करते हुए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है. उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता.

### अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा सदर अस्पताल में बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी. घटना के संबंध में बताया गया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति को पुलिस ने अचेत अवस्था में सोमवार को सदर अस्पताल भर्ती कराया था. बुधवार को उसकी मौत हो गयी. घटना की जानकारी मिलने पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है. उसे 72 घंटे के लिए शीतगृह में रखा गया है.

### अबुआ आवास निर्माण में बालू संकट, समाधान की मांग

**मझिआंव/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार प्रगतिशील मजदूरी यूनियन के प्रखंड संयोजक अवध बिहारी सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार पांडेय को लिखित आवेदन देकर क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है. आवेदन में कहा गया है कि प्रखंड क्षेत्र में लगभग 1585 लाभुकों का अबुआ आवास स्वीकृत किया गया है, जिनमें से करीब 1000 लाभुकों की राशि भी निर्गत कर दी गयी है. लेकिन बालू के अभाव में आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है. वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा आवास का निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों के खिलाफ नोटिस भी जारी किया गया है. इससे लाभुकों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है. अवध बिहारी सिंह ने कहा है कि बालू आम लोगों और लाभुकों को सरकारी चालान के मूल्य पर उपलब्ध कराया जाये, ताकि आम लोग भी सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर बालू का लाभ उठा सकें और आवास योजना का मकसद पूरा हो सके.

### आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले जाया जाये प्लांट : विधायक

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव ने डोमचांच प्रखंड के पचगावां में कचरा डंपिंग यार्ड एवं रिसाइकलिंग प्रोजेक्ट के संबंध में उपायुक्त को पत्र लिखकर इसे आबादी से दूर बनाने को कहा है. बुधवार को दिये पत्र में विधायक ने कहा है कि जिले के डोमचांच प्रखंड अंर्तगत मसनोडीह पंचायत के पचगावां गांव के समीप नगर पंचायत डोमचांच के द्वारा कचरा डंपिंग यार्ड एवं रिसाइकलिंग प्रोजेक्ट बनाने की योजना है. स्थानीय ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं, मंगलवार को ग्रामीणों को कार्य शुरू होने की जानकारी मिलते ही स्थल पर भीड़ जमा होने लगी और उक्त जमीन पर ही बैठ कर लोगों ने विरोध जताया. ग्रामीणों का कहना था कि यहां पर कचड़ा यार्ड बनने से वातावरण प्रदूषित होगा, हमलोगों की परेशानी बढ़ेगी, पहले भी कोडरमा नगर पंचायत के लिए चन्द्रोडीह में इस तरह का यार्ड बनाया गया जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाई होती है. वहीं इस यार्ड का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है. ग्रामीणों ने डोमचांच के पचगावां स्थित प्रस्तावित स्थल पर स्कूल और स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने की मांग की है. पचगावां में एक एकड़ जमीन पर प्लांट का निर्माण होना है और भविष्य में चार एकड़ अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण कर प्लांट का विस्तार करने की योजना है. विधायक ने जनहित में तथा ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पचगावां में प्रस्तावित इस योजना को तत्काल स्थगित करते हुए गांव से दूर प्लांट को लगवाने को कहा है, जहां आबादी प्रभावित ना हो.

### पूर्व वार्ड कमिश्नर के गोदाम से चोरी का सामान बरामद

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** शहर के मेन रोड स्थित प्रिया हार्डवेयर दुकान के संचालक सह पूर्व वार्ड कमिश्नर उज्जवल केशरी के गोदाम से चोरी का 31 पीस नगाड़ा का खोल पुलिस ने बरामद किया है. अगस्त माह में शहर के धोबी मोहल्ला स्थित गजिया सेठ के गोदाम से नगाड़ा खोल की चोरी हुई थी. इसके बाद गाजिया सेठ दुकान के संचालक अमित साबू ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू की और चार चोरों को हिरासत में लिया. पूछताछ में चोरों ने बताया कि चोरी का सारा समान प्रिया हार्डवेयर दुकान के संचालक को बेची है. इसके बाद पुलिस ने अचानक मेन रोड स्थित प्रिया हार्डवेयर दुकान पहुंच छापेमारी की.

# मिट्टी को भी भगवान का रूप दे देने वाले कलाकार आदर के पात्र : एसडीएम

## कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में जिले के शिल्पकार व मूर्तिकारों ने अपनी समस्याएं व सुझाव साझा किये

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को सदर एसडीएम संजय कुमार ने अपने नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में क्षेत्र के मूर्तिकारों के साथ संवाद किया. मूर्तिकारों ने एसडीएम के साथ अपनी समस्याएं व सुझावों को साझा किया. मूर्तिकारों ने मिट्टी की सहज उपलब्धता, बाजार तक पहुंच तथा उनके कार्य को प्रोत्साहन देने के लिए मेले का आयोजन करने की मांग रखी. एसडीएम संजय कुमार ने मूर्तिकारों को आश्वस्त किया कि उनके कौशल विकास व प्रशिक्षण के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि मिट्टी को भी भगवान का रूप देने वाले कलाकार आदर के पात्र हैं. उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही गढ़वा में विशेष रूप से मिट्टी के कलाकारों के लिए एक भव्य 'मृदा शिल्प मेला' आयोजित किया जाएगा, जिससे उन्हें



अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा. एसडीएम ने कहा कि सभी शिल्पकार न केवल कला के संरक्षक हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, धर्म और परंपरा के वाहक भी हैं. प्रशासन उनके विकास और हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि कलाकारों पर ईश्वर की विशेष कृपा होती है इसलिए उनकी विद्या के कारण वे सभी आदर के पात्र हैं. कोयल नदी की मिट्टी मूर्ति निर्माण अनुकूल मूर्तिकारों ने कहा कि गढ़वा में कोयल नदी के तटीय इलाकों की मिट्टी मूर्ति निर्माण के लिए काफी अनुकूल है. यहां पुआल की भी पर्याप्त उपलब्धता है. साथ ही लोगों में सीखने की प्रवृत्ति भी है. इको-फ्रेंडली होती हैं मिट्टी की मूर्तियां मूल रूप से बंगाल के रहने वाले राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत मूर्तिकार संजय सूत्रधार ने बताया कि मिट्टी और पुआल से बनी मूर्तियां पूरी तरह से जलाशयों में विसर्जन करने योग्य होती हैं, उनसे किसी भी प्रकार का जल प्रदूषण नहीं होता है. चाइनीज सामग्री तथा प्लास्टर, पेरिस और खतरनाक रंगों से बनी मूर्तियां जल प्रदूषण के दृष्टिकोण से हानिकारक हैं. छोटी मूर्तियों के लिए स्थानीय स्तर पर बाजार की कमी कांडी प्रखंड के रहने वाले देवेंद्र प्रजापति और सदर प्रखंड के उदय प्रजापति ने कहा कि त्योहारों के दौरान बड़ी मूर्तियां बनाने वाले लोग बाजार में मिला जाते हैं पर छोटी मूर्ति, खिलौनें आदि के लिए गढ़वा में बाजार नहीं है. यदि प्रशासनिक स्तर से ब्रांडिंग और बाजार उपलब्ध करायी जाये, तो इस क्षेत्र में काफी अच्छा विकास हो सकता है. मिट्टी की उपलब्धता की मांग हरिहरपुर निवासी विनोद प्रजापति व कुछ अन्य मूर्तिकारों ने कहा कि वे लोग जब नदी किनारे मिट्टी उठाने जाते हैं तो स्थानीय लोग उनको मना कर देते हैं. हर प्रखंड के तटीय इलाकों में मूर्तिकारों के इलाका चिह्नित करने की जरूरत है. इससे मूर्तिकार निर्बाध कार्य कर सकेंगे. मूर्तिकारों को मिले प्रशिक्षण गढ़वा के तेनार गांव निवासी दिव्यांग शिल्पकार संतोष कुमार प्रजापति ने मांग रखी कि प्रशासनिक स्तर से गढ़वा के शिल्पकारों को अत्याधुनिक तौर तरीकों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया जाये. साथ ही उन्हें विश्वकर्मा योजना के तहत या किसी अन्य कल्याणकारी योजना के तहत उपकरण आदि में मदद दी जाये. सम्मान-जनक जीविका है मूर्ति कला शिल्पकार शिबू कुमार ने कहा कि एक समय था जब उनके लिए 2 वक्त की रोटी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया था. इसके बाद वह इस विधा से जुड़कर हर महीने 15 से 20 हजार रुपए कमा रहे हैं. इस दिशा में प्रशिक्षण लेकर युवा एक सम्मानजनक व्यवसाय से जुड़ सकते हैं. अखबारी कागज और रद्दी आइटम से भी बनाते हैं कलाकृतियां संजय सूत्रधार, शिबू कुमार, देवेंद्र आदि ने बताया कि वे पुराने अखबारों व रद्दी कागजों को भिगोकर उससे बनी लुगदी में मिट्टी मिलाकर भी मूर्तियां बनायी जा सकती हैं, जो इको फ्रेंडली होती हैं. शिल्प मेला का आयोजन जल्द संजय कुमार ने मूर्तिकारों की मांग पर कहा कि वे मिट्टी से जुड़े कलाकारों को मंच और पहचान देने के लिए तीन दिवसीय मृदा शिल्प मेला मुख्यालय स्तर पर आयोजित करने की कोशिश करेंगे. उक्त मेले का आयोजन दिवाली के समय किया जायेगा. इस दौरान एसडीएम ने सभी शिल्पकारों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया.

# गुरुजी के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया गया

**मरकच्चो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झामुमो जिला समिति की बैठक बुधवार को प्रखंड के बंधन चौक के समीप सिंह भवन में हुई. अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय व संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर तथा दिवाकर तिवारी ने संयुक्त रूप से किया. बैठक में पूर्व से निर्धारित मुद्दों पर चर्चा की गयी, जिसमें बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति, संगठन की मजबूती तथा स्वर्गीय शिबू सोरेन जी के अंतिम जोहर यात्रा के कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी. निर्णय लिया गया कि गुरुजी के विचारों को पहुंचाया जायेगा.

जनता से समस्याओं को लेकर सीधा संवाद स्थापित करना तथा उसका जहां तक संभव हो सके, समाधान करने का लक्ष्य रखा गया. मौजूदा सरकार के द्वारा जारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को किस हद तक अभी मिला है, इसकी समीक्षा करने का भी निर्णय लिया गया. बैठक में मौजूद जिला समिति के पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तर के पार्टी से जुड़े लोगों ने बारी-बारी से अपने विचारों को रखा तथा गुरुजी के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया. जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन जी आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी विचारधारा जिंदा है. पार्टी उनके आदर्शों से कभी जुदा नहीं हो सकती. बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर आस्था एवं विश्वास जताते हुए भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़कर झामुमो का दामन थामा. जिसका जिला अध्यक्ष, सचिव, केंद्रीय समिति सदस्य पदाधिकारी ने माला पहनाकर तथा पार्टी का अंग वस्त्र देकर शामिल कराया. मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, इस्लाम अंसारी, बुद्धिजीवी मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक नवीन चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद खलील, मोहम्मद शाकिर, अशोक राय, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अफजल, महावीर यादव, संतोष यादव, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, शशि कुमार पांडेय, बसंत पासवान, विजय दास, विदेशी दास, महावीर राणा, आजाद हुसैन, मकसूद आलम, रियासत आलम, वृंदा देवी, सुगंटी देवी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, सुमिया देवी, जगदीश दास, अख्तर अंसारी, सुरेंद्रनाथ गोस्वामी, नंदकिशोर गोस्वामी, मोहम्मद जमाल, शिबू पंडित, रेवा पंडित, केदार पासवान, मोहम्मद कयूम, रतन यादव, सुरेंद्र प्रसाद वर्मा आदि मौजूद थे.

# घर से बाहर जा रहे हैं तो स्थानीय थाना को दें जानकारी : एसएसपी

## कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कुमारधुबी ओपी प्रभारी लाइन क्लोज

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसपी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में बुधवार की शाम क्राइम मीटिंग का आयोजन समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय में किया गया. बैठक में अगस्त माह में धनबाद पुलिस के कार्यों व उपलब्धियों की बिंदुवार समीक्षा की गयी. बैठक में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सभी डीएसपी, एसडीपीओ, सभी थाना प्रभारी के अलावा विभिन्न शाखा के प्रभारी भी मौजूद थे.




**मात्र 26 सौ रह गये लंबित कांड**

अगस्त महीने में पूरे जिले में 492 कांड प्रतिवेदित किये गये. इसके उपरांत 920 कांडों का निष्पादन किया गया. निष्पादन से जिले में लंबित कांडों की संख्या घटकर करीब 2600 से हो गयी है. कुर्की व वारंट भी पिछले माह की अपेक्षा इस माह अच्छा रहा. वहीं बाइक चोरी मामले में पुलिस ने दो गिरोह का खुलासा करते हुए कई अपराधियों को जेल भेजा है. चुरायी गयी कई बाइकें बरामद की गयी. एसएसपी ने जनता से अपील करते हुए कहा : सस्ते के लालच में आकर चोरी की बाइक कभी नहीं खरीदें. बाइक खरीदते समय सभी कागजात व बाइक ऑनर के बारे में सही से सत्यापन करें.

**फैंसी नंबर प्लेट लगाने पर होगी कार्रवाई**

ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए जारी अभियान के तहत अगस्त माह में करीब 65 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया. एसएसपी ने कहा कि पुलिस का लक्ष्य अधिक जुमार्ना वसूलना नहीं है, बल्कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सड़क हादसों में कमी लाना भी है. उन्होंने कहा : बाइक पर सवार दोनों यात्री के लिए हेलमेट अनिवार्य है. लापरवाही करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. फैंसी नंबर प्लेट, ब्लिंकर, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेस व पुलिस लिखे गाड़ियों की जांच, मानव अधिकार व अन्य संगठन का नाम लिखने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान, काला शीशा या ब्लैक फिल्म, बाइक पर ट्रिपल राइड समेत अन्य सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया गया.

**कुमारधुबी प्रभारी हुए लाइन क्लोज**

क्राइम मीटिंग के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया. साथ ही, कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कुमारधुबी प्रभारी राजेश लोहरा को लाइन हाजिर किया गया है. एसएसपी ने सभी थाना प्रभारी से कहा कि थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए मामलों को निष्पादित करें. एसएसपी ने किसी भी गिरोह या अपराधी द्वारा धमकी देकर रंगदारी मांगने पर, रंगदारी नहीं देने की अपील करते कहा कि मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दें.

**दुर्गा पूजा को लेकर बढ़ाये गश्ती**

दुर्गा पूजा व अन्य त्योहारों को लेकर बाजार, शॉपिंग मॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत सभी व्यस्तम इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ाने तथा कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया. लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान अगर धनबाद से बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना संबंधित थाना को अवश्य दें ताकि बंद घर की निगरानी की जा सके.

# नेपाल में फंसे रांची के 12 लोग, हिंसक आंदोलन के बीच सभी होटल में कैद

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में बीते कुछ दिनों से हिंसा भड़की हुई है. युवा सड़कों पर उतर आये हैं और हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इस हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच राजधानी रांची के 12 लोग नेपाल के काठमांडू में फंसे हुए हैं. ये सभी रोट्रेक्ट क्लब ऑफ जीनिया के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए 9 सितंबर को काठमांडू पहुंचे थे. फिलहाल सभी लोग वहां एक होटल में बंद है. राहत की बात है कि सभी सुरक्षित है.



**नेपाल पहुंचते ही भयावह हो गयी परिस्थिति**

इस संबंध में क्लब की पूर्व अध्यक्ष सलोनी अरोड़ा ने बताया कि नेपाल में 11-12 सितंबर को क्लब का कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन सभी सदस्य दो दिन पहले ही पर्यटन के उद्देश्य से नेपाल पहुंच गये थे. नेपाल पहुंचते ही वहां की स्थिति भयावह हो गयी. काठमांडू में हिंसक आंदोलन शुरू हो गया. कल बुधवार की सुबह से नेपाल आर्मी ने मोर्चा संभाल लिया है. रांची से गये सभी लोग फिलहाल होटल में बंद हैं. उन्हें बाहर निकलने की अनुमति नहीं है. सलोनी ने बताया कि कर्फ्यू के कारण बाहर निकलना प्रतिबंधित है. उन्होंने खुद भी नेपाल जाने की योजना बनायी थी, लेकिन किसी कारणवश नहीं जा सकीं.

**भारतीय दूतावास सभी पर्यटकों से संपर्क में**

नेपाल में इंटरनेट सेवा बाधित है, जिससे लगातार बात करना संभव नहीं हो पा रहा है. हालांकि, आखिरी बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि सभी लोग सुरक्षित हैं. होटल प्रबंधन की ओर से खाने-पीने की सुविधा दी जा रही है. सलोनी ने बताया कि भारतीय दूतावास सभी पर्यटकों से संपर्क में है और स्थिति पर नजर बनाये हुए है. नेपाल प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है.

# विद्युत विभाग ने चलाया छापामारी अभियान

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के भावल पंचायत के विभिन्न गांवों में बिजली विभाग की टीम ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कर रहे कनीय विद्युत अभियंता (जेई) वेद प्रकाश ओझा ने बताया कि छापेमारी के दौरान 9 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सभी पर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने के आरोप में थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विभागीय कार्रवाई के तहत पकड़े गए उपभोक्ताओं पर भारी जुमार्ना भी लगाया गया है। इसमें मन्नु राम पर 46,568 रुपये, विनोद राम पर 18,179, नाजिर मियां पर 6,984, आबिद खां पर 48,544, युनूस मियां पर 26,318, नुरहोदा मियां पर 16,574, जयनंदन राम पर 18,700 तथा बाघा मियां पर 15,546 रुपये का जुमार्ना शामिल है। वेद प्रकाश ओझा ने बताया कि सभी आरोपित या तो एलटी लाइन में टोका फंसाकर बिजली जला रहे थे. इनमें बाईपास कनेक्शन से अनाधिकृत रूप से बिजली का उपयोग करने का भी आरोप लगा है.

# अपराधियों व असामाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर : आइजी

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र बोकारो क्रांति कुमार गड़देशी बुधवार को पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ कार्यालय के अलावा पुलिस केंद्र का वार्षिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में आइजी श्री गड़देशी ने विभिन्न शाखाओं /प्रशाखाओं के अभिलेखों की गहन समीक्षा के साथ साथ अभिलेखों के रख रखाव, लंबित प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, अपराध और अनुसंधान नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली. इसके अलावा आमजनों से जुड़ी शिकायतों पर पुलिस द्वारा किये जा रहे कार्रवाई की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया. पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित करते हुए आइजी ने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से जन समस्याओं का समाधान करें. उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेवारी है- आमजनों को त्वरित न्याय दिलाना, ऐसे में यह ध्यान रखें कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी. पुलिस केंद्र के निरीक्षण के क्रम में आइजी ने वाहनों की स्थिति, हथियारों के रख रखाव, संचार प्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. वहीं एसडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण के क्रम कांडों के पर्यवेक्षण की स्थिति, अपराध और अनुसंधान नियंत्रण से संबंधित संचिका, दैनिक व मासिक प्रतिवेदन आदि की समीक्षा की. इसके अलावा एसडीओपी अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों से थानावार विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आइजी ने थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र के असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर कड़ी नजर रखने, विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने, थाना आने वाले आमजनों के साथ मित्रवत व्यवहार कर उनकी समस्याओं का समाधान करने आदि का निर्देश दिया.

# डाक विभाग के 32 कर्मियों को किया गया सम्मानित

**झुमरीतिलैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग प्रमंडल ने डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में एक बार फिर पूरे देशभर में अपनी धाक जमायी है. प्रमंडल ने डाक जीवन बीमा व्यवसाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है. इस उपलब्धि को लेकर मंगलवार को शहर के बड़े डाकघर में समीक्षा बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे. अध्यक्षता करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि यह पूरे प्रमंडल और झारखंड के लिए गर्व का क्षण है कि नौ जुलाई को डाक जीवन बीमा में हजारीबाग प्रमंडल देशभर में अव्वल घोषित हुआ. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी नौ अक्तूबर को भी यह परचम इसी तरह लहराया जायेगा. उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले ने अब तक डाक जीवन बीमा के तहत 350 लाभुकों से 5 करोड़ रुपये तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के तहत 300 लाभुकों से 5 करोड़ रुपये का व्यवसाय किया है. आगामी 11 अक्तूबर तक कोडरमा जिला 15 करोड़ रुपये का लक्ष्य हासिल करेगा, इसके लिए उन्होंने सभी डाक कर्मियों से अभी से ही जुट जाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि डाक विभाग समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रहा है. कोडरमा के डाक निरीक्षक विकास रंजन ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के महज पांच महीनों में जिले में सात हजार नये खाते खोले गये हैं.

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत विस्कोमान के विकास का दिया भरोसा

दिनांक 11.09.2025 को बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के माननीय अध्यक्ष, विशाल सिंह के नेतृत्व में बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. के माननीय अध्यक्ष, बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव फेडरेशन के माननीय अध्यक्ष, बिस्कोमान के माननीय उपाध्यक्ष सहित बिहार के जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्षगण एवं सहकारी शिष्टमंडल द्वारा बिहार राज्य के पैक्स, व्यापार मंडल एवं सहकारी समितियों को उटफ अविध विस्तारण नहीं होने के कारण हो रही कठिनाईयों एवं किसानों के समग्र विकास हेतु पियुष गोयल, माननीय मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अवधि विस्तार की पहल की गई थी। उक्त के आलोक में मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली बिस्कोमान के प्रांगण में पधार कर सहकारिता सम्राट स्व. तपेश्वर सिंह (सासंद), पूर्व अध्यक्ष, एवं स्व. नवल किशोर सिंह (सासंद)पूर्व अध्यक्ष, बिस्कोमान के आदम कद प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं माल्यापर्ण किया गया। अध्यक्ष, बिस्कोमान द्वारा माननीय मंत्री जी का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री जी द्वारा किसानों के समग्र विकास एवं बिस्कोमान को हर सम्भव मदद करने हेतु आश्वस्त किया गया।



मंत्री महोदय के स्वागत में बिस्कोमान के अध्यक्ष, विशाल सिंह, बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि० के अध्यक्ष, रमेश चन्द्र चौबे, बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव फेडरेशन के माननीय अध्यक्ष, श्री विनय शाही एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, पाटलीपुत्रा के माननीय अध्यक्ष, श्री रितेश कुमार एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक वैशाली के माननीय अध्यक्ष, श्री सुधी रंजन प्रसाद तथा श्री अली रेजा, माननीय अध्यक्ष, केन्द्रीय सहकारी बैंक, पूर्णिया, श्री संजीव पाण्डेय, माननीय उपाध्यक्ष, केन्द्रीय सहकारी बैंक, बेतिया, माननीय निदेशक, बिस्कोमान श्री दिनेश सिंह, एवं सहकारी नेता श्री कृष्णदेव सिंह, वैशाली एवं राज्य के कई जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के माननीय अध्यक्षगण एवं अन्य वरीय सहकारी नेतागण सहित श्री धीरेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान एवं बिस्कोमान के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने किया एलजेपीएन कारा का निरीक्षण

## जेल अधीक्षक को सफाईकर्मियों का रोस्टर तैयार करने का दिया निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रणजीत कुमार, उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन के नेतृत्व में आज 11 सितंबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में संपूर्ण कारा परिसर का अवलोकन किया गया तथा सजायाफ्ता कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। परिसर के सफाई व्यवस्था पर दिए निर्देश। प्रधान सत्र न्यायाधीश ने परिसर में कार्यरत सफाईकर्मियों की संख्या, कार्यावधि एवं उनके पारिश्रमिक भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को सफाईकर्मियों का रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया।



**रसोईघर का निरीक्षण**

निरीक्षण दल ने रसोईघर का भी अवलोकन किया और कैदियों के लिए बनाए जा रहे भोजन झ दाल, रोटी, चावल आदि की गुणवत्ता की जांच की। परिसर में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर रोटी मेकर मशीन क्रियाशील नहीं पाए जाने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया।

**अस्पताल वार्ड का निरीक्षण**

कैदियों के इलाज हेतु संचालित अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली गई। सिविल सर्जन को एक चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दवा की उपलब्धता, आइसोलेशन वार्ड तथा संचारी रोग से ग्रसित कैदियों को अलग वार्ड में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**प्रिंटिंग प्रेस का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में संचालित प्रिंटिंग प्रेस का भी अवलोकन किया गया। यहां सजायाफ्ता कैदियों द्वारा सरकारी कार्यालयों के प्रयोग हेतु फाइल फोल्डर एवं अन्य सामग्री का निर्माण किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को कारावास के दौरान प्रशिक्षण देकर पारिश्रमिक अर्जित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने पर बल देना है। निरीक्षण के अंत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कारा प्रशासन को साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं एवं प्रशिक्षण कार्यों में और अधिक सुधार लाने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस श्री आनंद शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस श्रीमती श्रुति, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंजक कुमार,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमति शिप्रा सिन्हा, जेल अधीक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा के एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन विधायक मनोज यादव हुये शामिल



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप पासवान ने की, जबकि संचालन आशीष सिंह ने किया।

धरना-प्रदर्शन में भाजपा विधायक मनोज यादव ने भाग लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा— 'जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। अब भाजपा ही जनता की आवाज बनेगी और उनके हक की लड़ाई लड़ेगी।'

उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे जनता की आवाज बुलंद करें और संघर्ष को और तेज करें। इस अवसर पर भाजपा के प्रभारी रमेश ठाकुर, बीरेंद्र रजक, सुनील सिंह, अरविंद सिन्हा, पप्पू रजक, जानकी यादव, विकास यादव, मुखिया बिनोद सिंह, जिप सदस्य राकेश रंजन, गंदौरी दांगी, गजाधर प्रसाद, पवन सिंह, रंजन सिंह, मुकेश सिंह, बलराम दांगी, सुमन सिंह, इंदीवर सिंह, रिशु बर्णवाल, सतेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, दया सिंह और आदित्य चौरसिया समेत अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर एसडीओ ने की बैठक

## पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा, भीड़ नियंत्रण एवं वॉलेंटियर व्यवस्था पर जोर

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** दुर्गा पूजा को लेकर बरही अनुमंडल प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। एसडीओ जोहन टुडू एवं एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने अनुमंडल क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर त्यौहार के दौरान लोगों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए है।

इस दौरान एल.आर.डी.सी अजय भारत भी मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि दुर्गा पूजा के दौरान मेला, रावण वध, जुलूस, विसर्जन जैसे कार्यक्रम पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। पूजा पंडाल और जुलूस के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक होगा। दुर्गा पंडाल बनाने वाले आयोजकों को आपदा प्रबंधन विभाग के नियमों का पालन करना होगा, पंडालों के पास सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था अनिवार्य होगी, साथ ही अग्निशमन उपकरण भी रखना जरूरी है। आपत्तिजनक नारे और स्लोगन पर पूरी तरह रोक होगी। साथ ही साथ कहा कि त्यौहार के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को तैयार रखा जाएगा। यह टीम हमेशा सतर्क रहेगी और गश्त करेगी। अगर कहीं भी कोई समस्या, दुर्घटना या आपात स्थिति होती है, तो यह टीम मिनटों में मौके पर पहुंचकर हालात को संभालेगी। इससे त्यौहार के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद मिल सकेगी। रावण वध कार्यक्रम के दौरान बरही प्रखंड मैदान के हर हिस्सों में दंडाधिकारी और बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। एसडीओ एवं एसडीपीओ ने कहा कि त्यौहार के समय संवेदनशील जगहों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और प्रखंड के संबंधित अधिकारी समय समय निरीक्षण कर व्यवस्था पर नजर रखें।

# केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मांगी सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं ने आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की कथित फर्जी मुठभेड़ में हुई मौत के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया।

इस मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सूर्या हांसदा की हत्या एक साजिश के तहत कराई गई है और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच केवल सीबीआई ही कर सकती है उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के अधिकारों और उनकी रैयती जमीन को छीनने की साजिश रच रही है। 'जल, जंगल और जमीन' के नाम पर सत्ता में आई यह सरकार अब आदिवासियों की सहमति के बिना उनकी जमीन हथियाने का प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, सरकारी दफ्तरों में बिना रिश्वत कोई काम नहीं होता। वहीं, आज भी गांवों में बिजली, सड़क और पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है इससे पूर्व भाजपाइयों ने संगठन के झंडे, बैनर और पोस्टर के साथ बेंगाबाद चौक-चौराहों पर उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन बेंगाबाद और छोटकी खरगडीहा मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आक्रोशित कार्यकताओं ने आदिवासियों को न्याय दो- 'हेमंत सरकार जवाब दो', 'हेमंत सरकार हाय-हाय' और 'हेमंत सोरेन शर्म करो' जैसे नारों से पूरा इलाका गूंजा दिया कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर रोजगार छीनने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार देने की बजाय पैकेज बनाकर बड़े ठेकेदारों को टेंडर दे रही है, जिससे यहां के बेरोजगार हाशिए पर चले गए हैं प्रदर्शन के अंत में सूर्या हांसदा के कथित एनकाउंटर, नगड़ी की घटना समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ को ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ सागर मिश्रा, छोटकी खरगडीहा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन कुशवाहा, भाजपा नेता रामप्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि शिवपूजन राम, जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र प्रसाद वर्मा, अशोक स्वर्णकार, सुशील हांसदा, शंकर तिवारी, बजरंगी यादव, सुनीता देवी, देवेंद्र यादव, रामरतन राम,अनिल यादव,प्रवीण राम,संदीप गुप्ता, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने ई-केवाईसी से संबंधित प्रतिवेदन, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अयोग्य राशन कार्ड एवं अयोग्य सदस्यों के विलोपन की समीक्षा, आरसीएमएस, सेल्फ सरेंडर, डोर-स्टेप डिलीवरी, जनवितरण प्रणाली विक्रेता, चना-दाल, चीनी, नमक वितरण, गोदामों की स्थिति, सोना सोबरन अंत्योदय योजना तथा सफेद एवं ग्रीन राशन कार्ड की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने लॉगिन में लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर शून्य करें, पात्र लाभुकों के आवेदन को स्वीकृत करें तथा अपात्र, मृत अथवा राशन कार्ड सरेंडर किए गए मामलों में जांच कर अग्रेत्तर कार्रवाई करें। साथ ही कम प्रगति करने वाले पदाधिकारियों को प्रगति बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि मृत एवं अयोग्य लाभुकों के राशन कार्ड विलोपित करने से पूर्व संबंधित मुखिया एवं वार्ड सदस्य से सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण की जाए। गोदामों की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय राशन एवं धोती-साड़ी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया, ताकि योग्य लाभुकों तक योजनाओं का लाभ सही समय पर लाभुकों तक पहुँच सके। बैठक में उपायुक्त के अलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी मॉनिटरिंग अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




# धनरूआ में राशन कालाबाजारी के लिए जा रहा 79 बोरा चावल, 13 बोरा गेहूं जब्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के शहरू बाजार के पास एक पिकअप वैन में लदे हुए कालाबाजारी के लिए 79 बोरा चावल और 13 बोरा गेहूं को पुलिस गश्ती दल ने जप्त किया है और इस पूरे मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार ने तीन लोगों पर राशन कालाबाजारी के मामले पर प्राथमिकी दर्ज की है। दरअसल पूरा मामले के बारे में बताया गया कि सांडा पंचायत के मठीया पर के डीलर शिवनारायण प्रसाद पिता अर्जुन प्रसाद के दुकान से खरीदार गंगा साव के दुकान पर ले जाया जा रहा था, जिसमें 79 बोरा चावल और 13 बोरा गेहूं पिकअप वैन पर लदा था, जहां सूचना मिलते ही धनरूा पुलिस ने पिकअप को रोक कर जांच की वहीं राशन लोड करने वाले श्रमिक ड्राइवर सबों से पूछताछ की गई सब ने कहा डीलर के यहां से राशन ले जाकर खरीदार गंगा साव के यहां उतरना था, इस पूरे मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर शिवनारायण प्रसाद पिता अर्जुन प्रसाद मठियापर, गंगा साव, पिता स्वर्गीय रामेश्वर यादव और रौशन कुमार पिता अशोक पासवान जलालपुर तीनों पर प्राथमिक की दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि खरीदार गंगा साव और ड्राइवर रोशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार डीलर शिवनारायण प्रसाद की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# हजारीबाग में बड़ी कार्रवाई : केरेडारी में फर्जी एसीबी अधिकारी बनकर मेडिकल स्टोर से उगाही कर रहे चार बहरूपिए गिरफ्तार

## अरढ अमित कुमार ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में चार ऐसे बहरूपियों को गिरफ्तार किया गया जो खुद को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का अधिकारी बताकर मेडिकल दुकानदारों से जबरन वसूली कर रहे थे। ये लोग एक सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी से घूम रहे थे, जिस पर एंटी-करप्शन का बोर्ड लगाया गया था।

मामला दतू खुर्द गांव का है, जहां मेडिकल स्टोर संचालकों से लाइसेंस जांच के बहाने पैसों की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों को जब उनके व्यवहार पर संदेह हुआ तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिवम कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस दल मौके पर पहुंचा और चारों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नंदुई राम, महेश कुमार पासवान, अयोध्या नारायण पासवान और धनेश्वर राम के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी, नकली एसीबी आईडी कार्ड, नकली मुहर, पुलिस जैसी वर्दी व जूते और 2500 नकद बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से इसी तरह विभिन्न दुकानदारों और व्यापारियों को निशाना बना रहे थे।

घटना की जानकारी अरढ अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, जालसाजी और जबरन वसूली को बर्दाश्त नहीं करेगी। ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।

# 15 वर्षों से जनता को भ्रमित करने वाले बड़े भूमिपति पैसे के बल करा लिए अपनी जमीन का लीज : श्रवण गुप्ता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शहर के बड़े भूपति मेदिनीनगर वासियों को गुमराह करना बंद करें। साथ ही मंत्री राधा कृष्ण किशोर का नाम लेकर उनके हवाले से बयानबाजी करना गलत बात है। केवल अखबार की सुर्खियों में छाए रहने व जनता को भ्रमित करने का यह प्रयास है।

उक्त बातें खास महाल संघर्ष मोर्चा पलामू के संयोजक श्रवण कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि 2.5 प्रतिशत व 5 प्रतिशत की दर पर लीज नवीकरण कराने की बातें मंत्री के हवाले से कही गई तो मन काफी दुखित हो गया। उन्होंने प्रश्न किया कि आखिर कोई सूबे का मंत्री ऐसा क्यों व कैसे आश्वासन दे सकता है। यह बड़े भूपति के अल्प ज्ञान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि खास महाल पर उच्च न्यायालय में लगभग 12 पीआईएल दायर है। श्रवण कुमार ने बताया कि उन्होंने खास महाल संघर्ष मोर्चा पलामू के माध्यम से आईपीएल दायर किया है। कहा कि यह मुद्दा पलामू जिले का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के 12 जिलों का है। खास महाल की जमीन प्रदेश में 4393 एकड़ है। इस पर सरकारों ने गंभीरता पूर्वक विचार कभी किया ही नहीं। उन्होंने कहा कि खास महाल संघर्ष मोर्चा की मांग केवल 30 वर्षों के नवीकरण के लिए नहीं बल्कि फ्री होल्ड की लड़ाई है।

# सीबीआई जांच व रिम्स-2 के लिए जमीन अधिग्रहण रोकने की मांग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एकदिवसीय धरना दिया। पार्टी नेताओं और सदस्यों ने धरना के माध्यम से सरकार से तीन प्रमुख मांगें उठाईं।

पहली मांग में उन्होंने स्व. सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने की अपील की। दूसरी, रिम्स-2 निर्माण के नाम पर आदिवासी और स्थानीय किसानों की जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया रोकने की मांग की गई। तीसरी, रिम्स-2 का निर्माण अन्य उपयुक्त स्थान पर कराने की बात रखी गई। धरना में शामिल भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार आदिवासियों और किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है और उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष कर्मचारी साव, अनिल मिश्रा, राजू साव, उपेंद्र सिंह, शेर सिंह, नारायण यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# हजारीबाग विधानसभा के सभी प्रखंडों में सूर्या हांसदा हत्या कांड की सीबीआई जांच और रिम्स-2 मामले को लेकर प्रदर्शन

## सरकार आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा में पूरी तरह असफल रही है : प्रदीप प्रसाद

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को पूरे राज्य में आक्रोश प्रदर्शन किया गया। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर, कटकमदाग, कटकमसांडी और दारू प्रखंड मुख्यालयों में भी भाजपा नेताओं, कार्यकताओं ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कार्यकताओं की उपस्थिति के साथ इस आंदोलन में सरकार से आदिवासी समाज के सम्मान और न्याय की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की माँग की गई।

भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल सूर्या हांसदा हत्या कांड और रिम्स-2 प्रकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह झारखंड के आदिवासी समाज की अस्मिता, सम्मान और अधिकारों की रक्षा की व्यापक लड़ाई है। सूर्या हांसदा की नृशंस हत्या ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। जब तक इसकी सीबीआई जांच नहीं होगी, सच्चाई सामने नहीं आएगी और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा। रिम्स-2 प्रकरण में भी आदिवासी समाज के अधिकारों पर कुठाराघात किया गया है, जिसका भाजपा कड़ा विरोध करती है। आदिवासी अस्मिता, अधिकार और संस्कृति की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में भाजपा पूरी ताकत से संघर्षरत रहेगी।

हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भाजपा सदैव जनता की आवाज को मजबूती से उठाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है। सूर्या हांसदा हत्या कांड और रिम्स-2 प्रकरण आदिवासी अस्मिता और न्याय से जुड़े अहम मुद्दे हैं। जब तक दोषियों को कठोर दंड और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हमारी लड़ाई पूरी ताकत से जारी रहेगी। भाजपा कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष को आगे बढ़ाएँगे और जनता को यह विश्वास दिलाएँगे कि न्याय की लड़ाई में भाजपा उनके साथ खड़ी है। प्रखंड मुख्यालयों में प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा में पूरी तरह असफल रही है। यदि सूर्या हांसदा हत्या कांड की सीबीआई जांच और रिम्स-2 मामले पर ठोस कदम जल्द नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और व्यापक रूप धारण करेगा।




**आक्रोश प्रदर्शन में प्रमुख भाजपा नेताओ, पदाधिकारियों व कार्यकताओं की उपस्थिति**

**दारू :** अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबु, इन्द्रदेव कुशवाहा, शत्रुजंय प्रसाद, संजय कुशवाहा, विकास यादव।

**कटकमदाग प्रखंड :** जयनारायण कुशवाहा, इन्द्रनारायण कुशवाहा, अजय साव, जितन राम, अरुण राणा, राजेश गुप्ता, विमल गुप्ता, मिथलेश यादव, संजय पासवान, राजू साव, जगन्नाथ प्रजापति, राजेन्द्र ठाकुर, कमल साव, सुरेन्द्र गुप्ता, तुलसी कुशवाहा।

**कटकमसांडी प्रखंड :** रीतलाल यादव, किशोरी राणा, सुमन राय, प्रकाश कुशवाहा, कैलाश यादव, लिलो सिंह भोगता, नारायण साव, गंगा पाण्डेय, अजय तुरी।

**सदर प्रखंड :** सुदेश चन्द्रवंशी, रणधीर पाण्डेय, कृष्णा मेहता, अनेश्वर प्रसाद, दामोदर साव, शिवपाल यादव, जितेन्द्र साहु, कुलदीप कृष्णा, महेश कुमार, उमेश मेहता, दीपक प्रजापति, गौतम गोप, नवल किशोर।

# भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल ने राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड की हेमंत सरकार के दमनकारी नीति व व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया गया।

■ **राजपाल के नाम सदर अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सदर अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। इसमें मुख्य रूप से राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच व रिम्स 2 के नाम से नगडी में रैयत गरीब आदिवासी किसानो से छीनी जा रही जमीन को वापस करने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारी नेताओं ने कहा कि अबुआ राज का ढोल पीटने वाले हेमंत सरकार के राज्य में आदिवासी लूटे व पीटे जा रहे हैं। बहन - बेटियां असुरक्षित हैं। प्रखंड से लेकर मंत्रालय तक घोर भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार के इशारे पर पदाधिकारी व अधिकारी आम जनता का दोहन कर रहे हैं। चारों तरफ लूट मचा हुआ है। आम नागरिक बेहाल व परेशान है। उनका दुख तकलीफ सुनने देखने वाला कोई नहीं है। गांव के गरीब आदिवासी, किसान, महिला, युवा व आम आदमी अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। विकास से कोसो दूर झारखंड आज पीछे होते चला जा रहा है। लेकिन राज्य की अबुआ सरकार चैन की नींद सो रही है।

# एसपी कार्यालय का अकाउंटेंट दोषी करार

## मामला शादी का झांसा देकर यौन शोषण का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के एसपी कार्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट अभिमन्यु कुमार को यौन शोषण के एक गंभीर मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय चौधरी की अदालत ने गुरुवार को सत्रवाद संख्या 02/24 की सुनवाई के पश्चात आरोपी को दोषी पाकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अभिमन्यु कुमार पर उसी के विभाग में कार्यरत महिला सहकर्मी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिस केंद्र कोडरमा में रहते थे, जहां उनके बीच नजदीकियां बढ़ीं। महिला का आरोप था कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, और बाद में मुकर गया। मामले का पर्यवेक्षण तत्कालीन एसडीपीओ स्तर पर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने प्रभावी ढंग से पैरवी की, जिसके फलस्वरूप आरोपी को दोषी ठहराया गया।

वर्तमान में अभिमन्यु कुमार कोडरमा एसपी कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। न्यायालय अब 16 सितंबर को सजा के निर्धारण पर सुनवाई करेगा। बहरहाल, यह मामला सरकारी दफ्तरों में कार्यरत कर्मचारियों के आचरण पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

दूसरी ओर, पत्नी की हत्या के मामले में कोडरमा जिले की एक अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी पति रविकांत सिंह उर्फ सोनू सिंह को दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने उस पर 25 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला 16 दिसंबर 2023 को घटित हुआ था। कोडरमा थाना अंतर्गत बिजली आफिस के पीछे निवासी रविकांत सिंह पर अपनी पत्नी ममता देवी की हत्या का आरोप लगा था।मृतका के पिता सागर सिंह ने 17 दिसंबर को थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसे कोडरमा थाना कांड संख्या 222/2023 के रूप में अंकित किया गया।

# शहीद नीरज पंचतत्व में हुए विलीन

**देवघर।** सेना के जवान नीरज चौधरी, जिनका लद्दाख के सियाचिन में हिमस्खलन के दौरान निधन हो गया था, का अंतिम संस्कार उनके पैतृक स्थान झारखंड के देवघर जिले में गुरुवार को किया गया। देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेष लकरा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग कजरा गांव पहुंचे और अग्निवीर के शव को श्रद्धांजलि अर्पित की। चौधरी का अंतिम संस्कार तंदेरी घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया, जहाँ उनके सम्मान में सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए। चौधरी और दो अन्य सैनिकों के शवों को मंगलवार को लद्दाख के 12,000 फीट ऊँचे सियाचिन बेस कैंप में हिमस्खलन के बाद निकाला गया था। उनका शव बुधवार को उनके गृह राज्य झारखंड लाया गया, और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के बिरसा मुंडा हवाईअड्डे पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# अपनी मांगों के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** आज खूंटी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और नगर मण्डल अध्यक्ष अर्जुन पहान के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने एवं नगड़ी के रैयतों को रिम्स 2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने के लिए के लिए आक्रोश प्रदर्शन किया गया। साथ ही राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी प्रखंड पदाधिकारी को सौंपा गया।



प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संवेदनहीन भ्रष्ट एवं निकम्मी हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिनों-दिन बद से बदतर होती जा रही। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया, दलाल, बिचौलियों ने पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है। इनका विरोध करने पर नृशंस हत्या, बिना कारण मुकदमे, धमकी, फिरौती जैसी सजा सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भुगतने केलिए विवश होना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि विगत दिनों सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता की राज्य की पुलिस द्वारा एनकाउंटर दिखाकर नृशंस हत्या कर दी गई। सूर्या हांसदा पर कोई वारंट नहीं था। 14 मुकदमों में वे बरी हो चुके थे, 5 पर जमानत मिल गई थी। बावजूद इसके राज्य की पुलिस इन्हें अपराधी बताकर घर से उठाती है, टॉर्चर करती है और फिर गोली मार देती है। यह फर्जी इनकाउंटर है इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। नगड़ी में रैयतों के उपर अत्याचार कर रही है यह सरकार। उनके जमीन को रैयतों को वापस करे झारखंड सरकार। उन्हें न्याय दिलाने तक भाजपा आंदोलन करते रहेगी।

जिला महामंत्री संजय साहू ने कहा कि आदिवासी रैयतों की नगड़ी में खेतिहर जमीन को रिम्स 2 के नाम पर राज्य सरकार किसानों को उजाड़ने पर अड़ी हुई है।

अबुआ राज की डुगडुगी पीटने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी लूटे भी जा रहे और पीटे भी। रोज हत्याएं हो रही। बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं। सूर्या हांसदा को फर्जी एनकाउंटर कर मार डाला गया।प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, बिनोद नाग, जिला महामंत्री संजय साहू, मण्डल अध्यक्ष अर्जुन पहान, मदन मोहन गोप, जिला मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, कंचन सिंह, लखिन्दर नायक, विकास चौधरी, कृष्णा लोहरा, प्रशांत कुमार, सुरेन्द्र सिंह, राजेश नाग, अमीत कश्यप, बालकिशुन महतो, रामा महतो, बुधराम पूर्ति, लखिन्दर महतो, दिनेश महतो व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धनबाद का युवक महिला से ठगी करते बंगाल में धराया

## खुद को बता रहा था सीबीआई का अधिकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** नबाद जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र के कुमारधुबी स्टेशन रोड निवासी सरवर हुसैन को पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक महिला से ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सरवर हुसैन अपने साथियों के साथ खुद को सीबीआई का अधिकारी बताकर चौबीस परगना जिले के बारासात थाना क्षेत्र स्थित एक महिला के घर पहुंचा। उस समय महिला घर में अकेली थी। ठगों ने तलाशी लेने का नाटक किया और उसके कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें से एक स्थानीय युवक पकड़ा गया। पूछताछ में उसने सरवर हुसैन का नाम बताया। इसके बाद मंगलवार की शाम पश्चिम बंगाल पुलिस चिरकुंडा थाना पहुंची और कुमारधुबी स्टेशन रोड के पास से सरवर हुसैन को हिरासत में ले लिया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को पश्चिम बंगाल ले जाया गया। यह मामला दशार्ता है कि ठग अब लोगों को गुमराह करने के लिए नकली अधिकारी बनकर भी अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

# शिक्षित परिवार का बेटा, आतंक की राह पर, चढ़ा पुलिस के हत्थे

- टेरर का मुखिया निकलने पर पूरा परिवार सदमे में
- धनबाद से पकड़ी गई थी शबनम परवीन
- बुंडू मस्जिद नीचे टोला में है आरोपित का घर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के लॉज से जिस संदिग्ध आतंकी अशहर उर्फ अशरफ दानिश को गिरफ्तार किया गया, वह एक पाक हैंडलर आधारित पैन इंडिया टेरर मॉड्यूल का मुखिया निकला। बुधवार को दिल्ली पुलिस, झारखंड एटीएस और रांची पुलिस की टीम ने मिलकर उसे पकड़ा था।

दिल्ली पुलिस के अनुसार दानिश का कोड नाम सीईओ है और वह इस आतंकी समूह का 'गजवा लीडर' था। दानिश बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के उत्तासारा गांव का रहने वाला है। दानिश की गिरफ्तारी से पूरा परिवार सदमे में है। उसके पिता मजहर जानी तेनुघाट कोर्ट में वकालत करते हैं।

जानी पहले वे कव्वाल थे। दानिश की मां एक शिक्षिका हैं। बहन पटना में एलएलबी की पढ़ाई कर रही है और छोटा भाई हजारीबाग में अमीन की पढ़ाई कर रहा है। यह परिवार अपनी शिक्षा और प्रतिष्ठा के लिए जाना जाता है। इस घर से आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठन का कोई करीबी निकलेगा, गांववालों को विश्वास नहीं हो रहा। गांव के लोगों ने बताया कि दानिश रांची में पढ़ाई कर रहा था। हाल ही में वह ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अपने घर आया था और दो दिन बाद वापस रांची चला गया। वह कुछ वर्षों से गांव में कम ही आता-जाता था। उसकी शुरूआती पढ़ाई पेटरवार के एक पब्लिक स्कूल में हुई थी। स्नातक के बाद वह एमए और पीएचडी करने के लिए रांची गया था और जेआरएफ की तैयारी भी कर रहा था। पेटरवार के बुंडू मस्जिद नीचे टोला में दानिश का घर है।

बेटे की गिरफ्तारी की खबर सुनकर पिता मजहर जानी ने कहा कि वह इस खबर से स्तब्ध हैं। उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा कि उनका बेटा आतंकी गतिविधियों में शामिल था। उन्होंने बताया कि दानिश हमेशा पढ़ाई में व्यस्त रहता था और सामान्य जीवन जीता था। अब वह रांची पुलिस से संपर्क करके मामले की सच्चाई जानने का इंतजार कर रहे हैं।

अशरफ दानिश की गिरफ्तारी से पहले, धनबाद के वासेपुर क्षेत्र से भी आतंकी संगठनों से जुड़े पांच संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें शबनम परवीन नाम की एक महिला भी शामिल थी, जो मुस्लिम युवाओं को धार्मिक कट्टरता के नाम पर बहकाती थी। शबनम कैंप लगाकर युवाओं को अलकायदा के झारखंड मॉड्यूल से जोड़ने का काम करती थी। गोविंदपुर की रहने वाली शबनम ने अमन सोसाइटी के आयान जावेद से प्रेम विवाह किया था।

वह अपने ससुराल में न रहकर शमशेर नगर में एक किराए के मकान में रहती थी, जहां एटीएस को यह जानकारी मिली थी कि वह बच्चों को धार्मिक कट्टरता का पाठ पढ़ाती है। अप्रैल में एटीएस ने गुलफाम हसन, आयान जावेद, शहजाद आलम और शबनम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद, मई में अम्मार याशर को भी गिरफ्तार किया गया।

# साइबर अपराधियों ने ठगी का अपनाया नया अंदाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** साइबर ठगों ने एक बार फिर अपना जाल बिछाकर रिटायर रेलवे कर्मचारी से 49 हजार 500 रुपये ठग लिए।

इसे अंजाम देने के लिए पहले साइबर ठगों ने चक्रधरपुर रेल मंडल पर्सनल विभाग के असिस्टेंट पर्सनल ऑफिसर (एपीओ) बन कर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी से पेंशन रिवाइज करने के नाम पर काल कर उन्हें झांसे में लिया।

फिर योनो एप डाउनलोड कराकर उनसे उसमें डेबिट कार्ड का पिन अंकित करा दिया। इसके बाद एक बार में बैंक खाते से 49 हजार 500 रुपये साफ कर दिए।

इंनियरिंग विभाग से रिटायर हुए चीफ ओएस अनिमेष भट्टाचार्य ने बताया कि रविवार की दोपहर साढे तीन बजे के करीब 8981218002 नंबर से एपीओ एके श्रीवास्तव के नाम से काल आया। एपीओ बने साइबर ठग ने अनिमेष भट्टाचार्य से 31 जुलाई को सेवानिवृत होने के बारे में पूछा ।



फिर कहा कि पेंशन शुरू हो गया है न । इसके बाद साइबर ठग ने अनिमेष के रिटायरमेंट से संबंधित सारी जानकारी दी।

इससे अनिमेष उसकी बातों में आ गया और ठग जैसे जैसे कहता गया अनिमेष ने वैसा ही किया। तीन घंटे के अंतराल में ठग ने अनिमेष का मोबाइल का स्क्रीन शाट से लेकर ओटीपी तक ले लिया।

इस बीच अनिमेष के खाते से 49500 रुपये कट जाने का मैसेज आया। पैसा कट जाने के बाद अनिमेष ने चक्रधरपुर में कार्यरत पर्सनल विभाग के वेलफेयर इंस्पेक्टर पंकज कुमार को फोन से पूछा कि क्या एके श्रीवास्तव के नाम का एपीओ पर्सनल विभाग चक्रधरपुर में है।

# एकेडमिक काउंसिल की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की अहम बैठक गुरुवार को कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र को नियमित करने से लेकर पीएचडी प्रवेश एवं कोर्स वर्क तक के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा स्पष्ट है कि अब विलंबित सत्रों की परंपरा पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेमेस्टर परीक्षाएं अब प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर आयोजित की जाएंगी, ताकि देर से चल रहे सत्रों को समय पर पूरा किया जा सके।

इसके लिए परीक्षा विभाग ने भी अपनी सहमति दे दी है। विश्वविद्यालय का मानना है कि यह कदम छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन साबित होगा।

बैठक में पीएचडी की दूसरी प्रवेश परीक्षा में खाली रह गई करीब 100 सीटों पर भी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि इन सीटों को भरने से पूर्व पीएचडी कमेटी की बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। साथ ही, नये नियमों पर भी गंभीरता से विचार किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसे हालात उत्पन्न न हों।

जिन अभ्यर्थियों ने पीएचडी में नामांकन ले लिया है, उनका सत्र 19 सितंबर से आरंभ किया जाएगा। सभी शोधार्थियों को छह माह का कोर्स वर्क करना अनिवार्य होगा। यह भी तय किया गया कि कोर्स वर्क को हर हाल में छह माह के भीतर समाप्त कर लिया जाएगा।

एकेडमिक काउंसिल की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया कि अब से नेट-पीएचडी, नेट या जेआरएफ उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही पीएचडी में नामांकन के योग्य होंगे। यह नियम विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को बनाए रखने की दिशा में उठाया गया अहम कदम माना जा रहा है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कोर्स वर्क में एथिक्स विषय की पढ़ाई सभी शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए एक समान होगी। वहीं, रिसर्च मेथडोलाजी का पेपर फैकल्टीवार आयोजित किया जाएगा। शिक्षकों के लिए एक स्थायी शेड्यूल तैयार करने का निर्देश भी बैठक में दिया गया।

नर्सिंग की पढ़ाई को लेकर भी बैठक में अहम निर्णय लिया गया। अब से विश्वविद्यालय इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को ही फॉलो करेगा। इससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया जा सकेगा।

बैठक में कुलसचिव डॉ. परशुराम सियाल, प्राक्टर डॉ. राजेंद्र भारती, परीक्षा नियंत्रक रिंकी दोराई, ओएसडी परीक्षा डॉ. प्रभात कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय यादव समेत विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

कोल्हान विश्वविद्यालय में नयी शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत एकेडमिक काउंसिल की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। अब स्नातक (यूजी) में अध्ययनरत छात्रों को स्नातकोत्तर (पीजी) में नामांकन लेने के लिए अंतिम सेमेस्टर में कम से कम 75 प्रतिशत अंक लाने होंगे।

# खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान, पनप रहा रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिरनी।** सिमराढाब में संचालित अन्नपूर्णा खाद्य बीज भंडार में दर्जनों किसानों ने दुकान पहुंचकर सरकारी अनुदान राशि पर प्राप्त यूरिया की मांग किया। दुकानदार ने तरह-तरह का बहाना बनाकर किसानों को यूरिया नहीं दिया।

जबकि इसी दुकान में सोमवार को 333 बोरा सरकारी यूरिया मालवाहक ट्रक से उतारने की जांच बीडीओ फनिश्वर रजवार के आदेश पर प्रखंड के नाजिर मुजाहिद अंसारी ने की थी। नाजिर को दुकानदार ने यूरिया से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखाया गया था।

नाजिर ने बताया था कि 266. 50 रुपये प्रति बैग 45 किलो यूरिया किसानों के बीच बेचना है। मंगलवार को अखबार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद दर्जनों किसानों दुकान पहुंचे थे।

खाद लेने पहुंचे किसान पड़रिया निवासी बीरेंद्र यादव, बालदेव साव, चेतलाल उर्फ त्रिभुवन साव, बालेश्वर साव पूर्णानगर, राजदेव वर्मा, मनोज मोदी, किशुन यादव, महथडीह के हेमंत वर्मा समेत अन्य लोगों ने बताया कि अखबार में प्रकाशित खबर को देखकर खाद लेने पहुंचे लेकिन दुकानदार ने यूरिया खाद नहीं दी।

किसानों ने सरकारी मुलाजिम के प्रति नाराजगी व्यक्त की है। चेतलाल साव ने कहा कि किसानों को सरकार अनुदान पर खाद्य बीज उपलब्ध कराती है, लेकिन अधिकारी इसका प्रचार-प्रसार नहीं कराते हैं। इसका लाभ दुकानदार ले लेता है। किसान कालाबाजारी में 500 से 550 रुपया में यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। बावजूद अधिकारी का ध्यान किसानों के प्रति नहीं है। जय अन्नपूर्णा खाद्य बीज भंडार के संचालक मुनचुन उर्फ शुभम कुमार ने बताया कि विभाग से कोई दिशा निर्देश नहीं मिला है। खाद बेची जा रही है। किसी किसान को घूमने नहीं दिया जा रहा है।

बीडीओ फनिश्वर रजवार ने कहा कि जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कुछ कहा जा सकता है।

बीएओ से जांच रिपोर्ट मांगी गई है। ईपोस मशीन से मिलान किया जा रहा है।

एसडीओ संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि अखबार में प्रकाशित खबर को पढ़ा है। बीडीओ से जानकारी मांगी गई है ।


**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय ए0सी0जे0एम0-15, इलाहाबाद**

**परिवाद संख्या- 1772 सन्- 2019**

**रविकान्त तिवारी बनाम त्यागीराम**

**थाना- सिविल लाइन्स, धारा- 138 NI ACT**

रविकान्त तिवारी उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र श्री पुरूषोत्तम तिवारी निवासी- 450, आनन्द निकेतन रमनरेती रोड, वृन्दावन, मथुरा पिन कोड-281121, हालमुकाम- 206 पुराना मम्फोर्डगंज, राज्य आपकारी कालोनी, निकट आपकारी चौराहा, थाना-कर्नलगंज, जनपद-प्रयागराज पिन कोड-211002 **बनाम 1.** श्री त्यागीराम उम्र लगभग 31 वर्ष पुत्र श्री रामशोभी राम निवासी- अमलबाग कोलयारी, पोस्ट-अमलबाग, थाना-बन्दन कियारी, बोकारो पिन कोड-838311 झारखण्ड, **2.** 127 तिहा मोहम्मदपुर गोला बड़हलगंज, गोरखपुर पिन कोड-273402, चूंकि उपर नामोंकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 09 के 18 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि: 18.09.2025** **न्यायाधीश**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/695, दिनांक 09.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3441, कार्य का नाम:** ''एईएन/बर्द्धमान के अधिकार क्षेत्र में लिमिटेड हाइट सबवे नं.-2 और 10 मीटर में जल निकासी में सुधार सहित पंप रूम की व्यवस्था'' से संबंधित विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 23,13,744/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 46,300/-, **पूर्णता अवधि:** 90 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3482, कार्य का नाम:** ''एबीएसएस के तहत डानकुनी में सर्कुलेटिंग और पार्किंग एरिया के विकास, पॉर्च एवं अंदरूनी कार्यों के साथ सामने के हिस्से के विकास सहित ग्राउंड फ्लोर बिल्डिंग के कार्य को पूरा करन'' के लिए विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 43,32,939/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 86,700/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 03.10.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-285/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**


# विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में गाथा ने बनायी जगह, दीपिका बाहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए एक ही दिन में उम्मीद और निराशा की दो तस्वीरें देखने को मिलीं। जहां एक ओर अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खेल रहीं 15 साल की युवा सनसनी गाथा खड़के ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए अंतिम-16 में जगह बना ली।

वहीं दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी उम्मीद और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी व्यक्तिगत स्पर्धा से भी बाहर हो गईं। इस उलटफेर ने भारतीय खेमे को निराश किया है, जहां अब पदक की सारी उम्मीदें एक युवा खिलाड़ी के कंधों पर आ टिकी हैं।

टीम स्पर्धा में दबाव के कारण खराब शुरूआत करने वाली 15 वर्षीय गाथा खड़के ने व्यक्तिगत स्पर्धा में गजब का आत्मविश्वास दिखाया। उन्होंने अपने से कहीं ज्यादा अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों का डटकर सामना किया और एक के बाद एक मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

गाथा अब चैंपियनशिप में भारत की एकमात्र



उम्मीद बची हैं। उनका यह प्रदर्शन इसलिए भी खास है क्योंकि यह उनकी पहली ही विश्व स्तरीय प्रतियोगिता है, और उन्होंने दिखाया है कि वह बड़े मंच पर दबाव झेलने और जीत हासिल करने का माद्दा रखती हैं।

करोड़ों उम्मीदों का बोझ लेकर उतरीं दीपिका कुमारी के लिए यह चैंपियनशिप किसी बुरे सपने की तरह साबित हुई। टीम स्पर्धा में कांस्य पदक गंवाने के बाद व्यक्तिगत मुकाबले में भी उनका निशाना चूक गया और वह जल्दी ही हारकर बाहर हो गईं। यह प्रदर्शन इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ समय पहले ही मां बनने के बाद शानदार वापसी करते हुए उन्होंने शंघाई में हुए विश्व कप में रजत पदक जीता था।

जिससे यह उम्मीद जगी थी कि वह अपनी पुरानी लय हासिल कर चुकी हैं। लेकिन इस बड़े मंच पर उनका अनुभव काम नहीं आया और वह एक बार फिर अहम मौके पर बिखर गईं। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का इस तरह बाहर होना भारतीय तीरंदाजी के लिए एक बड़ा झटका है।

इससे पहले दिन में, भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक के मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से 3-5 के करीबी अंतर से हारकर चौथे स्थान पर रही थी। दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और गाथा खड़के की तिकड़ी ने शानदार वापसी तो की, लेकिन निर्णायक क्षणों में वे कोरियाई टीम के दबाव का सामना नहीं कर सकीं और भारत का 10 साल का पदक का सूखा खत्म करने से चूक गईं।

# स्वास्थ्य मंत्री व उनके पिता साक्ष्य के अभाव में बरी

**दुमका।** मधुपुर में वर्ष 2015 में जबरन मकान खाली करने व किराएदार से मारपीट के आरोपित राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी को मोहित चौधरी की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने गुरुवार को समझौता और सबूत के अभाव में बरी कर दिया है।

इस केस में पहले ही पीड़ित पक्ष ने अदालत से समझौता का अनुरोध किया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजा खान ने बताया कि दस साल पहले मधुपुर के मकबूल अंसारी ने तत्कालीन विधायक इरफान अंसारी व उनके पिता पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीसीआर केस दर्ज कराया था।

मकबूल जिस मकान में किराएदार था, उसके मालिक ने वह घर विधायक इरफान अंसारी की मां को बेच दिया था। विधायक ने नियमानुसार मकान खाली करने को कहा।

इस पर पीड़ित ने झूठा आरोप लगाकर केस कर दिया। कुछ दिन पहले पीड़ित ने अदालत में समझौता का अनुरोध किया था। अदालत ने समझौता और सबूत के अभाव में दोनों को बरी कर दिया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मैंने किसी से मारपीट नहीं की। मुझ पर झूठा केस कर दिया गया। लेकिन न्यायालय पर पूर्ण आस्था थी। इसीलिए अदालत ने मुझे और मेरे पिता को पूरी तरह से बरी कर दिया।


**आद्रा मंडल के तहत 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' योजना के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए इच्छुक पार्टियों से मुहरबंद लिफाफे में "इच्छा की अभिव्यक्ति" आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के तहत **बिष्णुपुर-पी.एफ.-2 एवं 3 (स्टॉल), इंद्रबिल, अनारा, गड़बेता, बर्नपुर पीएफ-1 और बर्नपुर पीएफ-2 एवं 3 (ट्रॉली)** स्टेशनों पर 'वन स्टेशन - वन प्रोडक्ट' योजना का परिचालन (**01 स्टॉल एवं 05 ट्रॉली**)। **कार्य का स्थान:** आवेदन किए गए स्टेशन के लिए। **अनुबंध की अवधि:** एक चरण में 15 दिन (रोस्टरवार और प्राथमिकतावार)। **कागजातों के साथ भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** 20.09.2025 **को** 13.00 **बजे तक** है जो संबंधित स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स में **दिनांक** 20.09.2025 **को** 13.00 **बजे** तक जमा किए जाएंगे। उक्त बॉक्स **दिनांक** 20.09.2025 **को** 15.00 **बजे** खोला जाएगा। ईओआई फॉर्म दक्षिण पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

(PR-618) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

# रोनाल्डो से प्रेरणा लेते हैं हॉकी के स्टार अभिषेक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिषेक ने बताया कि भारतीय हॉकी के दिग्गज सरदार सिंह को देखकर ही उन्होंने हॉकी खेलना शुरू किया था। हालांकि जब तक अभिषेक टीम में आए, तब तक सरदार सिंह रिटायर हो चुके थे। भारतीय हॉकी टीम के स्टार फॉरवर्ड खिलाड़ी अभिषेक ने हाल ही में हुए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर न केवल खिताब जीता, बल्कि 2026 हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई भी कर लिया। इस टूर्नामेंट में अभिषेक ने छह गोल किए और कई मौकों पर गोल बनाने में सहायक रहे। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

### मुझे रोनाल्डो से मिलती है प्रेरणा

अभिषेक ने बताया कि उनके शुरुआती कोच शमशेर दहिया, अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के फैन हैं और चाहते थे कि अभिषेक वैसा ही खेले। लेकिन अभिषेक ने हमेशा क्रिस्टियानो रोनाल्डो को अपना आदर्श माना। उन्होंने कहा, मैं रोनाल्डो के मैच देखता हूं और उनसे स्कोरिंग, पोजिशनिंग, टाइमिंग और शूटिंग के बारे में सीखता हूं। फुटबॉल और हॉकी दोनों ही टीम गेम हैं, और रनिंग और स्टैमिना का अहम रोल होता है। रोनाल्डो मेरी प्रेरणा हैं।

### सरदार को देखकर शुरू हुआ हॉकी का सफर

अभिषेक ने बताया कि भारतीय हॉकी के दिग्गज सरदार सिंह को देखकर ही उन्होंने हॉकी खेलना शुरू किया था। हालांकि जब तक अभिषेक टीम में आए, तब तक सरदार सिंह रिटायर हो चुके थे। अपने भाई आशीष और एक दोस्त को देखकर उन्होंने पहली बार हॉकी स्टिक थामी थी। बचपन में एक बार कलाई में चोट लगने के कारण माता-पिता ने हॉकी खेलने से मना कर दिया था, लेकिन उनके कोच ने उन्हें दोबारा मैदान पर लाने में मदद की। अभिषेक आज भी अपने पहले कोच, जो हिंदी शिक्षक भी थे, से सलाह लेते हैं। उन्होंने कहा, शमशेर सर को भले ही आधुनिक हॉकी की ज्यादा जानकारी न हो, लेकिन वह मेरे खेल को बहुत अच्छे से समझते हैं।

### अगला लक्ष्य: विश्व कप और ओलंपिक में पदक

पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का अगला सपना है विश्व कप जीतना। उन्होंने कहा, हमने 50 वर्षों से विश्व कप नहीं जीता। मुझे लगता है कि हमारी टीम में वो काबिलियत है। हमें सिर्फ निरंतरता और फिनिशिंग पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी को फिर से स्वर्णिम दौर में ले जाने के लिए टीम को जीतने की आदत डालनी होगी। उन्होंने कहा कि अब ओलंपिक में सिर्फ कांस्य नहीं, सोने का पदक चाहिए।



एशिया कप में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# मैच शुड गो ऑन

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच जारी रहना चाहिए। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने 14 सितंबर को दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान एशिया कप टी-20 क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। जनहित याचिका (पीआईएल) में दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि मैच रविवार को होने वाला है, इसलिए शुक्रवार को ही इस मामले की सुनवाई कर ली जाए। याचिका में दावा किया गया कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना राष्ट्रीय गरिमा और शहीदों के सम्मान के खिलाफ है। यह याचिका चार लॉ स्टूडेंट्स की ओर से दायर की गई, जिन्होंने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट 2025 को लागू करने की भी मांग की। यह याचिका अधिवक्ता स्नेहा रानी, ??अभिषेक वर्मा और मोहम्मद अनस चौधरी के माध्यम से दायर की गई थी।

### अगला मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई वाली बेंच ने गुरुवार को इस अनुरोध को खारिज करते हुए कहा कि यह एक मैच है और इसे जारी रहने देना चाहिए। एशिया कप में भारत ने यूएई के खिलाफ रिकॉर्ड जीत के साथ आगाज किया है। अगला मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। यह मैच 14 सितंबर को रात 8 बजे से दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने एशिया कप 2025 के अपने पहले मुकाबले में यूएई को 9 विकेट से हराया। पहले गेंदबाजी करते हुए, भारतीय गेंदबाजों ने मुकाबले को एकतरफा बनाया और यूएई को 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। स्पिनरों और ऑलराउंडरों के लिए यह एक यादगार रात थी। कुलदीप यादव गेंदबाजी में स्टार रहे, उन्होंने सिर्फ 2.1 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट चटकाए। शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट लिया। जसप्रीत बुमराह ने नई गेंद से शुरुआत में ही दबाव बनाए रखते हुए लय हासिल की। यूएई का बल्लेबाजी क्रम उनकी लगातार सटीकता के आगे लड़खड़ा गया, जिसमें सिर्फ अलीशान शराफू के 17 गेंदों में 22 रन ही रहे। 58 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के शीर्ष क्रम ने कोई समय बर्बाद नहीं किया। अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 30 रनों की तेज पारी खेली, जबकि शुभमन गिल ने सिर्फ 9 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो बड़े शॉट लगाकर टीम को जीत दिलाई और 13.33 की तेज रन रेट से भारत को सिर्फ 4.3 ओवर में जीत दिला दी।



ऐतिहासिक फैसला:

## महिला वनडे विश्व कप में अंपायर और रेफरी सिर्फ महिलाएं, तीन भारतीयों को मौका

**दुबई, एजेंसी।** महिला वनडे विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से 2 नवंबर 2025 तक होगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में विश्व कप को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। महिला वनडे विश्व कप क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार होगा जब टूर्नामेंट की सारी मैच ऑफिशियल्स और अंपायर महिलाएं होंगी। इससे पहले 2022 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में मैच ऑफिशियल्स और अंपायर के रूप में महिलाएं दिख चुकी हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, यह महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक क्षण है। हमें उम्मीद है कि यह खेल के सभी पहलुओं में कई और नई कहानियों का मार्ग प्रशस्त करेगा। मैच अधिकारियों के रूप में महिला पैनल का शामिल होना न केवल एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी की अटूट प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतिबिंब भी है। उन्होंने कहा, यह विकास प्रतीकात्मक मूल्य से कहीं आगे जाता है। यह दृश्यता, अवसर और ऐसे सार्थक रोल मॉडल के निर्माण के बारे में है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता को उजागर करके, हमारा उद्देश्य आकांक्षाओं को जगाना और इस बात को पुष्ट करना है कि क्रिकेट में नेतृत्व और प्रभाव लिंग-भेद से परे है। शाह ने कहा, महिलाओं के खेल के विकास में एक नए अध्याय को मान्यता देते हुए हमें गर्व हो रहा है।



शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन का किया खुलासा, कहा-

# गेंदबाजी कोच ने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है

**दुबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण शिवम दुबे की गेंदबाजी में भूमिका सीमित हो गई थी लेकिन वह भारतीय टीम के लिए अदद ऑलराउंडर बनना चाहते हैं जिसमें उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मार्गदर्शन मिल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लेने वाले दुबे ने एक तेज गेंदबाज के रूप ने अपने खेल में सुधार के संबंध में मोर्कल की भूमिका के बारे में बात की। दुबे ने भारत की 9 विकेट से जीत के बाद कहा, 'जब से मैं इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापस आया हूं, तब से मोर्ने मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है और मैंने उन पर अमल किया है। इस विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, 'उन्होंने मुझे ऑफ स्टंप से थोड़ा बाहर की लाइन पर गेंदबाजी करने को कहा। उन्होंने धीमी गेंद करने को लेकर भी मेरे साथ काम किया और मेरे रन-अप में भी थोड़ा बदलाव किया। मुख्य कोच और कप्तान ने मुझे बताया था कि मेरी गेंदबाजी की भूमिका अहम होगी। आईपीएल के बाद दुबे को अपने ऑलराउंड खेल और फिटनेस पर काम करने के लिए दो महीने का समय मिला। दुबे का आईपीएल में उनकी फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स पावर-हिटर के रूप में ज्यादा इस्तेमाल करती है। दुबे ने कहा, 'पिछले दो महीनों में, मैंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। जहां तक मेरी बल्लेबाजी का सवाल है तो मुझे पता है कि बीच के ओवरों में मुझे (एक पावर-हिटर के तौर पर) अपनी भूमिका निभानी है। मैं जानता हूं कि पिछले कुछ वर्षों में गेंदबाजों ने मुझे शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया है और मैंने अपने शॉट्स की रेंज बढ़ाने पर काम किया है। इस ऑलराउंडर ने कहा, 'जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, विकेट धीमा होता जाएगा और मैं जानता हूं कि तब मेरी धीमी गेंदें प्रभावी होंगी। मैं यह भी जानता हूं कि बीच के ओवरों में कैसे बल्लेबाजी करनी है। एक ऑलराउंडर के रूप में दुबे को कई बार हार्दिक पंड्या की चुनौती का सामना करना पड़ता है, लेकिन मुंबई के इस ऑलराउंडर ने जोर देकर कहा कि उनके बीच किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक मेरे भाई की तरह हैं जिनसे मैं बहुत कुछ सीखता हूं क्योंकि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका अनुभव मुझसे कहीं अधिक है। मेरा प्रयास हमेशा उनसे कुछ न कुछ सीख लेना होता है। दुबे ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले आगामी मैच के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'चाहे मैं यूएई के खिलाफ खेल रहा हूं या पाकिस्तान के खिलाफ, मैं अपने कोच गौती भाई (गंभीर) की बातों पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जब आप भारत के लिए खेलते हैं, तो आपको देश के लिए कुछ अच्छा करने का अवसर मिलता है।

# कुलदीप यादव अब शायद अगला मैच न खेलें: मांजरेकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुलदीप यादव ने दुबई में भारत के लिए एशिया कप अभियान की शानदार शुरुआत की और‚श्र के खिलाफ केवल 4.3 ओवर में 57 रनों पर ढेर करके रिकॉर्ड तोड़ जीत में मदद की। शुरुआत से ही भारतीय टीम का दबदबा रहा, क्योंकि जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन यॉर्कर ने शुरुआत की - लेकिन कुलदीप द्वारा फेंके गए 9वें ओवर में बाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने तीन विकेट लिए,‚श्र के बल्लेबाजों को धूल चटाई और 7 रन देकर 4 विकेट हासिल किए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। इंग्लैंड में भारत के सभी 5 टेस्ट मैचों में बेंच पर बैठने के बाद टीम में वापसी करने वाले इस खिलाड़ी ने तुरंत ही अपनी छाप छोड़ी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से अपना हुनर ??दिखाने के लिए बेताब था। कुलदीप के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें खूब वाहवाही बटोरी, लेकिन साथ ही एक चेतावनी भी दी, उन्हें अक्सर टीम में अंदर-बाहर होते देखा गया है, और संजय मांजरेकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जाहिर कर दिया कि कुलदीप की भागीदारी और समावेशन को जिस तरह से संभाला गया है, उससे वे पूरी तरह सहमत नहीं हैं।

मांजरेकर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखते हुए कहा, कुलदीप ने एक ओवर में 3 विकेट लिए। अब शायद अगला मैच न खेलें। उन्होंने एक मजाकिया इमोजी भी लगाई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी टिप्पणी को सही अर्थ में लिया जाए। कुलदीप टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी, दोनों में भारत की जीत का अहम हिस्सा रहे थे। कई लोगों का मानना है कि उन्हें टेस्ट सीजन में टीम का हिस्सा होना चाहिए था, खासकर जब गौतम गंभीर को नतीजे हासिल करने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि इस लेग स्पिनर को एक ऐसे देश में एक विशुद्ध स्पिनर होने का दुर्भाग्य मिला है जहां कई स्पिन गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी कमाल दिखा सकते हैं। टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें रवींद्र जडेजा और हाल ही में वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ काफी संघर्ष करना पड़ा है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी का हांगकांग ओपन में शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हांगकांग ओपन 2025 में भारत की सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी राउंड ऑफ 16 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड की जोड़ी पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल से था जिसमें करीब डेढ़ घंटे तक चले इस मैच में कुल तीन सेट का मुकाबला हुआ जिसे भारतीय मेंस जोड़ी ने 2-1 से अपने नाम करते हुए अगले दौर के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। पहले सेट में मिली हार, अगले 2 सेट में दिखाया शानदार खेल वर्ल्ड नंबर 9 रैंकिंग जोड़ी सात्विक और चिराग को राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड के खिलाफ मैच में पहले सेट में 18-21 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दूसरे सेट में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21-15 उसे अपने नाम करने के साथ मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में सात्विक और चिराग ने काफी आक्रामक खेल दिखाया जिसमें उनके स्मैश और तेज रिफ्लेक्सेस का जवाब थाईलैंड की जोड़ी पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल के पास नहीं था और उन्हें निर्णायक सेट में 21-11 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले सात्विक और चिराग की जोड़ी को राउंड ऑफ 32 में ताइवान की जोड़ी के खिलाफ भी कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा था जिसमें उन्होंने पहला सेट तो 21-13 के अंतर से जीता लेकिन दूसरे सेट में 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद तीसरे सेट को 21-10 के अंतर से जीतकर वह राउंड ऑफ 16 में पहुंचने में कामयाब हुए थे।

# नूपुर-पूजा ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक पक्का किया, निकहत बाहर

**लिवरपूल, एजेंसी।** महान मुक्केबाज हवा सिंह की पोती नूपुर ने चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर 80 किग्रा से अधिक वर्ग के अंतिम चार में प्रवेश किया। भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए थे। पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर बुधवार देर रात क्वार्टर फाइनल में कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा)






ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पिछली प्रतियोगिता में दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की पिछली प्रतियोगिता नयी दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत (50 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते थे। पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता पूजा ने दूसरे राउंड में अच्छी वापसी करके बड़ी बढ़त हासिल की। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्विथ से होगा। इससे पहले हेवीवेट मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने मौजूदा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया जब बुधवार को उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओल्टीनॉय सोतिमबोएवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की चैंपियन निकहत जरीन को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। निकहत को तुर्की की काकिरोग्लू बुसे नाज ने 5-0 से शिकस्त दी।

## संक्षिप्त समाचार

### उमस भरी गर्मी कर रही परेशान

## दिल्ली में धूप और बादल की लुकाछुपी!



**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर में आज मौसम कुछ ऐसा है, मानो आसमान ने हल्के बादलों की चादर ओढ़ ली हो, लेकिन सूरज भी बीच-बीच में अपनी झलक दिखाने को बेताब है। इस बीच मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और तेज हवाओं का जोर भी देखने को मिलेगा। हालांकि बारिश के आसार कम ही हैं। आईएमडी के अनुसार, आज और कल (11-12 सितंबर) दिल्ली-एनसीआर में सतही हवाएं 19 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। ये पश्चिमी हवाएं मौसम को थोड़ा सुहावना बनाएंगी, खासकर सुबह और शाम के वक्त। हालांकि, दोपहर में धूप की तपिश आपको हल्की गर्मी का एहसास करा सकती है। बुधवार को भी ऐसा ही माहौल रहा, जब दिन में बादल और धूप के बीच लुकाछिपी चलती रही। बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा अधिक है। आज, 11 सितंबर को भी तापमान का पारा 34 से 36 डिग्री सेल्सियस (अधिकतम) और 24 से 26 डिग्री सेल्सियस (न्यूनतम) के बीच रहने की उम्मीद है। नमी का स्तर 65-87% के बीच रहेगा, जिससे हल्की उमस महसूस हो सकती है।

### कॉमन क्यूआर कोड की सुविधा

## दिल्ली और नोएडा मेट्रो के टिकट एक ऐप से बुक कर सकेंगे, सफर होगा आसान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** नोएडा और दिल्ली मेट्रो के टिकट लेने के लिए अलग-अलग मोबाइल ऐप रखने की जरूरत नहीं है। अब एक ही मोबाइल ऐप से दोनों मेट्रो के टिकट बुक हो जाएंगे। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के प्रबंध निदेशक डॉ लोकेश एम गुरुवार को दोनों मेट्रो के लिए कॉमन क्यूआर टिकट की सुविधा लॉन्च करेंगे। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि अभी दोनों मेट्रो का मोबाइल ऐप अलग-अलग है। नोएडा मेट्रो का एनएमआरसी ऐप है, वहीं, दिल्ली मेट्रो का मोमेंटम 2.0 नाम से ऐप है। दिल्ली मेट्रो ने विभिन्न ऐप से क्यूआर टिकट देने की व्यवस्था की हुई है, लेकिन नोएडा मेट्रो में ऐसा नहीं था। अगर कोई क्यूआर टिकट से यात्रा करता है तो उसे दिल्ली और नोएडा मेट्रो दोनों के ऐप अलग-अलग रखने होते हैं। इसी तरह मेट्रो कार्ड भी अलग-अलग रहते हैं। कार्ड एक करने की प्रक्रिया मंत्रालय स्तर पर चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि अब एक ऐप ही टिकट बुक हो जाने की सुविधा से लोगों को काफी फायदा मिलेगा। भविष्य में विभिन्न ई-वॉलेट से भी टिकट देने की योजना है।

## नेपाल में हिंसा: गाजियाबाद के 500 करोड़ के कारोबार पर संकट

**नई दिल्ली , एजेंसी।** नेपाल में तख्तापलट और हिंसा की घटना से गाजियाबाद के 500 करोड़ रुपये का कारोबार संकट में है। निर्यातकों को चिंता सता रही है कि नेपाल की कमान सेना के हाथ आने के बाद उनके कारोबार का क्या होगा। तैयार ऑर्डर की डिलीवरी करने से लेकर बकाया रकम मिलने तक का डर सता रहा है। उद्यमी बताते हैं कि नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल और हिंसा का असर कारोबार पर पड़ सकता है। यदि वहां की स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो मिले हुए ऑर्डर की डिलीवरी और बकाया रकम का भुगतान कैसे होगा। निर्यातक बताते हैं कि जनपद से करीब आठ हजार इकाइयां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नेपाल के कारोबार से जुड़ी हुई हैं। यदि हालात ऐसे ही रहे तो बॉर्डर बंद होने से आयात-निर्यात प्रभावित होगा, जिसका असर उद्योगों पर पड़ेगा। निर्यातक राकेश अनेजा ने बताया कि उनके पैकेजिंग मेटिरियल भी नेपाल जाते हैं। एक दिन पहले ही उनका ऑर्डर नेपाल पहुंचा है।

### फिजियोथेरेपिस्ट को अपने नाम के आगे

# 'डॉक्टर' उपाधि लिखने का अधिकार नहीं : डीजीएचएस

**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने एक दिशानिर्देश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि फिजियोथेरेपिस्ट को अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' शब्द लिखने का अधिकार नहीं है और केवल रजिस्टर्ड डॉक्टर ही इस उपाधि का इस्तेमाल कर सकते हैं। डीजीएचएस की डॉ. सुनीता शर्मा ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशाली को लिखे पत्र में कहा कि डीजीएचएस को फिजियोथेरेपिस्ट के अपने नाम के आगे 'डॉ.' और पीछे 'पीटी' लगाए जाने के सिलसिले में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (आईएपीएमआर) सहित विभिन्न संगठनों से कई ज्ञापन और आपत्तियां हासिल हुई हैं। पत्र के मुताबिक, आईएपीएमआर ने सूचित किया है कि यह मुद्दा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल व्यवसाय आयोग (एनसीएएचपी) की ओर से 23 मार्च को प्रकाशित फिजियोथेरेपी के लिए अनुमोदित योग्यता आधारित पाठ्यक्रम (पृष्ठ 34, बिंदु संख्या 3.2.3) से उपजा है। पत्र में कहा गया है, ÷इस तरह रिकमंडेड टाइटल फिजियोथेरेपिस्ट के



नाम के आगे 'डॉ.' और पीछे 'पीटी' का इस्तेमाल है। 9 सितंबर को लिखे पत्र में चिंता के बिंदुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट को मेडिकल डॉक्टर के रूप में ट्रेंड नहीं किया जाता है, इसलिए उन्हें अपने नाम के आगे 'डॉ.' उपाधि का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे मरीज और आम जनता गुमराह हो सकती है, जिससे संभावित रूप से नीम-हकीमों को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट को प्राइमरी केयर प्रैक्टिस की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए और उन्हें केवल रेफर किए गए मरीजों का ही इलाज करना चाहिए, क्योंकि उन्हें मेडिकल कंडीशन को डायग्नोस करने के लिए प्रशिक्षित नहीं किया जाता है, जिनमें से कुछ स्थितियां अनुचित फिजियोथेरेपी से और भी बिगड़ सकती हैं। डॉ. शर्मा ने कहा, ÷इसे देखते हुए यह कहा जाता है कि उपरोक्त सिफारिश देश में विभिन्न अदालतों और मेडिकल काउंसिलों की ओर से जारी कानूनी आदेशों तथा परामर्शों के विपरीत है।÷ उन्होंने कुछ अहम फैसलों का भी हवाला दिया, जिनमें पटना हाईकोर्ट का 2003 का आदेश भी शामिल है, जिसमें कहा गया था कि जब तक फिजियोथेरेपिस्ट राज्य चिकित्सा रजिस्टर में दर्ज नहीं हो जाते, वे आधुनिक चिकित्सा पद्धति का अभ्यास नहीं कर सकते या अपने नाम के आगे 'डॉ.' शब्द नहीं लगा सकते। पत्र में कहा गया है कि तमिलनाडु मेडिकल काउंसिल की ओर से 2016 में जारी परामर्श में भी फिजियोथेरेपिस्ट को अपने नाम के आगे 'डॉ.' शब्द का इस्तेमाल करने के खिलाफ चेतावनी दी गई है।

# अब घने कोहरे में भी उड़ानें नहीं होंगी रद्द



**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश के सबसे व्यस्त दिल्ली एयरपोर्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अब सर्दियों के धुंध भरे मौसम में भी यात्रियों को परेशानी नहीं होगी। एयरपोर्ट रनवे 10/28 को CAT IIIB मानकों के हिसाब से अपग्रेड किया गया है, जो घने कोहरे में भी सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करता है। एक अधिकारी ने बताया कि डीजीसीए जल्द ही रनवे का अंतिम ऑडिट करेगा और 16 सितंबर से यह पूरी तरह चालू हो जाएगा। इस साल जून से रनवे के बंद होने की वजह से रोजाना करीब 200 उड़ानें प्रभावित हो रही थीं। अप्रैल में भी यह रनवे बंद हुआ था, लेकिन तेज हवाओं ने हवाई संचालन को ऐसा झटका दिया कि प्रति घंटे 42 की जगह सिर्फ 32 उड़ानें ही लैंड कर पा रही थीं। इसकी वजह से काफी एयरपोर्ट को काफी नुकसान झेलना पड़ा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हस्तक्षेप कर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को रनवे फिर से खोलने का आदेश दिया। अब जून से शुरू हुआ अपग्रेडेशन पूरा होने को है और यात्रियों को राहत मिलने वाली है। टर्मिनल 2 भी अब नए रंग-रूप में तैयार है। 26 अक्टूबर से यह फिर से खुलने जा रहा है, वो भी सर्दियों के पीक सीजन में। यह टर्मिनल हर साल 1.5 करोड़ यात्रियों को संभाल सकता है। नया फ्लोरिंग, आधुनिक एयरोब्रिज, चमचमाते वॉशरूम और मजबूत स्ट्रक्चरल रिपेयर के साथ यह टर्मिनल अब पहले से कहीं बेहतर है। एक अधिकारी ने कहा, टर्मिनल 2 का नवीनीकरण यात्रियों को सर्दियों में सहूलियत देगा। जून से अब तक डायल हर दिन 114 उड़ानें रद्द कर रहा था और 86 को गैर-पीक घंटों में शेड्यूल कर रहा था। दिल्ली एयरपोर्ट रोजाना करीब 1450 उड़ानें संभालता है और रद्दीकरण की दर 7.8 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, जो सामान्य 3-4 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने पहले कहा था, हम कोशिश कर रहे हैं कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा चार रनवे 27/9, 28/10, 29 आर/11एल और 29रु11क्रऔर तीन टर्मिनलों के साथ हर साल 10.9 करोड़ यात्रियों को संभालता है। टर्मिनल 1 अकेले 4 करोड़ यात्रियों को हैंडल करता है, जबकि टर्मिनल 2 की क्षमता 1.5 करोड़ है। अब अपग्रेडेड रनवे और टर्मिनल के साथ दिल्ली हवाई अड्डा यात्रियों को और बेहतर अनुभव देने को तैयार है।

### दो घंटे तक बिना एसी के फंसे रहे लोग

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली से सिंगापुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान 2380 बुधवार रात उस समय चर्चा का विषय बन गई, जब बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर में तकनीकी खराबी के चलते 200 से ज्यादा यात्रियों को करीब दो घंटे तक विमान में बैठे रहने के बाद उतार दिया गया। रात 11 बजे उड़ान भरने वाली इस फ्लाइट में न तो एयर कंडीशनिंग सिस्टम काम कर रहा था और न ही बिजली की सप्लाई ठीक थी। विमान में बैठे यात्रियों को गर्मी से हाल बेहाल हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में यात्री अखबार और मैगजीन को पंखे की तरह इस्तेमाल करते नजर आए। एक यात्री, जो पीटीआई के पत्रकार भी थे, ने बताया कि दो घंटे तक विमान में बिना किसी ठोस जानकारी के इंतजार करवाया गया। आखिरकार, सभी यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भेज दिया गया। हैरानी की बात ये रही कि क्रू मेंबर्स ने यात्रियों को इस अचानक लिए गए फैसले की कोई वजह नहीं बताई। एयर इंडिया की ओर से भी इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यात्रियों में नाराजगी साफ देखी गई, क्योंकि इतनी बड़ी असुविधा के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। यह घटना एक बार फिर विमानन सेवाओं में तकनीकी खामियों और यात्रियों की सुविधा को लेकर सवाल खड़े करती है। सोशल मीडिया पर यात्रियों ने अपनी भड़ास निकाली और एयर इंडिया से जवाब मांगा। अब देखना ये है कि एयर इंडिया इस मामले पर क्या रुख अपनाती है और यात्रियों को इस असुविधा का कोई मुआवजा मिलेगा या नहीं।

# दिल्ली से गुरुग्राम जाना होगा मिनटों का काम!

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका के सेक्टर-25 स्थित यशोभूमि मेट्रो स्टेशन को इफ्को चौक मेट्रो स्टेशन से जोड़ने की योजना बनी है। इसे दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बनाया है। डीएमआरसी ने इस प्रस्ताव को हरियाणा सरकार से साझा किया है। उनसे इस मेट्रो लाइन की डीपीआर तैयार करने के लिए मंजूरी मांगी है। इस सिलसिले में हरियाणा सरकार की तरफ से फिलहाल विचार विमर्श किया जा रहा है। डीएमआरसी के इस प्रस्ताव के मुताबिक इस मेट्रो लाइन की लंबाई करीब 11 किलोमीटर होगी। यह यशोभूमि से शुरू होगी, जो भरथल, बिजवासन, कार्टरपुरी, सेक्टर-23 स्थित ताऊ देवीलाल पार्क के सामने से दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित इफ्को चौक की तरफ जाएगी। डीपीआर तैयार होने पर पता चलेगा कि इस मेट्रो लाइन पर कितने मेट्रो स्टेशन का निर्माण होगा और कितनी लागत आएगी। फिलहाल यह निर्धारित है कि गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) की प्रस्तावित ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के सेक्टर-23 स्टेशन पर एक इंटरचेंज स्टेशन बनेगा। इससे दिल्ली की तरफ से आ रहे यात्री उद्योग विहार, डीएलएफ साइबर सिटी, हीरो होंडा चौक, सुभाष चौक, सेक्टर-44 में विकसित औद्योगिक और आईटी इकाईयों तक आसानी से पहुंच पाएंगे। इस नई मेट्रो लाइन की योजना सिरे चढ़ती है तो गुरुग्रामवासियों को डीएमआरसी की दिल्ली एयरपोर्ट लाइन पर जाना आसान हो जाएगी। दिल्ली की ब्लू लाइन से द्वारका के सेक्टर-21 तक आवागमन आसान हो जाएगा। डीएमआरसी के इस प्रस्ताव को हरियाणा सरकार की मंजूरी अभी नहीं मिली है। गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की तरफ से 17 सितंबर को ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के निर्माण की समीक्षा की जाएगी। निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने के संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। दूसरी उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर साइबर सिटी मेट्रो स्टेशन के विवाद को दूर किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने नमो भारत ट्रेन के स्टेशन को डीएलएफ साइबर सिटी के सामने प्रस्तावित किया है। ऐसे में एचएसआईआईडीसी ने तर्क दिया है कि यदि यह स्टेशन यहां बनता है तो शंकर चौक पर यातायात जाम की स्थिति बन जाएगी। हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक मेट्रो निर्माण में आ रही अड़चन, मेट्रो डिपो के निर्माण में आ रही अड़चन, सेक्टर-10 स्थित ऑटो मार्केट में कास्टिंग यार्ड के निर्माण में मलबे की दिक्कत, जमीन अधिग्रहण से जुड़े विवाद को सुनकर मुख्य सचिव इसका निपटान करेंगे। हरियाणा सरकार ने पालम विहार रोड स्थित रेजांगला चौक को द्वारका के सेक्टर-21 से जोड़ने की डीपीआर तैयार करवाई है। मेट्रो लाइन के निर्माण में 1891.56 करोड़ रुपये का खर्चा आना है। सात एलिवेटेड स्टेशन के निर्माण की योजना है। डीपीआर को हरियाणा सरकार ने मंजूर करके केंद्रीय शहरी आवास मंत्रालय में भेजा था, लेकिन अब तक इसको मंजूरी नहीं मिल सकी है। नवंबर, 2022 में यह डीपीआर केंद्र सरकार को भेजी गई थी। द्वारका के सेक्टर-21 स्थित डीएमआरसी मेट्रो स्टेशन के पीछे रेल लेंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी (आरएलडीए) की जमीन में इस परियोजना के तहत मेट्रो स्टेशन तैयार था, लेकिन आरएलडीए ने इस जमीन को किसी कंपनी को आवंटित किया है।

# जिम ट्रेनर मरीज से बनाए शारीरिक संबंध

### एनेस्थेटिक दवा देकर महिला डॉक्टर करती थी गंदी हरकतें, मेडिकल लाइसेंस रद्द

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा में भारतीय मूल की फैमिली फिजिशियन डॉक्टर सुमन खुलबे का मेडिकल करियर उस वक्त संकट में आ गया जब उन पर अपने मरीजों के साथ निजी, व्यावसायिक और यौन संबंध रखने के गंभीर आरोप साबित हो गए। अपने मेडिकल नियमों की मर्यादा तोड़ने वाले इन आरोपों के चलते उन्हें अब मेडिकल प्रैक्टिस से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

यह फैसला कॉलेज ऑफ फिजिशियन्स एंड सर्जन्स ऑफ ओंटारियो की जांच और सुनवाई के बाद लिया गया, जिसमें खुलासा हुआ कि डॉक्टर खुलबे ने एक पुरुष मरीज के साथ यौन संबंध बनाए और दो अन्य मरीजों से भी अनुचित स्तर के निजी और कारोबारी रिश्ते बनाए। इस पूरे मामले ने मेडिकल समुदाय और समाज को हैरान कर दिया है।जांच में सामने आया कि खुलबे ने न सिर्फ मरीजों के



साथ निजी मेलजोल बढ़ाया, बल्कि उन्हें दोस्त, जिम पार्टनर, बिजनेस एसोसिएट और सामाजिक आयोजनों का हिस्सा भी बना लिया। एक मरीज के साथ तो उन्होंने कथित तौर पर यौन संबंध बनाए, जिसमें ओरल सेक्स और अन्य यौन क्रियाएं शामिल थीं।

एक जिम ट्रेनर ने आरोप लगाया कि खुलबे ने उसे इलाज के दौरान प्रोकेन (एक एनेस्थेटिक दवा) दिया और उसके नशे में रहने की अवस्था में यौन संबंध बनाए गए। इस ट्रेनर ने यह भी बताया कि शुरू में उसे विटामिन थेरेपी दी जाती थी। ट्रेनर का कहना था कि खुलबे ने थेरेपी के दौरान उसके गुप्तांगों को छुआ और उसे मानसिक रूप से प्रभावित किया। उसने यह भी दावा किया कि इस दौरान वह खुलबे के प्रभाव में था और उसे पूरी तरह नहीं पता था कि उसके साथ क्या हो रहा है।

कोर्ट दस्तावेजों के अनुसार, ट्रेनर का आरोप है कि खुलबे ने उसके प्राइवेट पार्ट पर हाथ रखकर सांस लेने के व्यायाम कराए। इतना ही नहीं यौन कृत्यों में ओरल सेक्स, मैनुअल स्टिमुलेशन शामिल थे, और ये घटनाएं तब हुई जब उसे प्रोकेन (एक एनेस्थेटिक दवा) दी जाती थी।

खुलबे पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने क्लिनिक में सामाजिक आयोजन किए जिनमें शराब परोसी गई और प्रोकेन जैसी दवाओं का बिना सही प्रक्रिया के इस्तेमाल किया गया। इन आयोजनों में भी मरीज शामिल होते थे। कॉलेज की समिति ने अपने फैसले में कहा कि डॉक्टर और मरीज के रिश्ते को लेकर संस्था की नीति बहुत स्पष्ट है- चाहे संबंध सहमति से ही क्यों न हो, यह अनैतिक माना जाएगा। डॉक्टर खुलबे ने इन मूलभूत चिकित्सा नियमों की खुलेआम अनदेखी की। डॉ. सुमन खुलबे ने इन सभी आरोपों को एकतरफा करार देते हुए कहा कि उन्हें न्याय नहीं मिला।

## इस्लाम धर्म के प्रचारक जाकिर नाइक को एड्स जैसी गंभीर बीमारी!

**क्वालालंपुर, एजेंसी।** इन दिनों सोशल मीडिया पर एक चौंकाने वाली खबर तेजी से फैल रही है - दावा किया जा रहा है कि इस्लाम धर्म के प्रचारक और विवादों में घिरे जाकिर नाइक एड्स जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। कुछ पोस्ट्स में तो यहां तक लिखा गया कि वह मलेशिया में इलाज करवा रहे हैं और खुद अपनी बीमारी की पुष्टि कर चुके हैं। लेकिन इन तमाम चर्चाओं पर अब खुद जाकिर नाइक ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इन दावों को पूरी तरह बेबुनियाद और झूठा करार दिया है।



जाकिर नाइक ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि उनके स्वास्थ्य को लेकर जो खबरें फैलाई जा रही हैं, वो पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने इसे नफरत फैलाने वाले कुछ लोगों की साजिश बताया, जो उनकी छवि खराब करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और न तो उन्हें कोई गंभीर बीमारी है, न ही वे किसी अस्पताल में भर्ती हैं। नाइक के वकील ने भी इन अफवाहों पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह सबकुछ उनकी लोकप्रियता और धार्मिक प्रभाव को कमज़ोर करने की कोशिश है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी झूठी खबरें फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उनका दावा है कि जाकिर नाइक से उनकी हाल ही में मुलाकात हुई थी, और उस समय नाइक एकदम फिट थे।

# पृथ्वी अकेली नहीं, मंगल ग्रह पर भी था जीवन? नासा के रोवर की खोज से हिले वैज्ञानिक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** लाल ग्रह मंगल पर जीवन की खोज लंबे समय से वैज्ञानिकों का सपना रही है। अब, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पर्सिवरेंस रोवर ने एक ऐसी खोज की है जो इस सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है। रोवर द्वारा एकत्रित एक चट्टान के नमूने में प्राचीन सूक्ष्मजीवों के संभावित जीवाश्म या जैविक संकेत मिले हैं, जो मंगल पर अरबों वर्ष पुराने जीवन की ओर इशारा करते हैं। अगर ये खोज सही साबित हो जाती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि पृथ्वी अकेली नहीं है जहां जीवन है। हालांकि, वैज्ञानिक स्पष्ट करते हैं कि यह अभी पुष्टि नहीं हुई है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'पर्सिवरेंस' द्वारा वहां एकत्र किए गए नमूनों का पृथ्वी की प्रयोगशालाओं में गहन विश्लेषण जरूरी है।

नासा के वैज्ञानिकों ने बुधवार को इस खोज की घोषणा की, जो पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक शोध पत्र पर आधारित है। यह खोज मंगल के जीवन की तलाश में अब तक की सबसे मजबूत संभावना मानी जा रही है। नासा की साइंस मिशन डायरेक्टोरेट की एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर निक्की फॉक्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह हमारे अविश्वसनीय पर्सिवरेंस रोवर की खोज है, जो मंगल पर प्राचीन जीवन की खोज के सबसे करीब पहुंच गई है।

वर्ष 2021 से मंगल ग्रह पर घूम रहा यह रोवर सीधे तौर पर जीवन का पता नहीं लगा सकता। इसके बजाय, यह चट्टानों और नलियों में छेद करने के लिए एक ड्रिल लेकर चलता है ताकि अरबों साल पहले जीवन के लिए सबसे उपयुक्त माने गए स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों को रखा जा सके। नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाने की प्रतीक्षा है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो नासा द्वारा सस्ते, त्वरित विकल्पों की तलाश के कारण रोक दी गई है। दो वैज्ञानिकों एसईटीआई संस्थान के जेनिस बिशप और मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट



विश्वविद्यालय के मारियो पेरेंटे ने इसे एक रोमांचक खोज बताते हुए कहा कि इसके लिए गैर-जैविक प्रक्रियाएं जिम्मेदार हो सकती हैं। स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता जोएल ह्यूरोविट्ज़ ने कहा, यही कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि यह जीवन का सकारात्मक प्रमाण है। यह खोज तब हुई, जब पर्सिवरेंस रोवर मंगल के जेरो क्रेटर में एक प्राचीन सूखी नदी घाटी का पता लगा रहा था। क्रेटर मंगल ग्रह के उत्तरी गोलार्ध में स्थित है, यह कभी एक विशाल झील था जहां नदियां बहती थीं। रोवर ने यहां एक लाल रंग की चट्टान को पाया, जिसका नाम चेयावा फॉल्स रखा गया। इस चट्टान पर अनियमित तेंदुए के धब्बे और छोटे-छोटे पॉपी सीड्स जैसे निशान दिखाई दिए, जो मिलीमीटर आकार के हैं। परिणाम चौंकाने वाले थे: चट्टान में कार्बनिक कार्बन (जीवन का मूलभूत ब्लॉक), आयरन फॉस्फेट और आयरन सल्फाइड से भरपूर खनिज पाए गए। पृथ्वी पर, ये रासायनिक यौगिक तब बनते हैं जब सूक्ष्मजीव जैविक पदार्थों को तोड़ते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये धब्बे प्राचीन माइक्रोबियल गतिविधियों के उप-उत्पाद हो सकते हैं, जो अरबों वर्ष पहले मंगल के गर्म और नम वातावरण में फले-फूले होंगे। जब हम पृथ्वी पर ऐसी विशेषताओं को देखते हैं, तो ये अक्सर सूक्ष्मजीवों के चयापचय का परिणाम होते हैं जो जैविक पदार्थों का सेवन करते हैं। यह चट्टान मंगल पर जीवन की संभावना के लिए सबसे आकर्षक उम्मीदवार है।

### मंगल की सतह पर जीवन की तलाश

पर्सिवरेंस रोवर फरवरी 2021 में जेरो क्रेटर में उतरा था। इसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन जीवन के संकेत ढूंढना और नमूने इकट्ठा करना है। रोवर ने अब तक 30 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं, जो टाइटेनियम ट्यूबों में बंद हैं। ये नमूने पृथ्वी पर लौटाए जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन नासा का सैंपल रिटर्न मिशन अभी अनिश्चित है। वाइट हाउस के बजट कटौती प्रस्ताव के कारण, एजेंसी सस्ते और तेज विकल्प तलाश रही है। रोवर ने जेरो क्रेटर की खोज में ब्राइट एंजेल नामक संरचना का अध्ययन किया, जो नेरेटवा वैली की एक प्राचीन नदी घाटी है। यहां पानी की मौजूदगी के प्रमाण मिले, जो जीवन के लिए आदर्श वातावरण दर्शाते हैं। रोवर के उपकरणों ने मौसम की जानकारी भी एकत्र की है।

# हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर भाजपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड प्रदेश के आह्वान पर आज बोकारो जिले के सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में बोकारो विधानसभा भाजपा द्वारा चास प्रखंड कार्यालय में पूर्व विधायक बिरंची नारायण के नेतृत्व में पैदल मार्च कर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा ने राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी कि सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने एवं नगड़ी के रैयतों को रिम्स 2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने केलिए राज्य सरकार को निर्देशित करें। मुख्य वक्ता के रूप में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने कहा कि संवेदनहीन भ्रष्ट एवं निकम्मी हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिनोदिन बद से बदतर होती जा रही। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधी, माफिया ,दलाल , बिचौलियों ने पूरे सरकारी तंत्र पर कब्जा जमा लिया है। इनका विरोध करने पर नृशंस हत्या , बिना कारण मुकदमे,धमकी ,फिरौती जैसी सजा सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं को भुगतने केलिए विवश होना पड़ रहा है। सरकारी रजिस्टर में दर्ज आंकड़े बता रहे की राज्य में प्रतिमाह 5000 से अधिक हत्या ,लूट,बलात्कार,डकैती जैसे गैर जमानती आपराधिक मामले घटित हो रहे।




विगत दिनों संथाल परगना के प्रसिद्ध सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता की राज्य की पुलिस द्वारा एनकाउंटर दिखाकर नृशंस हत्या कर दी गई। राज्य पुलिस जिन्हें अपराधी बता रही वे लोकतांत्रिक तरीके से राज्य में विभिन्न दलों के टिकट पर चुनाव लड़ चुके थे। सामाजिक कार्यकर्ता के नाते 250 से अधिक गरीब आदिवासी बच्चों को पढ़ाते थे।उनके भोजन,आवास की चिंता करते थे। साथ ही क्षेत्र में व्याप्त अवैध उत्खनन, पत्थरों की तस्करी का विरोध करते थे जो माफिया तत्वों को पसंद नहीं था। स्व सूर्या हांसदा पर कोई वारंट नहीं था। 14 मुकदमों में वे बरी हो चुके थे, 5 पर जमानत मिल गई थी । बावजूद इसके राज्य की पुलिस इन्हें अपराधी बताकर घर से उठाती है, टॉर्चर करती है और फिर गोली मार देती है जो पूरी तरह से स्पष्ट है। और यही कारण है कि पुलिस ने मीडिया को भी फर्जी इनकाउंटर की जानकारी नहीं दी। इससे साफ है कि यह एनकाउंटर नहीं हत्या है। क्षेत्र की जनता, उनके परिजन स्व सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराना चाहते है लेकिन हेमंत सरकार राज्य की एजेंसी के माध्यम से लीपापोती में जुटी है। एक तरफ राज्य में आदिवासियों की हत्याएं हो रही वही दूसरी ओर आदिवासी रैयतों की नगड़ी में खेतिहर जमीन को रिम्स 2 के नाम पर राज्य सरकार किसानों को उजाड़ने पर अड़ी हुई है। नगड़ी की उपर्युक्त जमीन को अधिग्रहित करने का प्रयास 1955 में तत्कालीन बिहार सरकार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय केलिए करने का प्रयास किया था जिसे प्रबल विरोध के कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री ने नगड़ी आकर जमीन नहीं लेने की घोषणा की थी।तब से रैयतों के नाम मालगुजारी रसीद काटी जाती रही। वर्ष 2012 में फिर एकबार झारखंड सरकार ने जमीन का अधिग्रहण किया और फिर से प्रबल विरोध के बाद सरकार ने प्रक्रिया रोक दी।परन्तु तब से मालगुजारी रसीद नहीं काटी जा रही। ऐसे में किसान अपनी जमीन को लेकर सशंकित हैं। अबुआ राज की डुगडुगी पीटने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी लूटे भी जा रहे और पीटे भी। रोज हत्याएं हो रही।बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं।

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी जमीन की लूट और सूर्या हांसदा की हत्या को लेकर सड़क से सदन तक लगातार आंदोलन किया है , लेकिन राज्य सरकार कान में तेल डालकर सोई हुई है। आप राज्य के संवैधानिक प्रमुख के साथ साढ़े तीन करोड़ जनता के अभिभावक हैं। इसलिए प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में प्रखंड स्तर पर प्रदर्शन करते हुए आपसे गुहार लगा रहे। आज प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से भाजपा के कार्यकर्ता आपसे अनुरोध करते हैं कि जनहित में ,राज्य हित में दोनों मुद्दों को आप गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लें तथा स्व सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने तथा नगड़ी में रैयतों को उनके जमीन को वापस दिलाने हेतु राज्य सरकार को निर्देशित करने की कृपा करने का आग्रह किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से मुकुल ओझा,कमलेश राय, डॉ परिंदा सिंह धिरज झा मुकेश राय एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रघुनाथ टुडू आरती राणा मनराज सिंह जयप्रकाश तापड़िया चक्रधर शर्मा मथुर मंडल ऋषभ राय त्रिपुरारी तिवारी शैलेन्द्र महतो अवधेश यादव हरिष सिंह अविनाश सिंह विनय किशोर पन्ना लाल कान्दू अमर स्वर्णकार हरिपद गोप विक्की राय बाटूल प्रमाणिक धर्मेन्द्र महथा विपिन प्रमाणिक, झारखंड महथा उपेन पाण्डेय सुजित चक्रवर्ती मोहन गोराई कृष्ण गोराई संदीप महथा ऋतु रानी सिंह प्रिती गुप्ता बबिता देवी कुमकुम राय सिता दास मंजु देवी सुनिता देवी रंजु देवी मीणा देवी अनिता कुमारी प्रिया कुमारी राहुल कुमार किशोर बाउरी अनुप पाण्डेय रोहित महथा सरोज सिंह बिक्की रजवार विकास महथा संजय बाउरी सुमित चौधरी मनोज साव विश्वनाथ दत्त झंटू दे चंद्र शेखर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बीएसएल विस्तारीकरण और पत्रकारों को बीमा योजना का लाभ दिलाने हेतु राज्यपाल से मिले कुमार अमित

**पत्रकार सम्मान नियमावली को सरल बनाने को लेकर सौंपा ज्ञापन**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के स्थगित विस्तारीकरण योजना को शीघ्र धरातल पर उतारने हेतु झारखण्ड सरकार से गम्भीर पहल करने और राज्य के पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा के तहत स्वास्थ्य बीमा एवं पेंशन योजना का लाभ देने को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कुमार अमित राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा। कुमार अमित ने राज्यपाल को स्थगित बीएसएल विस्तारीकरण परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए इसे राज्य के विकास और युवाओं को रोजगार हेतु काफी अहम बताते हुए इसको धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार की ओर से गम्भीर पहल करने की माँग की। इसके लिए उन्होंने राज्यपाल से राज्य में औद्योगिकरण के उपरांत बड़ी संख्या में विस्थापित हुए लोगों की समस्याओं के पूर्णतः निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा सुदृढ़ विस्थापन पुनर्वास नीति और आयोग बनाते हुए बोकारो सहित राज्य के सभी ज़िलों के कानून व्यवस्था को दुरुस्त कर झारखण्ड में उपयुक्त औद्योगिक वातावरण बनाने की माँग की। राज्य के पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा और पेंशन का लाभ देने के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा बनायी गई जटिल नियमावली के कारण वर्तमान में किसी भी पत्रकार को इसका लाभ नहीं मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस विषय से भी कुमार अमित ने राज्यपाल को पत्र देकर अवगत कराया। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा बनायी गई झारखण्ड पत्रकार सम्मान नियमावली को सरल कर सामाजिक सुरक्षा के तहत राज्य के सभी पत्रकारों को पड़ोसी राज्यों की तरह स्वास्थ्य बीमा और पेंशन उपलब्ध कराने की माँग की। भाजपा नेता ने इससे राज्य में लोकतंत्र के चतुर्थ स्तम्भ के और सशक्त होने की बात कही। राज्यपाल श्री संतोष गंगवार ने कुमार अमित को इन विषयों पर गम्भीरता से गम्भीर पहल करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कमल राज, सुजीत झा, तुषार, देशबंधु मिश्रा और अमृत राज भी मौजूद थे।

## राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

**गोबिंदपुर (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आदिवासी नेता सूर्या हांसदा का कथित फर्जी इनकाउंटर और रिम्स-2 परियोजना के नाम पर रांची के नगड़ी क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा पूरे राज्य के 264 प्रखंडों में एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मंडल प्रभारी धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ गोबिंदपुर प्रखंड में तीनों मंडल ने मिलकर आक्रोश प्रदर्शन किया गया। आक्रोश प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए मंडल प्रभारी धर्मजीत सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासियों के नाम पर सत्ता में आई, लेकिन आज सबसे ज्यादा अन्याय और अत्याचार आदिवासियों पर ही हो रहा है। उन्होंने सूर्या हांसदा की हत्या को राज्य प्रायोजित साजिश बताया और कहा सूर्या हांसदा उन 500 बच्चों को मुफ्त शिक्षा, किताबें और ड्रेस दे रहे थे, जिन्हें सरकार कुछ नहीं दे पा रही थी। उनकी हत्या यह साबित करती है कि राज्य में सच्चाई और सेवा करने वालों की जगह नहीं है।अगर सूर्या हांसदा अपराधी था तो उसे दोषी और निर्दोष साबित करने का काम न्यायालय का था ये एक साजिस के तहत हुई बीते कुछ दिनों पूर्व ही हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को लेकर बयान दिया था और एक महीने के अंदर उसकी हत्या हो जाती है धर्मजीत ने यह भी कहा कि रिम्स-2 परियोजना के नाम पर नगड़ी क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ आदिवासी जमीन पर जबरन बुलडोजर चलाया जा रहा है, और जो लोग विरोध करते हैं, उन्हें झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने राज्य में लगातार हो रही आदिवासी महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्याओं की घटनाओं को लेकर भी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। इस मौके पर गोबिंदपुर मंडल प्रभारी दिनेश मंडल, बरवाअड्डा मंडल प्रभारी सुचित चौधरी, गोबिंदपुर पूर्वी मंडल प्रभारी कालेश्वर साव,मोहन कुंभकार, राजेश चौधरी,ओम प्रकाश बजाज,निरंजन गिरि, प्रदीप विश्वकर्मा, शंकर महतो, बलराम साव, बबलू मंडल, काजल पांडेय, सुनील गोप, राज किशोर महतो, भीम कुंभकार सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बिजली संकट से उपभोक्ता त्राहिमाम

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** जिले के सात प्रखंडों में बिजली की स्थिति काफी खराब है. बिजली विभाग के इस रवैये से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं. लोगों का गुस्सा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साफ दिख रहा है. लोग विभाग के अलावा जनप्रतिनिधियों को भी कोस रहे हैं. जिले के दारू, टाटीझरिया व सदर प्रखंड में करीब 18 घंटे से बिजली नहीं है. बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में सात घंटे से लोगों ने बिजली की झलक नहीं देखी है. शहर में भी बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है. संत कोलंबस फीडर में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रही. जानकारी के अनुसार इस फीडर में एक सप्ताह तक यह समस्या बनी रहेगी. इस फीडर में शहर के कई रिहाइशी इलाके आते हैं.

## उपायुक्त ने किया जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बिरसा मुण्डा स्टेडियम (मेगा स्पोर्टस कम्पलेक्स) में खेलो झारखण्ड 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य को लेकर कई तरह की गतिविधियाँ चलाई जा रही है। उन्हीं में से खेल भी है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होता है। इसके लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग राज्य में संचालित सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विभाग ने खेल को बढ़ावा देने के लिए खेलो झारखण्ड जैसा एक मंच प्रदान किया है। जिसके तहत पिछले तीन सत्र में राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के खिलाड़ी विद्यालय से निकलकर प्रखंड स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर के साथ-साथ विभिन्न चयन प्रक्रियाओं से गुजरते हुए राज्य टीम में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितंबर तक किया जाएगा। आज अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग के लिए शतरंज, रस्सा कश्शी, कब्बडी, खो-खो, तीरंदाजी, वॉलीबॉल, कुश्ती, वुशु एवं ताईक्वांडो का आयोजन किया गया। 12 सितंबर को अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग के लिए शतरंज, रस्सा कश्शी, कब्बडी, खो-खो, तीरंदाजी, वॉलीबॉल, कुश्ती, वुशु एवं ताईक्वांडो का आयोजन किया जाएगा। 13 सितंबर को अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक व बालिका वर्ग के लिए एथलेटिक्स का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबूलाल मरांडी ने भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ को मजदूरों की लड़ाई लड़ने का आदेश दिया : प्रेम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल महामंत्री प्रेम कुमार के नेतृत्व मे प्रतिपक्ष के नेता सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आवास पर मुलाकात की। उन्हें बधाई दी और अध्यक्ष पद पर मनोनय पत्र की स्वीकृति लिया। श्री मरांडी ने प्रतिनिधिमंडल से बोकारो स्टील प्लांट के मजदूरों की स्थिति की जानकारी ली। बोकारो मे मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव नहीं किये जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने बोनस, 39 महीने का बकाया एरियर, तथा ठेका मजदूरों का मिनिमम वेज, सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समस्याओं को लेकर लड़ाई लड़ने का आदेश दिया। जरुरत पड़ी तो, मामला को मंत्रालय ले जायेंगे। साथ मे संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एन के सिंह, संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो, संजय शर्मा उपस्थित रहे।



### कुडमी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की आजसू ने की वकालत

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी रांची स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से मुख्य रूप से बोकारो जिला में डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग एवं कुडमी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने के विषय पर विस्तृत रूप से बात रखी। पूर्व विधायक, पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि बोकारो जिला में नियम को ताक पर रखकर डीएम फटी फंड का बे रोक टोक तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है. हमारी पार्टी की ओर से मांग है कि इसकी जांच सीबीआई से राज्य सरकार कराय वही कुडमी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की वकालत गोमियो के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने किया। इस मुद्दे पर पूर्व विधायक ने कहा कि 1950 के पूर्व कुडमी जाति को एसटी कोटे का दर्जा प्राप्त था लेकिन ऐसा क्या हुआ कि कुडमी जाति को एस टी केटेगरी से निकलकर ओबीसी में डाल दिया गया और 2004 में झारखंड विधानसभा में यह बिल पास हुआ की कुडमी जाति को फिर से एसटी जाति का दर्जा दिया जाए हम लोगों की भाषा संस्कृति और रहन-सहन एक जैसा है फिर भी कुडमी जाति को एसटी का दर्जा देने में परेशानी कहां है।

### नकद व जेवर सहित लाखों की चोरी, इलाके में दहशत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी में गुरुवार की सुबह चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, कॉलोनी स्थित प्लॉट नंबर 589 में किराए पर रह रहे परिवार के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। सुबह लगभग 9 बजे जब किराएदार के माता-पिता और बड़ा भाई गांव से पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। संदेह होने पर जब अंदर प्रवेश किया गया तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। इसकी पुष्टि होते ही चोरी की घटना का खुलासा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और 112 नंबर पर कॉल किया। सूचना पर थाना प्रभारी सहित पुलिस दल मौके पर पहुंचा। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न साक्ष्य एकत्र किए। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोर घर से लगभग 1.25 लाख रुपये नकद और करीब 2.70 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 3.95 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है। इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी और चोरी का खुलासा करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच तेज कर दी गई है और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।



## सड़क दुर्घटना में घायलों के प्राथमिक ईलाज का सिखाया गुर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंद्रा मोड़ स्थित चंद्रा इण्टर कॉलेज में सिविल डिफेंस की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं यातायात नियमों तथा प्राथमिक चिकित्सा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा के आदेशानुसार किया गया, जिसका उद्घाटन सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एस पी एवं कॉलेज के प्राचार्य बादल चन्द्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सियालजोरी थाना प्रभारी सुकरू उरांव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा एफआईआर एवं बाल अपराध न हो इस बारे मे जानकारी दी, तथा सिविल डिफेंस के जय प्रकाश सिंह ने यातायात नियमों को विस्तार से बताया और हेलमेट पहनने के सही तरीकों की जानकारी दी। वहीं यातायात पुलिस पदाधिकारी नागेंद्र दुबे ने हेलमेट नहीं लगाने वाले को एवं चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट नही लगाने वाले के लिए निर्धारित दंड से अवगत कराया।




**सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को ईलाज करने के गुर (युक्ति) सिखाया गया**

राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी सह डिविजनल वार्डन डॉक्टर एस पी वर्मा ने सिविल डिफेंस सिस्टम के कार्य प्रणाली को समझाते हुए सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को ईलाज करने के गुर सिखाए, जिसमें मुख्य रूप से आपातकालीन रोगी ढोने का शय्या ( स्ट्रेचर) बनाने के विभिन्न तरीकों को प्रायोगिक रूप से समझाया एवं इस्तेमाल करने की कला को दिखाया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी मदन मोहन झा ने विद्यालय परिवार के सदस्यों को इस संस्था जे जुड़कर मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सिविल डिफेंस के डिप्टी डिविजनल वार्डन डॉक्टर निशांत, चास के गगन बाउरी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## कारो नदी में तैरते शव को आज तपकरा की सप्तधारा नदी से किया गया बरामद

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तोरपा थाना क्षेत्र के कारो नदी में तैरते शव की तलाश में तोरपा पुलिस, प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम गुरुवार सुबह से लेकर दोपहर तक परेशान रही, लेकिन शव ढूंढ नही पायी। ऑपरेशन रोक दिया गया। लेकिन बाद में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस टीम ने नदी के पांच किमी के दायरे में इस अभियान को जारी रखा। आखिर में तपकरा थाना क्षेत्र के सप्तधारा जलप्रपात के समीप से अज्ञात शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि कुल्डा स्थित कारो नदी में एक अधेड़ व्यक्ति का शव तैरता हुआ कुछ ग्रामीणों ने देखा था और उसकी फोटो खूंटी पुलिस को भेजा गया था, देर शाम होने के कारण पुलिस घटनास्थल से शव को बुधवार की रात बरामद नही कर पाई क्योंकि नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया था। तोरपा थान क्षेत्र के कुल्डा स्थित कारो नदी में बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव निकलाने का प्रयास शुरू हुआ लेकिन नदी में पानी का जलस्तर अधिक होने और देर शाम के कारण नदी से शव बाहर नही निकाला जा सका।

## माहवारी प्राकृतिक प्रक्रिया है, खुली बातचीत ही स्वस्थ और मजबूत समाज बनाने का रास्ता : उपायुक्त





**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला के टाउन हॉल में पीरियड्स पर जागरूकता बढ़ाने तथा मिथकों को तोड़ने के उद्देश्य से पीरियड फेस्ट का गेल गैस लिमिटेड और सच्ची सहेली के द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने कहा की हमें माहवारी पर चुप्पी तोड़नी होगी। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसलिए खुली बातचीत ही एक स्वस्थ और मजबूत समाज बनाने का रास्ता है। जहां पहले माहवारी जैसे विषय पर बात करने से लोग कतराते थे, वहीं अब धनबाद शहर की सड़कों पर ढोल-नगाड़ों के साथ खुले आम ह्यमाहवारी शर्म की नहीं गर्व की बात हैह्ल जैसे नारे गूंजे। धनबाद की 16 सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट नव चेतना के तहत पहले से ही माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो कि गेल गैस लिमिटेड और सच्ची सहेली की एक सी.एस.आर पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है - पीरियड्स पर जागरूकता बढ़ाना, मिथकों को तोड़ना और न सिर्फ लड़कियों को बल्कि लड़कों को भी इतने सवेंदनशील मुद्दे पर जागरूक करना। माहवारी या मासिक धर्म जिसपर कभी खुल कर बात नहीं होती, यहाँ तक कि सैनिटरी पैड्स को भी छुपा कर रखा जाता है इस विषय पर बच्चों ने पैड की ही शेप के कार्ड बनाकर ढोल की थाप पर नाचते, गाते धनबाद की गलियों को जागरूक किया।

## पुलिस सभा में एसएसपी ने सुनी पुलिसकर्मियों की समस्या



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस केंद्र में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। सभा के दौरान पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और कठिनाइयों को एसएसपी महोदय के सामने रखा। इनमें ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियाँ, अवकाश संबंधी मुद्दे, आवास, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी परेशानियाँ शामिल रहीं। एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी पुलिसकर्मियों की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि पुलिस बल की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर ही कई शिकायतों और मांगों के निवारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष मुद्दों पर भी शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि जो पुलिस पदाधिकारियों एवं जवान अगले छह महीने में सेवानिवृत होने वाले हैं उन सभी को उनके मौजूदा पदस्थापन से पुलिस केंद्र में योगदान देने का निर्देश भी दिया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे जनता की सेवा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बल को अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करने की अपील की। महोदय ने भरोसा दिलाया कि जवानों व पदाधिकारियों के सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सभा के अंत में पुलिसकर्मियों ने एसएसपी महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया और भरोसा जताया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रा0 अ0 नि0 से सूबेदार के पद पर पदोन्नति पाने वाले साधु चरण बारी को बैज लगाकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार के साथ डीएसपी मुख्यालय 2 श्री धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी मुख्यालय 1 श्री शंकर कामती, परिचारी प्रवर श्री अवधेश कुमार समेत पुलिस एसोसिएशन, पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में जवान व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहीदों व महापुरूषों के साथ भेदभाव बर्दाशत नहीं : मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मंत्री मिथिलेश ने किया शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा का अनावरण प्रतिनिधि, गढ़वा शहादत दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर के मझिआंव मोड़ पर परमवीर चक्र विजेता वीर शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा का अनावरण किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश ठाकुर ने किया. उन्होंने कहा कि अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर यूनिट में सिपाही थे और 1965 के भारत-पाक युद्ध में खेमकरण सेक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए. मात्र गन माउंटेड जीप से उन्होंने पाकिस्तान के अजेय माने जाने वाले पैटन टैंकों को नष्ट कर दुश्मन के दांत खट्टे कर दिये. उनके साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से नवाजा गया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK